✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 188 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 5 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने आज रूस के स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की

### बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा

# बिहार में कहीं नहीं है डर का माहौल पूरे सूबे का हो रहा विकास : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में आज चौथे दिन राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई। विधानसभा और विधान परिषद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सत्ता पक्ष की तरफ से अपनी बातों को रखा। इस दौरान सीएम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी जमकर तारीफ की। मुख्यमंत्री ने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को धन्यवाद दिया। एनडीए को भारी बहुमत से जीताने के लिए बिहार के लोगों को भी शुक्रिया अदा किया। कहा कि बिहार में विकास हो रहा है। कहीं डर का माहौल नहीं है। सीएम ने कहा कि पहले कितना हिंदू मुस्लिम होता था लेकिन अब किसी तरह का झंझट नहीं होता है। पहले कब्रिस्तान की घेराबंदी की गई। फिर 60 साल से अधिक पुराने मंदिरों की घेराबंदी की गई। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि 10 लाख नौकरी एवं 10 लाख रोजगार का वादा किया गया था लेकिन 10 लाख नौकरी और 40 लाख रोजगार दिया जा चुका है यानी 50 लाख नौकरी रोजगार दिया जा चुका है। अब अगले 5 साल में एक करोड़ नौकरी रोजगार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत में महिलाओं के आरक्षण 2006 में हम लोगों ने दिया तब से चार चुनाव हो चुके हैं। अब सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा



है। एक करोड़ 40 लाख जीविका दीदी हैं और इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार के लिए महिलाओं को दस हजार की राशि दी जा रही है। अब तक एक करोड़ 56 लाख महिलाओं को राशि दी जा चुकी है। महिलाओं को अच्छा व्यवसाय करने पर दो लाख तक की और सहायता दी जाएगी। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार का भी भरपूर मदद मिल रहा है। 2024 और 2025 में विशेष आर्थिक पैकेज बिहार को मिला है। बजट में मखाना बोर्ड के गठन का भी फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हम नमन करते हैं। इस दौरान सीएम नीतीश ने सभी को हाथ उठाने के लिए कहा। विपक्ष को भी कहा कि आप लोग भी क्यों नहीं उठा रहे हैं? आप लोग पहले बात मान लेते थे लेकिन बाद में गड़बड़ करने लगे तो छोड़ दिये, अब कभी नहीं जाएंगे। विधानसभा के बाद विधान परिषद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पहले मात्र 6 मेडिकल कॉलेज थे। अब 12 मेडिकल कॉलेज हो गए हैं। पटना मेडिकल कॉलेज पांच हजार बेड का बना रहे हैं, बाकी सभी मेडिकल कॉलेज में 2500 बेड बनाए जा रहे हैं। आईजीआईएमएस में तीन हजार बेड बनाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधा का विस्तार हो रहा है। राज्य में बड़ी संख्या में सड़क, पुल-पुलिया, ओवरब्रिज का निर्माण हो रहा है। कृषि रोड मैप पर भी काम किया गया है। मछली उत्पादन में बिहार आगे बढ़ चुका है। अब हम आत्मनिर्भर हो गए हैं किसानों की आय बढ़ रही है। जो भी काम बचा है उसे जल्द पूरा किया जाएगा।

## सदन में साउंड गड़बड़ी पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार सख्त, दोषियों पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान माइक और साउंड सिस्टम में आए व्यवधान पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही विधानसभा भवन के रख-रखाव तथा भवन निर्माण विभाग द्वारा करवाए गए विभिन्न कार्यों की भी समीक्षा की गई। माइक और साउंड में आई तकनीकी गड़बड़ी पर भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों ने अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि जांच में जो भी अधिकारी या कर्मी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए वैकल्पिक तकनीकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विधानसभा के तीनों भवनों और परिसर में भवन निर्माण विभाग द्वारा कराए गए सभी कार्यों का नियमित और गुणवत्ता के साथ रख-रखाव किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी या संरचनात्मक समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, डॉ. ख्याति सिंह, प्रभारी सचिव, बिहार विधानसभा सहित भवन निर्माण विभाग और सभा सचिवालय के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जदयू के नरेन्द्र नारायण यादव बने विधानसभा उपाध्यक्ष

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक और पूर्व मंत्री डॉ प्रेम कुमार के बिहार विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद गुरुवार को विधानसभा के डिप्टी स्पीकर के पद का चुनाव हुआ। जदयू के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र नारायण यादव को बिहार विधानसभा का सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष चुना गया। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने ध्वनि मत के जरिए उन्हें निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की।

### अब वीवीआईपी गाड़ियां नहीं देंगी टोल टैक्स

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में अब सांसदों, विधायकों, मंत्रियों और अन्य वीवीआईपी की सरकारी गाड़ियों को टोल प्लाजा पर रुकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। परिवहन विभाग ने ऐसे वाहनों को फास्टैग टोल टैक्स से पूरी तरह छूट दिलाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। विभागीय मंत्री श्रवण कुमार ने सभी संबंधित वीवीआईपी को पत्र लिखकर अपनी पात्र सरकारी गाड़ियों पर 'एक्सेम्प्टेड फास्टैग' (छूट वाला फास्टैग) लगवाने और एनएचएआई के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने का अनुरोध किया है।

### नाबालिग प्रेमी युगल ने की आत्महत्या

**छपरा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सहाजितपुर थाना क्षेत्र के मोती छपरा गांव में नाबालिग प्रेमी युगल की दिल दहला देने वाली मौत से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। बुधवार देर शाम दोनों नाबालिगों ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार दोनों की उम्र लगभग पंद्रह वर्ष बताई जा रही है। सूचना के सहाजितपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच छानबीन करने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत

**खगड़िया (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर भतीजी की शादी में शामिल होने जा रहे मां-बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई। जिला प्रशासन की गाड़ी ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना के समय सरकारी गाड़ी करीब 70 की स्पीड में थी। वहीं बाइक की रफ्तार 80 से ऊपर थी। घटना के वक्त पिता गाड़ी चला रहे थे, जो अभी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। मृतक मधेपुरा के उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के निवासी थे।

### आरोपित गिरफ्तार

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नंदपुर गांव में जमीन विवाद के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस ने रंगदारी मांगने और जमीन मालिक को बंधक बनाने के आरोपी रॉकी तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने और निर्माण कार्य रुकवाने का गंभीर आरोप है।

## माफिया और भ्रष्टाचारियों को नहीं बख्शा जाएगा : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए गृह मंत्री सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सदन में कड़ा संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि माफिया, भ्रष्टाचारियों से लेकर सार्वजनिक रूप से गाली देने वाले तक, इस सरकार में कोई नहीं बचेगा। उनके अनुसार कानून सबके लिए समान है और राज्य सरकार किसी भी प्रकार की अराजकता को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। सम्राट चौधरी ने कहा कि यह सरकार जनता के आशीर्वाद से बनी है और जनता ने जिस विजन पर विश्वास किया, उसी का प्रतिबिंब राज्यपाल का अभिभाषण है। इसलिए अभिभाषण को समर्थन मिलना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि सरकार का हर कदम 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना से



प्रेरित है और किसी भी योजना में भेदभाव नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि बिहार में सुशासन की स्थापना नीतीश कुमार की देन है। उन्होंने राज्य में लगातार बढ़ रहे मेडिकल कॉलेजों, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने की दिशा में हुए कार्यों का विशेष उल्लेख किया। गृह मंत्री ने बताया कि राज्य में 60 लाख परिवारों को पक्का मकान दिया गया और साढ़े आठ करोड़ लोगों को अनाज उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि बिना जाति पूछे, बिना भेदभाव किए सरकार प्रत्येक जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। छठ पर्व के दौरान 12 हजार से अधिक ट्रेनों के परिचालन, ऊर्जा विभाग द्वारा लागू बिजली बिल माफी योजना, गरीबों को सामाजिक सुरक्षा देने जैसी पहलें गिनाते हुए सम्राट ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण पूरी तरह जमीनी हकीकत और सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने सदन से इसे पास करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मेरा नाम बुलडोजर बाबा नहीं है, मैं सम्राट चौधरी के नाम से जाना जाता हूं। रही बात अतिक्रमण हटाने की तो यह काम कोर्ट के आदेश से हो रहा है।

## पीएचईडी के पांच जेइ निलंबित, चार एसडीओ और एक इइ पर अनुशासनिक कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जलापूर्ति से जुड़ी शिकायतों का समाधान समय से नहीं करने के कारण लोक स्वास्थ्य व अभियंत्रण विभाग के 10 इंजीनियर कार्रवाई के दायरे में आ गए हैं। उनमें एक कार्यपालक अभियंता हैं। चार सहायक अभियंता और पांच कनीय अभियंता को निलंबित कर दिया गया है जबकि कार्यपालक अभियंता (ईई) और सहायक अभियंताओं (एसडीओ) के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई का निर्णय हुआ है। विभागीय सचिव पंकज कुमार पाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जलापूर्ति संबंधी कार्यों व शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा की। शिकायतों के निपटारे में कुछ प्रखंडों (बेनीपट्टी, गोरौल, लालगंज, बहेड़ी, पारू) की स्थिति बेहद ही असंतोषजनक पाई गई। उन प्रखंडों में पदस्थापित जेई निलंबित कर दिए गए हैं। चार एसडीओ का कार्य असंतोषजनक रहा है। उनके विरुद्ध लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं विभागीय आदेशों की अवहेलना के लिए अनुशासनिक कार्रवाई का निर्देश है। इनके अलावा लापरवाह पाए गए दरभंगा के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार के विरुद्ध भी अनुशासनिक कार्रवाई होगी। शिकायत निवारण की समय-बद्धता और गुणवत्ता से संबंधित अभियंताओं की नियमित जारी की जा रही रैंकिंग में भी उक्त अभियंताओं की रैंकिंग सबसे पीछे पाई गई। बहरहाल सचिव ने समस्याओं के निष्पादन में शिथिलता पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है। फील्ड अधिकारियों को निर्देश है कि जहां भी पर्याप्त मरम्मत दल नहीं लगाए जा रहे, वहां ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

## तीन पालियों में होगी शिक्षा विकास पदाधिकारी की परीक्षा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग शिक्षा विभाग के अन्तर्गत सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण परीक्षा तीन चरणों में आयोजित करेगा। विभिन्न चरणों में आयोजित उत्तर पत्रों का मूल्यांकन के बाद अंक समतुल्यकरण प्रक्रिया से रिजल्ट जारी किए जाएंगे। यह एक सांख्यिकीय प्रक्रिया है जिसका उपयोग विभिन्न परीक्षाओं के अंकों को कठिनाई के अंतर के अनुसार समायोजित करके तुलनीय बनाने के लिए किया जाता है। वैसे अभ्यर्थी जो अभी तक ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाए हैं, वह पांच से 12 दिसंबर तक कर सकते हैं। आयोग के अनुसार परीक्षा तीन चरणों में 10 व 11 जनवरी, 12 व 13 जनवरी तथा 15 व 16 जनवरी, 2026 को संभावित है। विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट पर अपलोड है।

## 53 जेलों में लगेंगे नौ हजार से ज्यादा नए सीसीटीवी कैमरे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य की सभी 53 काराओं में सुरक्षा व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाने के लिए 9,073 नए सीसीटीवी कैमरों के अधिष्ठापन और 8 काराओं में पूर्व स्थापित कैमरा सिस्टम के इंटीग्रेशन के लिए 155 करोड़ 38 लाख 36 हजार 153 रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। बिहार के उपमुख्यमंत्री (गृह) सम्राट चौधरी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना से बिहार की जेल सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने बताया कि कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय को बेल्ट्रॉन द्वारा उपलब्ध कराए गए संशोधित विस्तृत प्राक्कलन के आधार पर मंजूरी दी गई है। इस परियोजना में सीसीटीवी कैमरों, सॉफ्टवेयर, फील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर, फाइबर नेटवर्क, स्थानीय मॉनिटरिंग व्यवस्था, पांच वर्षों के संचालन एवं रखरखाव के लिए मैनपावर लागत, परामर्श शुल्क, आकस्मिक व्यय तथा बेल्ट्रॉन मार्जिन को शामिल किया गया है। परियोजना की कुल लागत 155 करोड़ 38 लाख 36 हजार 153 रुपये निर्धारित की गई है, जिसे वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट प्रावधान के अंतर्गत मंजूरी मिली है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इस स्वीकृति से बिहार की जेलों में निगरानी प्रणाली अत्यधिक सुदृढ़ होगी, सुरक्षा में पारदर्शिता बढ़ेगी और कारागार प्रबंधन में तकनीक आधारित सुधार सुनिश्चित होंगे।

### मुख्य सचिव ने की उत्तर कोयल परियोजना की प्रगति की समीक्षा

## 31 मार्च तक पूरा करें कार्य : प्रत्यय अमृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार को जल संसाधन के क्षेत्र में एक नई दिशा देने के उद्देश्य से गुरुवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में उत्तर कोयल परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वापकोस की अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक की उपस्थिति में परियोजना से जुड़े सभी संवेदक शामिल हुए। मुख्य सचिव ने परियोजना के संवेदकों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और इस बात पर विशेष जोर दिया कि यह परियोजना बिहार की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उपस्थित सभी संवेदकों को 31 मार्च, 2026 तक का अंतिम समय देते हुए कड़े निर्देश दिए कि इस कालावधि में कुल 9 पैकेज के तहत 77.69 किलोमीटर लंबाई की महत्वपूर्ण परियोजना का कार्य हर हाल में पूर्ण हो जाना चाहिए। श्री अमृत ने संवेदकों को आगाह करते हुए कहा कि दिसंबर से फरवरी तक की कड़ी ठंड कार्य में बाधा डाल सकती है लेकिन हमें इस चुनौती को पार करते हुए समय सीमा पर कार्य पूर्ण करने के लिए दोगुनी गति से काम करना होगा। मुख्य सचिव ने परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संवेदकों की आवश्यकतानुसार उन्हें पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। कार्यों के निष्पादन में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए, संबंधित जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और संवेदकों का शीघ्र ही एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा, जिससे संवाद और समस्या निवारण तत्काल संभव हो सके। बैठक में वापकोस ने एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सभी संवेदकों के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य सचिव ने उन संवेदकों के प्रयासों की सराहना की जिनके कार्यों में वांछित प्रगति दिखाई दी, साथ ही उन्हें बधाई भी दी। जिन संवेदकों के कार्य में प्रगति अत्यंत धीमी रही या संतोषजनक नहीं थी, उन्हें मुख्य सचिव ने कड़े निदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि प्रत्येक सोमवार को उनके द्वारा इस परियोजना की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा की जाती है और सभी कार्यों पर पैनी नज़र बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि कार्य में प्रगति लाना अति आवश्यक है। यदि आपके द्वारा कार्य समय पर नहीं किया गया तो आपको ब्लैक लिस्ट भी किया जा सकता है। विदित हो कि उत्तर कोयल परियोजना बिहार के कृषि और आर्थिक परिदृश्य को बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना के पूरा होने से राज्य के एक बड़े हिस्से को सिंचाई के लिए आवश्यक जल प्राप्त होगा, जिससे कृषि उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। यह बैठक 'मिशन मोड' कार्यशैली का एक उदाहरण है, जहाँ बिहार को एक विकसित और समृद्ध राज्य बनाने के लक्ष्य के साथ सभी कार्य किए जा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, वापकोस के प्रतिनिधिगण और विभाग के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## सड़क परियोजनाओं के लिए मिले 4000 करोड़ : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास को लेकर गुरुवार को पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने विभागीय मुख्यालय में समीक्षा बैठक की। बैठक में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की चल रही प्रस्तावित परियोजनाओं की स्थिति पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि केंद्र सरकार ने 4000 करोड़ रुपये की नई सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा कई अन्य प्रस्तावित योजनाएं भी स्वीकृति की इंतजार में हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित प्रस्तावों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा कर केंद्र को भेजा जाए ताकि उनकी जल्द मंजूरी मिल सके। मंत्री ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेस-वे जैसी



परियोजनाएं बिहार के औद्योगिक, व्यापारिक और सामाजिक विकास की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन हो और किसी भी स्थिति में कार्य की गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्य में देरी के कारणों की तुरंत पहचान कर रिपोर्ट भेजें और ठेकेदारों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करें। बैठक के दौरान अधिकारियों ने मंत्री को जिलावार परियोजनाओं की प्रगति के बारे में बताया। इसमें शामिल थे भूमि अधिग्रहण की स्थिति, बिजली-पानी जैसी उपयोगिताओं की शिफ्टिंग, निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता, ठेकेदारों की कार्य क्षमता और भौगोलिक एवं प्रशासनिक बाधाएं। नितिन नवीन ने कहा कि यदि किसी परियोजना में जिला स्तर की बाधाओं के कारण देरी हो रही है, तो एनएचएआइ और विभागीय अधिकारी तुरंत स्थानीय प्रशासन से समन्वय बनाकर समाधान निकालें। अंतर-विभागीय समन्वय मजबूत होने से परियोजनाओं में तेजी आएगी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हर प्रमुख परियोजना की मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार कर सीधे मंत्री को सौंपी जाएगी। निर्माण स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, चेतावनी बोर्ड, और वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था को और बेहतर किया जाएगा ताकि आम जनता को कम से कम असुविधा हो। उन्होंने कहा कि तय योजना के अनुसार सभी परियोजनाएं समय पर पूरी होंगी। इससे बिहार में सड़क परिवहन तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक होगा और राज्य के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

## जमीन की ई-मापी रिपोर्ट के लिए प्रोफार्मा अनिवार्य : विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य में बड़ी संख्या में बढ़ते भूमि विवाद और गलत कागजात तैयार कर जमीन पर कब्जा जमाने वाले माफिया तत्वों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है। गुरुवार को समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि ये गलत तत्व आम जनता को न्यायालय तक परेशान करते हैं। इस तरह की शिकायत मिलते ही उच्चस्तरीय टीम बनाकर जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो केंद्र सरकार के सहयोग से ऐसे मामलों को रोकने के लिए नया कानून भी बनाया जाएगा। बैठक में विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। श्री सिन्हा ने कहा कि ऐसी व्यवस्था हो कि रैयतों को जमीन की मापी में आसानी हो और अमीनों की मनमानी रुके। उन्होंने सभी अंचलों के अमीनों के कार्यों का आकलन कर रिपोर्ट देने को कहा। साथ ही उन्होंने बताया कि अब ई-मापी रिपोर्ट के लिए विभाग द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा अनिवार्य किया जा रहा है। राज्य में जमीन के पुराने कागजात कैथी लिपि में होने से नागरिकों को हो रही दिक्कतों को दूर करने के लिए उपमुख्यमंत्री ने जिलावार कैथी लिपि विशेषज्ञों का पैनल बनाने और उनकी सूची अंचल कार्यालयों में लगाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया। उन्होंने बिहार भूमि पोर्टल के उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने को कहा। आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उपमुख्यमंत्री ने सभी रजिस्ट्री कार्यालयों में यह सूचना प्रसारित करने को कहा कि रजिस्ट्री के 90 दिनों के भीतर दाखिल-खारिज के लिए अवश्य आवेदन करें।

C M Y K

# आईआईटी-पटना ने जीता एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज पटना रीजनल राउंड का खिताब

## पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में हुए अत्यंत प्रतिस्पर्धी मुकाबले में 123 टीमों ने लिया भाग







**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी), पटना की टीम ने एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज 2025-26 के पटना रीजनल राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऊर्जा ऑडिटोरियम, पटना में आयोजित इस बौद्धिक प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न इंजीनियरिंग और प्रबंधन संस्थानों की 123 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान विजेता टीम के सदस्यों अखंड प्रताप सिंह और अनिरुद्ध डी. भट्ट को उनके उत्कृष्ट एवं जुझारू प्रदर्शन के लिए काफी सराहा गया। दूसरा स्थान आइआइटी के ही प्रदोष बसु और शिवांशु एस. दास ने हासिल किया जबकि गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, वैशाली के अमन कुमार और शिवानी कुमारी की टीम तीसरे स्थान पर रही। प्रतिस्पर्धा अत्यंत कड़ी थी और शीर्ष तीन टीमों ने प्रत्येक चरण में उत्कृष्ट ज्ञान, त्वरित निर्णय क्षमता और प्रभावी टीमवर्क का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की शुरुआत ऑन-द-स्पॉट लिखित परीक्षा से हुई जिसमें सर्वश्रेष्ठ छह टीमों—आइआइटी-पटना की दो टीमें, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज-वैशाली, चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट-पटना, लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान-छपरा तथा शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज, सासाराम की एक-एक टीम ने फाइनल ऑडियो-विजुअल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। फाइनल चरण का संचालन दिल्ली के प्रख्यात क्विज मास्टर बिभास रथ ने किया जिनकी रोचक शैली ने आयोजन को और अधिक जीवंत बना दिया। इस वर्ष बिहार से आइआइटी-पटना, एनआइटी-पटना, बीआइटी-मेसरा, एमआइटी-मुजफ्फरपुर, बख्तियारपुर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग सहित दर्जनों शैक्षणिक संस्थानों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर प्रतियोगिता को अत्यंत प्रतिस्पर्धी बनाया। रीजनल राउंड की शीर्ष दो टीमें आगामी 18 और 19 दिसंबर को नोएडा में आयोजित होने वाले सेमीफाइनल और राष्ट्रीय फाइनल में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी। एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1), विजय गोयल, आइआइटी-पटना के निदेशक, प्रो. टी एन सिंह एवं सुजाता लेडिज क्लब की अध्यक्षा, संगीता गोयल ने विजेता टीमों को क्रमशः 60,000, 40,000 और 20,000 रुपये की नकद राशि से पुरस्कृत किया। फाइनल राउंड में पहुंची शेष टीमों को भी 8,000 रुपए का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि, विजय गोयल ने कहा कि एनटीपीसी जिस प्रकार अपनी ऊर्जा उत्पादन क्षमता से देश के विकास को निरंतर गति देता है, उसी प्रकार इलेक्ट्रॉन क्विज ज्ञान, जिज्ञासा और विवेक की ऊर्जा से युवा प्रतिभाओं को समृद्ध करता है। यह प्रतियोगिता न केवल विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करती है, बल्कि उन्हें आधुनिक तकनीकी और समसामयिक विषयों की गहन समझ विकसित करने के लिए भी प्रेरित करती है। इससे युवाओं की विश्लेषणात्मक क्षमता, टीमवर्क और नेतृत्व कौशल को मजबूती मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि एनटीपीसी ने 2004 में इलेक्ट्रॉन क्विज की शुरुआत युवाओं में ज्ञान-विकास की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की थी और तभी से यह आयोजन आज देशभर में युवाओं की बौद्धिक प्रगति का एक प्रेरणास्रोत बन चुका है। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं आइआइटी-पटना के निदेशक, प्रो. टी एन सिंह ने भी प्रतिभागियों को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा एनटीपीसी को ऐसे कार्यक्रम के सफल आयोजन करने पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विल्सन अब्राहम, उप महाप्रबंधक (नैगम संचार) विश्वनाथ चंदन सहित एनटीपीसी के अनेक वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन में विभिन्न कॉलेजों और संस्थानों के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# वैश्य समाज के नवनिर्वाचित विधायकों एवं मंत्रियों को मिला सम्मान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वैश्य चेतना समिति के द्वारा स्थानीय जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान में वैश्य प्रतिनिधि सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति द्वारा वैश्य समाज के नवनिर्वाचित विधायकों, मंत्रियों सहित पूर्व विधान पार्षदों को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वैश्य चेतना समिति के अध्यक्ष इं. सुन्दर साहू ने कहा कि वैश्य चेतना समिति सरकार से मांग करती है कि सरकार वैश्य आयोग का गठन करें। इसके अलावा केंद्रीय जनगणना आयोग से मांग की गई कि सरकार वैश्य के सभी उपजातियों को एक वैश्य माना जाए और वैश्य के रूप में गणना किया जाए। वहीं अपने संबोधन में वैश्य चेतना समिति के सदस्य मनोज जयसवाल ने कहा कि वैश्य समाज अब जागृत हो रहा है जिस तरह इस बार के चुनाव में 29 सीट वैश्य समाज के लोगों ने जीता है मुझे उम्मीद है आने वाले समय में हम 40-50 सीट पर अपने वैश्य समाज के उम्मीदवार को देखेंगे और हम आशा करते हैं कि भविष्य में हमारे समाज का उमीदवार मुख्यमंत्री हो जिससे हमारा समाज गौरवान्वित हो। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिनेत्री रुपाली, वैश्य चेतना समिति के सचिव रविकांत चौरसिया, सह सचिव शिव कुमार स्पंदन, मनोज जायसवाल, पवन कुमार आर्किटेक्ट, संतोष कुमार भारती की अहम भूमिका रही।

# भारतीय खाद्य निगम और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के द्वारा आशुभाषण प्रतियोगिता संपन्न

## राजभाषा कार्यान्वयन केवल सरकारी आदेश नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय खाद्य निगम और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पटना ने संयुक्त रूप से एक आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह कार्यक्रम भारतीय खाद्य निगम के क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य कार्यालयीन कर्मचारियों के बीच हिंदी भाषा के प्रयोग के प्रति जागरूकता और उत्साह बढ़ाना था। कार्यक्रम में पटना स्थित विभिन्न केंद्रीय सरकारी कार्यालयों/उपक्रमों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण निम्नलिखित रहे। विभिन्न कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लिया जो राजभाषा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर भारतीय खाद्य निगम के उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने अपने संबोधन में कहा राजभाषा कार्यान्वयन केवल एक सरकारी आदेश नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का विषय है। ऐसी प्रतियोगिताएं कर्मचारियों को अपनी भाषाई क्षमताओं को निखारने का अवसर प्रदान करती है। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पटना के अध्यक्ष व मुख्य अतिथि आलोक सुमन दूबे, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी एवं सचिव नरकास (उपक्रम) पटना ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को जारी रखने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन अनुराधा रानी, मनीता मीना एवं सुनंदा तिवारी द्वारा किया तथा राकेश कुमार करुण, प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा धन्यवाद ज्ञापनकर कार्यक्रम का समापन किया।

# बी. डी. कॉलेज पटना के एनसीसी कैडेट का आरडीसी परेड के लिए चयन

▸ प्राचार्या प्रोफेसर रत्ना अमृत ने दी बधाई ▸ गणतंत्र दिवस परेड में करेंगे बिहार-झारखंड निदेशालय का नेतृत्व



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी. डी. कॉलेज पटना के एनसीसी कैडेट प्रशांत कुमार गिरी ने एक बार फिर बिहार-झारखंड निदेशालय और कॉलेज का मान बढ़ाया है। प्रशांत का चयन प्रतिष्ठित रिपब्लिक डे कैंप 2026, नई दिल्ली के लिए हुआ है। आगामी 26 जनवरी की परेड में वे 'सॉर्ड अपॉइंटमेंट' के रूप में बिहार-झारखंड निदेशालय का नेतृत्व करेंगे। यह सम्मान उन्हें अनुशासन, परेड कौशल और उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता के आधार पर मिला है। प्रशांत वर्तमान में राजनीति विज्ञान विभाग के पांचवें सेमेस्टर के छात्र हैं। कॉलेज समुदाय और एनसीसी यूनिट में इस उपलब्धि को लेकर उत्साह और गर्व का माहौल है। बी. डी. कॉलेज पटना की प्राचार्या प्रोफेसर रत्ना अमृत ने प्रशांत की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कॉलेज के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। प्रशांत ने अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व का प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत किया है। हमें विश्वास है कि वे भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ेंगे और नई पीढ़ी के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे। कॉलेज के एनसीसी अधिकारियों और छात्रों ने भी प्रशांत की सफलता पर बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि न केवल प्रशांत के व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम है, बल्कि कॉलेज के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की श्रेष्ठता का प्रमाण भी है। आगामी गणतंत्र दिवस पर राजपथ परेड में प्रशांत कुमार गिरी की यह नेतृत्व भूमिका बिहार-झारखंड के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक संदेश होगी।

# लालू यादव से जुड़े चारा घोटाला मामले में 110 वीं गवाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के बहुचर्चित करोड़ों रूपयों के चारा घोटाला से जुड़े एक मुख्य मामले में पटना की एक विशेष अदालत में आज सीबीआई ने अपने 110 वें गवाह के रूप में मामले के एक अनुसंधानकर्ता की गवाही कराई। चारा घोटाला मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के न्यायाधीश राकेश कुमार की अदालत में सीबीआई ने अपने 110 वें गवाह के रुप में सीबीआई के इंस्पेक्टर उमेश कुमार को पेश किया था। गवाह ने मामले में आंशिक अनुसंधान किया था। मुख्य परीक्षण और प्रति परीक्षण के बाद गवाह को उन्मुक्त कर दिया गया। मामले में अगली सुनवाई 08 दिसंबर 2025 को होगी। मामला भागलपुर के बांका उप जिला कोषागार से पशुपालन विभाग में जाली विपत्रों के आधार पर लगभग 45 लाख रूपयों की अवैध निकासी का है। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद समेत कई तत्कालीन मंत्री, विधायक और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी इस मामले में आरोपित हैं। सीबीआई ने मामले की प्राथमिकी आर सी 63 ए 96 के रूप में दर्ज करने के बाद 44 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था जिनमें से कई आरोपितों की मृत्यु हो चुकी है।

# मुंगेर विश्वविद्यालय से डॉ विद्या कुमार चौधरी विकसित भारत पीपीटी चैलेंज के जूरी मेंबर नामित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/मुंगेर।** विकसित भारत क्विज प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित होने वाले स्टेज-3 विकसित भारत पीपीटी चैलेंज के लिए मुंगेर विश्वविद्यालय से आरडी एंड डी जे कॉलेज के प्रोफेसर डॉ विद्या कुमार चौधरी को जूरी मेंबर के रूप में चयनित किया गया है। यह चयन राज्यपाल सचिवालय, बिहार द्वारा जारी पत्र के आधार पर किया गया है जिसमें बिहार से 20 जूरी सदस्य नामित किए जाने का निर्देश दिया गया था। यह प्रतियोगिता 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 के तहत विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद कार्यक्रम का हिस्सा है। स्टेज-3 का आयोजन 09 और 10 दिसम्बर 2025 को भारतीय नृत्य कला मंदिर (बहुद्देशीय सांस्कृतिक परिसर), पटना में किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए कुल 10 विषयों पर दो-सदस्यीय जज बेंच की व्यवस्था की गई है जिसमें जूरी का चयन शैक्षणिक, व्यावसायिक और नीतिगत क्षेत्रों से किया जा रहा है। राज्यपाल सचिवालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार स्टेज वन में सफल प्रतिभागियों को दूसरे चरण में निबंध प्रतियोगिता देनी थी। स्टेज-2 के मूल्यांकन के लिए मुंगेर विश्वविद्यालय से मूल्यांकनकर्ताओं के रूप में कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह, डॉ प्रियरंजन तिवारी और डॉ मुकेश कुमार को नामित किया गया था। इस उपलब्धि पर मुंगेर विश्वविद्यालय में उत्साह और प्रसन्नता व्यक्त की गई है। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ संजय कुमार ने संदेश जारी करते हुए कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय ने अपनी सार्थक पहचान बनाई है। डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर डॉ महेश्वर मिश्रा ने कहा कि छात्रों को माई भारत पोर्टल पर सक्रिय सहभागिता दर्ज करनी चाहिए और अधिक से अधिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर लाभ प्राप्त करना चाहिए। वहीं कुलसचिव डॉ घनश्याम राय ने कहा कि विकसित भारत यंग लीडरशिप संवाद के तीनों चरणों में युवा कौशल और डिजिटल दक्षता को देखने का अवसर मिलेगा। डॉ विद्या कुमार चौधरी सहित सभी नामित प्रतिनिधियों को विश्वविद्यालय प्रशासन, संकाय सदस्यों और छात्रों ने बधाई दी है। यह चयन मुंगेर विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-झाझा के मध्य तीसरी और चौथी रेल लाइन का होगा निर्माण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेल यात्रा सुगम हो साथ ही मालगाड़ी की आवाजाही भी सुगमतापूर्वक किया जा सके इसके लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा रेल आधारभूत संरचना में वृद्धि का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-झाझा के मध्य तीसरी और चौथी लाइन का निर्माण किया जाएगा। इससे औद्योगिकीकरण में तेजी आएगी साथ ही पूर्व मध्य रेल का यह कदम विकसित बिहार के सपनों को भी साकार करेगा। इसी कड़ी में 17 हजार करोड़ रुपए की लागत से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-झाझा के मध्य लगभग 400 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी रेल लाइन का निर्माण किया जाएगा। तीसरी और चौथी रेल लाइन के निर्माण कार्य की प्रक्रिया अगले कुछ ही महीनों में चरणबद्ध तरीके से प्रारंभ हो जाएगी। इस पूरी परियोजना को कई हिस्सों में बांटा गया है तथा रेलवे बोर्ड द्वारा चरणबद्ध तरीके से इसकी स्वीकृति प्रदान की जा रही है। निर्माण कार्य सुगमतापूर्वक तेजी से पूरा करने के लिए इसे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-दानापुर, दानापुर-फतुहा, फतुहा-बख्तियारपुर, बख्तियारपुर-पुनारख, पुनारख-किऊल तथा किऊल-झाझा जैसे छोटे-छोटे रेलखंडों में बांटा गया है।

# शहीद राजेंद्र सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

## राजेंद्र सिंह ने पीठ पर नहीं सीने पर खाई थी गोली : डॉ. दिलीप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अगस्त क्रान्ति 1942 के अमर शहीद राजेन्द्र सिंह की 101 वीं जयंती समारोह आज शहीद राजेन्द्र स्मारक, नयागांव के प्रांगण में मनायी गई। इस समारोह में बिहार भाजपा के अध्यक्ष सह उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल भी शामिल हुए। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने अमर शहीद राजेंद्र सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनका नमन किया। शहीद राजेंद्र सिंह स्मारक समिति द्वारा आयोजित इस समारोह में आए लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने सारण की पावन धरती को नमन करते हुए कहा कि सारण जिला वीर सपूतों की भूमि रही है। उन्होंने कहा कि यह पावन धरती डॉ. राजेंद्र प्रसाद, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, शहीद राजेंद्र सिंह, दारोगा प्रसाद राय, मौलाना मजहरुल हक, भोजपुरी के शेक्सपियर भिखारी ठाकुर एवं महेन्द्र मिश्र जैसे अनेक महापुरुषों की जननी और कर्मभूमि रही है। उन्होंने अमर शहीद राजेंद्र सिंह को याद करते हुए कहा कि राजेन्द्र सिंह युवा अवस्था में अपने पिता शिवनारायण सिंह, माता जीरा देवी तथा पत्नी सुरेश देवी को घर पर छोड़ कर अगस्त 1942 में महात्मा गांधी के अंग्रेजों भारत छोड़ो का आंदोलन में कूद पड़े थे। उस समय उनकी उम्र लगभग 18 वर्ष होगी। उसी उम्र में ही पटना सचिवालय पर तिरंगा झंडा फहराने के दौरान 11 अगस्त 1942 को छह दोस्तों के साथ राजेन्द्र सिंह शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि अमर शहीद राजेंद्र सिंह पीठ पर नहीं सीने पर गोली खाई थी जिस पर आज भी नयागांव के लोगों को नाज है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि ऐसे महान सपूतों की याद के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ी भी उनके योगदान को जान सके।

# देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सर्वोदय मंडल और राजेंद्र मेमोरियल ट्रस्ट फॉर रूरल डेवलपमेंट सदाकत आश्रम पटना के संयुक्त तत्वावधान में देशरत्न की 141वीं जयंती चंद्र भूषण की अध्यक्षता में सदाकत आश्रम पटना में 11 बजे से शुरू हुई। देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए चंद्र भूषण ने कहा कि राजेंद्र बाबू का जीवन सादगी, उच्च विचार, सत्य एवं तप का अदभुत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वे संविधान सभा के अध्यक्ष पद पर विराजमान होने के साथ-साथ संविधान निर्माण में उनका महत्वपूर्ण भूमिका रहा है। वे देश स्तर के नहीं विश्व स्तर पर गांधी जी के साथ जाने जाते थे। चंपारण सत्याग्रह में वे गांधी जी के साथ काफी महत्वपूर्ण भूमिका में रहे। बिहार सर्वोदय मंडल के उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने कहा कि पटना विश्वविद्यालय के निर्माण, उसका नियमावली बनाने में देशरत्न का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# 14 को नई दिल्ली में आयोजित 'वोट चोर, गद्दी छोड़ महा रैली' में कांग्रेस जन बढ़-चढ़कर भाग लें : राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री राजेश राम ने प्रदेश के सभी कांग्रेस सांसदों, विधायकों, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों, विधान सभा चुनाव के प्रत्याशियों, प्रदेश मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ एवं कांग्रेसजनों से आह्वान किया है कि वे 14 दिसम्बर 2025 को नई दिल्ली में आयोजित 'वोट चोर, गद्दी छोड़ महा रैली' में पूर्ण शक्ति के साथ शामिल हों। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का लगातार प्रयास किया गया है। विपक्षी नेताओं पर झूठे मुकदमे थोपे जा रहे हैं और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा 14 दिसम्बर को इस ऐतिहासिक रैली का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तमाम नेता और कार्यकर्ता लोकतंत्र की मजबूती के लिए इस रैली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं तथा अन्य लोगों को भी इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे 14 दिसम्बर को दिल्ली पहुंचकर इस रैली को सफल बनाएं।

# प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक की अध्यक्षता में सीमेंट निर्माता कंपनी के साथ बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** बल्क सीमेंट हैंडलिंग टर्मिनल के विकास के संबंध में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में सीमेंट निर्माता कंपनी के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान, रेलवे बोर्ड द्वारा 18-11-2025 के फ्रेट मार्केटिंग परिपत्र संख्या 25/2025 के तहत बल्क सीमेंट हैंडलिंग टर्मिनलों के विकास और विशेष टैंक कंटेनर वैगन में बल्क सीमेंट के परिवहन के संबंध में जारी की गई हालिया नीति पर चर्चा की गई। भविष्य में बल्क सीमेंट की खपत बढ़ेगी। बल्क सीमेंट परिवहन को बढ़ावा देने के लिए विशेष वैगन के माध्यम से एवं माल भाड़े में प्रोत्साहन द्वारा परिवहन को लागत प्रभावी बनाया जाएगा। इससे सीमेंट की गुणवत्ता में सुधार होगा और इससे स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा मिलेगा।

# माइक्रो प्लास्टिक मानव जीवन के लिए गम्भीर खतरा : प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सीएमए पटना की सभागार में प्लास्टिक मुक्त भारत को लेकर इंटर्न कर रहे छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक से हो रहे दुष्प्रभाव के बारे में फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग मानव जीवन के लिए खतरे की घंटी है। माइक्रो प्लास्टिक हवा में घुल गया है मां के दूध तक पहुंच गया है। प्लास्टिक के उपयोग तुरंत बंद करने की जरूरत है। प्लास्टिक हमारे जीवन में रच बस गया है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि घर से कपड़ा के झोला लेकर निकलने की आदत डालें। वही एनजीओ हेल्पलाइन के निदेशक सीए संजय कुमार झा ने प्लास्टिक से हो रहे खतरों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक समुंदर में समुद्री जीवों को प्रभावित कर रहा है। प्लास्टिक कचरे से भारत में बड़े पैमाने पर पशुओं की मृत्यु हो रही है। उन्होंने बताया कि हम जो टूथ ब्रश का उपयोग करते है वह पांच सौ वर्षों तक धरती पर रह सकता है। माइक्रो प्लास्टिक हर जगह मौजूद है। उन्होंने प्लास्टिक का उपयोग कम करने का सलाह दिया है साथ ही प्लास्टिक के कचरे से सड़क निर्माण, ईंधन तेल निकाले जाने की बात बताई। प्लास्टिक और एल्मुनियम का उपयोग घर में कदापि न करें। प्लास्टिक बोतल के जगह मेटल के बोतल का उपयोग करें। प्लास्टिक के कचरों का निष्पादन सही तरीके से हो प्लास्टिक आज पूरी दुनिया के भयावह समस्या है। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति एक सीजनल फल जरूर खायें या नींबू पानी पीयें यह हमारे शरीर से जहर को बाहर करता है। प्लास्टिक में गर्म खाना कभी नहीं खायें यह कैंसर का कारण बन सकता है। अब समय आ गया है कि प्लास्टिक को न कहें। वही इंटर्न ने बताया कि आज भी दक्षिण भारत में केले के पत्ते पर भोजन करने की परंपरा है। छठ महापर्व में सभी प्रसाद मिट्टी के बर्तन में ही बनता है हमारे पूर्वज हर काम को विज्ञान से जोड़ दिया था। मौके पर फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर प्रेरणा विजय, ऋतिक राज वर्मा, ज्योति कुमारी, अंजू कुमारी, निकिता कुमारी, श्यामली कुमारी, डिम्पल कुमारी समेत सैकड़ों इंटर्न ने भाग लिया।

# सोनालीका ट्रैक्टर्स का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अप्रैल-नवंबर 2025 में 1,26,162 ट्रैक्टरों की बिक्री के साथ अब तक की सर्वाधिक वाईटीडी बिक्री का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया है। यह असाधारण प्रदर्शन सोनालीका के सशक्त नेतृत्व और भारत तथा वैश्विक परिदृश्य में कृषि मशीनीकरण को गति देने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। बेहतर दक्षता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसान तेजी से बड़े हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों पर निर्भर हो रहे हैं और सोनालीका का मजबूत प्रदर्शन भारत में पारंपरिक खेती से तकनीक-आधारित कृषि की ओर तेजी से बढ़ते बदलाव का संकेत देता है। अगली पीढ़ी के प्लेटफॉर्म, तकनीक और ताकतवर इंजनों द्वारा संचालित, सोनालीका के हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर दुनिया भर के 150 देशों में विभिन्न प्रकार की मिट्टी में जबरदस्त प्रदर्शन के लिए डिजाइन किए गए हैं। बिक्री में यह उल्लेखनीय नई गति आधुनिक ट्रैक्टरों और उपकरणों के तेजी से बढ़ते उपयोग, अनुकूल सरकारी पॉलिसी और लगातार बेहतर होते एम एस पी ढांचे से प्रेरित हैं जिससे किसानों में नई कृषि शैली अपनाने का आत्मविश्वास बढ़ रहा है। नए रिकॉर्ड प्रदर्शन पर अपने विचार साझा करते हुए, रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा कृषि का भविष्य उन सभी का है जो उद्देश्यपूर्ण इनोवेशन करते हैं और हम स्मार्ट कृषि समाधान विकसित करने और निरंतर निवेश के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# डीएम ने जनता दरबार में पांच फरियादियों की समस्याओं को सुना



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** जिलाधिकारी द्वारा गुरुवार को दैनिक लोक साक्षात्कार किया गया जिसमें कुल 05 आम नागरिकों से साक्षात्कार किया गया। उक्त दैनिक लोक साक्षात्कार में आवेदक रणजीत कुमार, परिचारी विशिष्ठ अंचल कार्यालय सूर्यपुरा के द्वारा हृदय के गम्भीर ऑपरेशन के कारण निकटवर्ती स्थान पर स्थानान्तरण के लिए अनुरोध किया गया जिसे स्थापना उप समाहर्ता, रोहतास को अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजा गया। राजेश्वर बैठा, सा.-कोचस, थाना-कोचस, जिला-रोहतास के द्वारा अनावाद बिहार सरकार में मकान बनाकर रास्ता रोकने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे लोक शिकायत में अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजा गया। महेन्द्र पाण्डेय सदस्य राष्ट्रीय परिषद, मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के द्वारा स्मारक पथ हेतु 452 फीट लम्बा 16 फीट चौड़ा जमीन भू-अर्जन करने के लिए अनुरोध किया गया जिसे लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को संतोष सिंह, फजलगंज सासाराम के आवेदन पत्र को जिला योजना पदाधिकारी, रोहतास को एवं ललन सिंह ग्राम-मथुरापुर अकोढ़ीगोला के आवेदन पत्र को लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को अविलंब अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु आवश्यक निर्देशों के साथ भेजा गया।

## पराली नहीं जलाने की जानकारी जागरूकता रथ को डीएम ने किया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा, रोहतास के द्वारा फसल अवशेष प्रबन्धन के लिए जन जागरूकता अभियान के तहत फसल अवशेष प्रबन्धन से संबंधित तकनीकी जानकारी एवं ऑडियो युक्त जागरूकता रथ को जिले के प्रखंडों में प्रचार-प्रसार हेतु जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं विजय कुमार पाण्डेय, उप विकास आयुक्त द्वारा हरी झण्डी दिखाकर 14 प्रखंडों में रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ अलग-अलग प्रखंडों में जाकर जिन प्रखंडों में अधिकता के रूप में फसल अवशेष / पराली जलाने की घटना ग्रामीण आम जनों को जागरूक करेगी। ताकि पराली जलाने से होने वाले नुकसान से बचा जा सके। साथ ही साथ जागरूकता रथ पर संबंधित प्रखंड के फसल अवशेष प्रबंधन हेतु अनुदानित दर पर स्थापित किये गये स्पेशन कस्टम हायरिंग सेन्टर एवं प्रगतिशील किसानों के पास जो फसल अवशेष के प्रबन्धन के लिए सहयोगी यंत्र धारकों यथा स्ट्राबेलर इत्यादि अन्य, यंत्रों का सम्पर्क सूत्र भी जागरूकता रथ पर अंकित कर किसानों की सहायता हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यह प्रचार रथ फसल अवशेष को जलाने से फसलों तथा मानव के स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी जागरूक करेंगी। बताते चलें कि प्रशासनिक स्तर से पराली जलाने वाले किसानों पर दण्डात्मक कार्रवाई का भी प्रावधान किया गया है दोषी पाये जाने वाले कृषकों पर दण्डात्मक कार्यवाई के साथ-साथ सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार के अनुदान से वंचित कर दिया जाएगा। मौके पर प्रभाकर कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आत्मा, रोहतास संतोष कुमार, उप परियोजना निदेशक, देवेन्द्र सिंह, उप परियोजना निदेशक, गिरीराज कुमार, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## कोचस में स्कूल आवर में कोचिंग पर प्रशासन सख्त, 7 संस्थानों पर कार्रवाई

नवबिहार टाइम्ससंवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) अरविंद कुमार ने विभिन्न निजी कोचिंग संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। बीईओ ने पाया कि विद्यालय अवधि में ही कई कोचिंग संस्थान संचालित किए जा रहे थे जहां सरकारी व निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं पढ़ते मिले। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि एक ही भवन में अलग-अलग विषयों की कई कोचिंग एक साथ संचालित हो रही थीं। बीईओ ने बताया कि सरकारी विद्यालयों का निर्धारित समय सुबह 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक है, लेकिन इसी अवधि में कोचिंग संस्थान संचालित पाए गए। कुल सात कोचिंग संस्थानों को विद्यालय समय में संचालित होते हुए पकड़ा गया। कुछ कोचिंग संचालकों और शिक्षकों ने यह भी स्वीकार किया कि विद्यालय अवधि में ही कक्षाएं संचालित की जाती हैं। हालांकि कुछ शिक्षकों ने यह दलील दी कि कक्षाएं सुबह 9 से 12 बजे तथा 12 से 3 बजे तक चलती हैं, लेकिन यह समय भी विद्यालय अवधि के अंतर्गत आता है। बीईओ अरविंद कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग के स्पष्ट निर्देश हैं कि विद्यालय समय में किसी प्रकार की कोचिंग का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके बावजूद नियमों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है जिससे विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय अवधि में संचालित पाए गए सभी सात कोचिंग संस्थानों पर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही आगे भी छापेमारी अभियान जारी रहेगा जिन कोचिंग संस्थानों के संचालक भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध जुर्माना एवं प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। बीईओ ने स्पष्ट कहा कि विभागीय निर्देशों के आलोक में सख्त कार्रवाई निश्चित रूप से की जाएगी।

## बाल श्रमिक को कराया गया विमुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** श्रम संसाधन विभाग कैमूर के अंतर्गत श्रम अधीक्षक द्वारा गठित बाल श्रम विमुक्ति हेतु धावादल का संचालन दुर्गावती प्रखण्ड में किया गया जिसमें विभिन्न ढाबों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते समय एनएच 2 पर दुर्गावती कर्मनाशा जीटी रोड स्थित पटियाला पंजाबी ढाबा से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। विमुक्त बाल श्रमिक कैमूर जिला का निवासी है। बाल श्रमिक को विमुक्ति के उपरांत जिला बाल संरक्षण इकाई कैमूर के सुपुर्द करते हुए दोषी नियोजक पर बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्यवाही की गई है। विदित हो कि विमुक्त बाल श्रमिक को तत्काल सहायता राशि के रूप में 3000 भी दिए जाते हैं। साथ ही उच्चतम न्यायालय के एम सी मेहता बनाम तमिलनाडु राज्य मामले में दिए गए आदेश के आलोक में दोषी नियोजक से प्रति विमुक्त बाल श्रमिक 20000 वसूली की भी कार्रवाई की जाएगी तथा न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अंतर्गत भी कार्यवाही की जाएगी। विदित हो कि बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के अंतर्गत 14 वर्ष से काम के आयु के बच्चों से कार्य करवाना तथा 14 से 18 वर्ष के बीच के बच्चों से खतरनाक नियोजनों में कार्य करवाना एक संज्ञेय अपराध है जिसमें दोषी पाए जाने पर रु. 20000 से 50000 तक के जुर्माने के प्रावधान के साथ-साथ 6 महीने से 2 साल तक के कारावास का भी प्रावधान है। श्रम अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि ये धावादल नियमित रूप से जिला में चलाया जाता है। धावादल का नेतृत्व अजीतेश कुमार तिवारी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी दुर्गावती कर रहे थे जबकि धावादल में शामिल अन्य श्रम प्रवर्तन पदाधिकारीयों में राजीव रंजन निखर मोहनियां, संतोष कुमार सिंह भगवानपुर, धीरज कुमार दुबे अधौरा, चाइल्ड हेल्पलाइन सदस्य, औलिया आध्यात्मिक समाज से राकेश कुमार तथा पुलिस बल भी मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक होगा शाहाबाद महोत्सव

**▸ रोहतासगढ़ किला में सासाराम से पहुंचेंगे हजारों लोग ▸ शुक्रवार को सासाराम में निकलेगी शाहाबाद गौरव यात्रा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** स्थानीय मंगलम मैरिज हॉल में शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति की एक बैठक की गई जिसमें रोहतासगढ़ किला पर 7 दिसंबर को होने वाले शाहाबाद महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि और शाहाबाद आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने कहा कि आगामी रविवार को रोहतासगढ़ किला में राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी, साहित्यकार, अधिवक्ता, चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों में महती भूमिका निभा रहे लोग शामिल होंगे जिसमें अभी तक पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा, मंत्री संतोष कुमार सुमन, मोहम्मद जमा खान, बक्सर सांसद सुधाकर सिंह, रांची उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे डॉ एस एम पाठक, वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विकास वैभव, पूर्व मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम, पद्मश्री पुरस्कार विजेता भीम सिंह भावेश, प्रशासनिक अधिकारी संतोष कुमार, हिमांशु शेखर सहित अनेक लोग आने की सहमति प्रदान कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि शाहाबाद क्षेत्र की पुरानी प्रचलित नृत्य संगीत जैसे गोणं का नाच, धोबिया धोबिनिया का नाच, आदिवासी कुडुक नृत्य आदि की प्रदर्शित की जाएगी। साथ ही महापुरुषों और प्रमुख पर्यटन स्थलों के साथ ही अपना अलग स्वाद के लिए पहचान बने विभिन्न खाद्य सामग्रियों का भी स्टॉल लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार यानी 5 दिसंबर को सासाराम में शाहाबाद गौरव यात्रा निकाली जाएगी जिसमें विभिन्न विद्यालय की छात्र-छात्राएं सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए वरीय अधिवक्ता बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि यह गौरव की बात है कि हमारे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को याद करते हुए उसे अक्षुण्ण बनाने तथा पर्यटन बढ़ावा देने हेतु शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति द्वारा पिछले 6 वर्षों से निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसलिए इसमें अधिक से अधिक सहभागिता होना हम शाहाबाद के लोगों का नैतिक जिम्मेवारी बनता है। बैठक का संचालन समाजसेवी जी एम अंसारी ने की जिसमें क्षितिज कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, युवा नेता अमित पासवान, रवि देवा, कुलबुल सिंह, अमन कुमार, सरोज गुप्ता, चंदन सिंह, विवेक कुमार, पुनित पांडेय आदि ने भी अपना विचार व्यक्त किए।



## मृदुभाषी एवं नेक दिल महिला थी जनक दुलारी देवी : वीरेंद्र सिंह



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** मृदुभाषी एवं नेक दिल महिला थी जनक दुलारी देवी। उक्त बातें पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह ने भाजपा के वरिष्ठ नेता सह सांसद प्रतिनिधि अरविंद उपाध्याय के माता जी के श्राद्धकर्म में श्रद्धांजलि सभा में उनके माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत कहा। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में संतोष उपाध्याय, मुखिया शशि भूषण जी, औरंगाबाद भाजपा जिला मंत्री जितेंद्र शर्मा, मुखिया शशि भूषण, उदय कुशवाहा, मनोज पासवान, कन्हैया पासवान, रवि गुप्ता, पूर्व मुखिया वीरेंद्र गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह, हरेंद्र सिंह हरियाली, मनीष सिंह सहित कई लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## पराली जलाने के खिलाफ 17 किसानों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय, खरारी, करगहर की बैठक में संबंधित जिलास्तरीय पदाधिकारी, रोहतास को दिये गये निदेश के क्रम में जिला के विभिन्न प्रखण्डों में किसानों द्वारा पराली जलाने की घटना पर कर्मचारियों द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। इस क्रम में दोषी पाये जाने वाले कृषकों पर प्रशासनिक स्तर पर दण्डात्मक कार्रवाई के साथ-साथ सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार के अनुदान से वंचित कर देने के निदेश के आलोक में कुल 17 किसानों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। फसल अवशेष प्रबंधन के तहत किसानों द्वारा नियम उल्लंघन के विरूद्ध अब तक 4 किसानों के खिलाफ बी0एन0एस0एस0 के सुसंगत धारा-152 के तहत कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम को प्रस्ताव दिया गया है।

## अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा ने विधानसभा अध्यक्ष बनने पर प्रेम कुमार को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष तुषार चंद्रवंशी ने वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार को निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रेम कुमार हमारे समाज की शान हैं और उनकी सरलता, ईमानदारी और जनसेवा की भावना सभी के लिए प्रेरणादायक है। तुषार चंद्रवंशी ने कहा कि गया से लगातार नौ बार विधानसभा चुनाव जीतकर प्रेम कुमार ने इतिहास रच दिया है और यह उपलब्धि साबित करती है कि जनता का विश्वास उनके प्रति अटूट है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के रूप में प्रेम कुमार निष्पक्षता और गरिमा के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूत करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में बिहार विधानसभा की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावशाली तथा जनहितकारी होगी।



## एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा रोहतास के आदेश अनुसार तमिल के महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जन्म दिवस के पूर्व सात दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ भाषा विषय की उत्पत्ति से किया गया। कार्यक्रम के संयोजक हिंदी की शिक्षिका मोनू गुप्ता के द्वारा कक्षा 6 7 8 में पढ़ने वाले छात्राओं के बीच की गई। एक भारत श्रेष्ठ भारत के प्रथम दिन छात्रों को भाषा की जड़ें उसकी मूल स्रोत अलग-अलग बोलियां वह भाषण महत्वपूर्ण शब्द वाक्य लिपियां तथा भाषा का उद्गम और विकास के बारे में छात्राओं को बताया गया। कार्यक्रम में बच्चों से वर्ण शब्द वाक्य के बारे में पूछा गया और बच्चों ने इसे बताया। कार्यक्रम प्रधानाध्यापक संजय कुमार की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका चंचल द्विवेदी, नरेश प्रसाद, नसरीन, सुजाता प्रसाद, आयुषी गौतम उपस्थित थी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्याः–WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-20/2025-26 (2nd Call)

पत्रांकः– 564 मेदिनीनगर, दिनांकः– 03/12/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | चिलमिलिया नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–पांकी, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 66,54,600=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 13.12.2025 (04:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 20.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 22.12.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 06562–240100 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

PR 367676 Minor Irrigation(25-26).D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर


## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर डीआरएम ने किया तीन टिकट जांचकर्मियों को पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल में टिकट जांच कार्य को प्रभावी बनाने और कठिन परिस्थितियों में अपने कर्तव्य का साहसपूर्वक निर्वहन करने वाले तीन टिकट जांचकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा डीआरएम का अधिकतम देय नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान मंडल में उत्कृष्टता, निष्ठा और साहस का सर्वोच्च प्रतीक माना जाता है। सम्मानित कर्मचारियों में मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ टीई (सासाराम) आकाश कुमार, वरिष्ठ सीसीटीसी (सासाराम) तथा सुबोध कुमार, टीटीआई (गया) शामिल हैं। तीनों कर्मचारियों को उनकी प्रतिबद्धता, दक्षता और विशेष रूप से साहसिक कर्तव्य-निष्ठा के लिए प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



**कर्तव्यनिष्ठा के साथ साहस का बेहतरीन उदाहरण**

ये कर्मचारी टिकट जांच के दौरान न केवल राजस्व संरक्षण और वैध यात्रा सुनिश्चित करने में अग्रणी रहे, बल्कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी असाधारण धैर्य और बहादुरी का प्रदर्शन किया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों से सीधे संवाद करने वाले फ्रंटलाइन स्टाफ के रूप में इन्होंने जिस जिम्मेदारी, आत्मविश्वास और संकल्प का परिचय दिया, वह पूरे मंडल के लिए प्रेरणादायक है। उनके कार्य ने यह सुनिश्चित किया कि यात्री सेवाएं सुरक्षित, सुव्यवस्थित और नियमों के अनुरूप बनी रहे। कठिन समय में उनकी तत्परता और दृढ़ निष्ठा ने रेलवे प्रशासन की सेवा-गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ किया है।

**डीआरएम ने की सराहना- 'फ्रंटलाइन स्टाफ रेलवे की रीढ़'**

सम्मान समारोह में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने कहा कि फ्रंटलाइन कर्मचारी यात्रियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित सेवाएं सुनिश्चित करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा इन तीनों कर्मचारियों ने उत्कृष्ट कार्यकुशलता के साथ अद्वितीय साहस का परिचय दिया है। उनका यह प्रदर्शन न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि मंडल के सभी कर्मियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी है। सम्मान समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजीव रंजन सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला के साथ अभद्र व्यवहार की प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुसूचित जाति जनजाति थाना में सासाराम मुफस्सिल थाना के कंचनपुर निवासी सरस्वती कुमारी ने गांव के चार युवकों अंतू कुमार, रामप्रवेश शाह, टिंकू शाह, जयवंत कुमार पर अभद्र व्यवहार व मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार सरस्वती जब अपने दो छोटे भाइयों के साथ बाजार से सामान लाने जा रही थी तो रास्ते में इन युवकों ने छेड़खानी किया। विरोध करने पर मारपीट की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कोचस नगर में तेंदुआ घुसने से मची अफरा-तफरी

**रेस्क्यू कर राजगीर जू-सफारी नालंदा को किया गया सुपुर्द**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास जिला के कोचस नगर पंचायत के विद्युत पावर स्टेशन के समीप शाम में आम जनता / वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, बिक्रमगंज वन प्रक्षेत्र एवं जिला प्रशासन से कोचस के रिहायशी इलाका में तेंदुआ (लियॉपर्ड) के आने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल विनय कुमार, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, बिक्रमगंज वन प्रक्षेत्र एवं दीपक कुमार सिंह, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, डिहरी वन प्रक्षेत्र को घटनास्थल पर रेस्क्यू टीम के साथ पहुंचने का निदेश दिया गया। तत्पश्चात भा0व0से0 एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी रोहतास फीडल कुमार घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पता चला कि धर्मावती नदी के तटबंधों की ओर से पहुंचे एक तेंदुए ने कोचस आवासीय क्षेत्र में प्रवेश किया। आसपास में खड़े स्थानीय निवासियों द्वारा शोर मचाया गया। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने काफी शोर मचाया। शोरगुल के कारण तेंदुआ पावर हाउस के मुख्य दरवाजे में प्रवेश कर गया। पुनः बाहर निकला और राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-319 को पार कर वार्ड नं 3 में स्थित अर्द्धनिर्मित घर में प्रवेश कर गया। मौके पर पहुंची रोहतास वन प्रमंडल की रेस्क्यू टीम द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू अभियान का नेतृत्व रोहतास वन प्रमंडल पदाधिकारी स्टालीन फीडल कुमार द्वारा किया गया। लगभग तीन घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद तेंदुआ को जाल में फंसाया जा सका।



## पतंजलि ने किया पूर्णिमा पर यज्ञ हवन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि मानव जीवन के हर पहलू के साथ यज्ञ हवन जुड़ा है। चाहे संस्कार हो या पूजा पाठ हर शुभ अवसरों में यज्ञ की सार्वभौमिक, वैज्ञानिक व पंथ, निरपेक्ष पावनी परम्परा जुड़ी हुई है। आज के समय में स्वाइन फ्लू, चिकनगुनिया, डेंगू, फीवर, कोरोना तक जो वायरस बीमारियां फैल रही है। यज्ञ हवन से जीवाणुओं का नष्ट करने की अद्भुत समर्थ होती है। अग्नि से उत्पन्न धूम आकाश में व्याप्त होता हुआ चारों ओर फेल कर शुद्ध करता है। यज्ञ हवन में होम की गई हवी, रोग एवं प्रदूषण रूपी आतीधनों को वेसे ही विनष्ट कर देती है, जैसे नदी झागों को। मनुष्यों को चाहिए कि प्राण आदि की शुद्धि के लिए आग में पुष्टि करने वाले पदार्थ का होम करें। इस यज्ञ हवन में पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद, कौशल कुमार सिंह, योग शिक्षक जितेंद्र कुमार सिंह, प्रभु नारायण शर्मा, ललन चौधरी, सरोज कुमार, अजय कुशवाहा, राजेंद्र सिंह, ददन राय, अनुज कुशवाहा, संजय कुमार, श्री भगवान, नंदलाल गुप्ता सहित कई उपस्थित थे।





**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-12/2025-26 (2nd Call)

पत्रांकः– 562 मेदिनीनगर, दिनांकः– 03/12/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बभनदाहा नाला पर एकल चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–चैनपुर, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 53,78,500=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 13.12.2025 (04:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 20.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 22.12.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 06562–240100 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 367673 (Minor Irrigation)25-26*D

# प्रसिद्ध सीतामढ़ी मेला का भव्य उद्घाटन

## अगहन पूर्णिमा पर मेसकौर के प्रसिद्ध सीतामढ़ी मेला महोत्सव की हुई शुरुआत

**संजय वर्मा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेसकौर**। जिले के मेसकौर प्रखंड के सीतामढ़ी मेला महोत्सव 2025 की शुरुआत गुरुवार को अगहन पूर्णिमा के पावन अवसर पर नवादा जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। पहली बार राजकीय मेला के रूप में सीतामढ़ी को देखने के लिए जिला के लोग लंबे समय से उत्साह के साथ इंतजार कर रहे थे। आज इंतजार की घड़ी समाप्त हुई। इस बार सीतामढ़ी में एक दिवसीय महोत्सव भी मनाया गया। जहां पटना दूरदर्शन के कलाकार उमाकांत बरुआ सहित कई कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने की अवसर भी मिला। इसके लिए सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए है। बीडीओ अश्वनी कुमार ने बताया कि मेला में पेयजल व शौचालय की व्यवस्था की गई है। सीतामढ़ी थानाध्यक्ष पप्पू शर्मा ने बताया कि मेला में सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त पुलिस बल भी कार्यरत है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि सीतामढ़ी मेला धार्मिक आस्था, पारंपरिक संस्कृति और स्थानीय पहचान का प्रतीक है। हर वर्ष हजारों श्रद्धालु और ग्रामीण इस मेले में शामिल होकर माता सीता के चरणों में विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। इस बार मेले में सुरक्षा, साफ-सफाई और सुविधा को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। सीतामढ़ी मेला से राजकीय मेला में परिवर्तित होने में एमएलसी अशोक यादव का काफी सहयोग रहा सीतामढ़ी विकास फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय यादव ने सीतामढ़ी मेला को महोत्सव के रूप में मनाने पर एमएलसी अशोक यादव और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है और कहा कि जिला प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि सीतामढ़ी में मूलभूत सुविधाओं भी जल्द सुदृढ़ हो। मौके पर स्थानीय मुखिया राकेश कुमार, हिसुआ नगर परिषद चेयरमैन पूजा कुमारी मेला ठेकेदार पवन कुमार चौहान, मेला संचालक उपेंद्र राजवंशी, सदस्य प्रेम कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, समाजसेवी सत्येन्द्र सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## आरोपित के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

**हिलसा (नालंदा)/नबिटा संवाददाता**। दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे आरोपित राजेश कुमार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। हिलसा थाना क्षेत्र के पुना गांव स्थित आरोपी के घर पर पुलिस टीम ने डुगडुगी बजाकर न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार चिपकाया। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश के आलोक में की गई है। थाना पुलिस पदाधिकारी शिल्पी राणा ने बताया कि घटना करीब एक सप्ताह पूर्व हुई थी, जब हिलसा में आयोजित तिलकोत्सव कार्यक्रम में स्वागत के लिए फूल बरसाने वाली ननद-भौजाई को आरोपी ने निशाना बनाया। आरोप है कि स्वागत के दौरान आरोपी ने भौजाई के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर गला दबाकर जान से मारने की धमकी भी दी गई। वहीं ननद ने झाड़ियों में छिपकर अपनी अस्मत बचाई। पीड़िता के बयान पर पुना गांव निवासी राजेश कुमार सहित दो लोगों के विरुद्ध हिलसा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। लगातार छापेमारी के बावजूद पुलिस उसके करीब तक नहीं पहुंच सकी। फरारी की स्थिति को देखते हुए न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को आरोपित के घर इश्तेहार चिपकाया गया है।

# जीवन एक यात्रा है : स्वामी प्रभंजनानंद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन का आचार संहिता व्यवहार संहिता और भव पार संहिता है। भागवत गीता में जो आस्तिकता धार्मिकता व्यवहारिकता प्रभु भक्ति उदात एवं दिव्य भावनाओं और उच्च नैतिक आदर्श का वर्णन मिलता है। वह अन्यत्र कहीं अत्यंत ही दुर्लभ है। मानव के आदर्श चरित्र का यथार्थ वर्णन अगर कहीं जानना है तो श्रीमद्भागवत को अवश्य सुनें। संसार का संयोग अनित्य है और वियोग नित्य है संसार के जिन भौतिक वस्तुओं को हम महत्व देते हैं उन वस्तुओं का एक ही काम है कि वह परमात्मा से हमें दूर रखने का कार्य करती है। संसार स्वयं असत्य है और संसार से हमारा संबंध भी असत्य है। यह संसार मेहंदी के पत्ते की तरह ऊपर से तो हरा दिखता है पर यह परमात्मा की लाली से परिपूर्ण है। सुख के लिए केवल निरंतर प्रयास ही पर्याप्त नहीं है अपितु उचित दिशा में प्रयास हो यह भी आवश्यक है दुख भगवान के द्वारा दिया गया कोई दंड नहीं है यह तो हमारे कर्मों का फल है जीवन में सुखी होने की चाहत तो प्रत्येक व्यक्ति के भीतर है पर उसके प्रयास सदैव विपरीत दिशा में होते हैं यदि आप सच में सुखी होना चाहते हैं तो फिर उन रास्तों का त्याग क्यों नहीं करते जिन रास्तों से दुख आता है आपकी सुख की चाहत तो ठीक है पर रासता ठीक नहीं है। मन में कोई बोझ मत रखिए मस्त रहिए अस्त व्यस्त नहीं रहिए खुश रहिए मुस्कुराते रहिए दूसरों से घृणा करने में अपना समय और ऊर्जा नष्ट ना करें प्रेम एवं आनंद के लिए पहले ही बहुत कम समय है जो समय एवं ऊर्जा हम किसी से घृणा निंदा में लगाते हैं वह प्रेम में लगाइए जीवन स्वर्ग तुल्य हो जाएगा।

# सादगी, दृढ़ निश्चय व कर्तव्यपरायणता के प्रतीक थे डॉ राजेंद्र प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा कॉलेज की प्राचार्या प्रो सुनीता सिन्हा ने कहा कि देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा और जनहित के प्रति समर्पित था। स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान से लेकर संविधान निर्माण तक में उनकी दूरदर्शिता बेमिसाल थी। हर कदम पर उन्होंने देशहित को सर्वोपरि रखा। उनकी सादगी, दृढ़ निश्चय और नेतृत्व क्षमता आज भी हमें देशभक्ति और कर्तव्यपरायणता का मार्ग दिखाती है। प्रो सिंहा गुरुवार को कॉलेज के मुख्य प्रशासनिक भवन में आयोजित राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जन्म- जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थियों को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी उनके सपनों के भारत के निर्माण में जी जान से जुटें। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ रत्नेश कुमार अमन ने कहा कि उनकी कार्यकुशलता से देश को एक ऐसा संविधान मिला, जो पूरी दुनिया के लिए आज भी अनुकरणीय है। शिक्षाशास्त्र (बीएड) विभाग के अध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार ने कहा कि उनके व्यक्तित्व में सादगी और विद्वता का अद्भुत तालमेल था। पटना के टीके घोष एकेडमी और पटना विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात कलकत्ता में वकालत शुरू की और गांधी जी की प्रेरणा से देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रो प्रभाष कुमार, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ सर्वदमन कश्यप, रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष अनिर्बान चटर्जी, दर्शनशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ श्रद्धा कुमारी, राजनीति विज्ञान के अध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार, उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ एस रहमान, पाली विभाग की अध्यक्ष डॉ मंजू कुमारी, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ आर के परमहंस, हिंदी विभागाध्यक्ष चंपा कुमारी, विनय कुमार, जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार सहित कॉलेज के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं व कर्मी मौजूद थे।




## मुख्य मार्ग पर ऑटो पलटा, दो किशोर गंभीर रूप से जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा-डियावां मुख्य मार्ग पर लोहंडा के समीप गुरुवार को ऑटो पलटने से दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब दोनों कोचिंग से पढ़ाई कर ऑटो से अपने घर लौट रहे थे। जख्मी किशोरों की पहचान करायपरसुराय थाना क्षेत्र के नेसरापर गांव निवासी विपिन कुमार (16 वर्ष), पिता मिथिलेश कुमार, तथा चन्दकुरा गांव निवासी कीर्ति कुमारी (16 वर्ष), पिता जय जमादार के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि अचानक ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं, जबकि अन्य सवार भी घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी को हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां दोनों किशोरों का उपचार जारी है।

# धान अधिप्राप्ति की पूर्व तैयारी हेतु पदाधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति की पूर्व तैयारियां हेतु संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी नालंदा द्वारा बताया गया कि जिला में पैक्स तथा व्यापारमंडल सहित 270 समितियों में से 156 समितियों का प्रथम जिला टास्क फोर्स के बैठक में चयन किया गया है तथा दूसरे जिला टास्क फोर्स के बैठक में 48 समितियों का चयन किया गया है। चयनित समितियों में से 83 समितियों द्वारा धान अधिप्राप्ति शुरू की जा चुकी हैं तथा अन्य चयनित समितियों को भी धान अधिप्राप्ति शुरू करने के लिए निर्देश दिया गया है। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा धान अधिप्राप्ति का अद्यतन प्रतिवेदन से



अवगत कराया गया ,जो निम्नवत् हैं जिलांतर्गत चयनित समितियों की संख्या 204, क्रियाशील समितियों की संख्या 83, निबंधित किसानों की संख्या 43680(रैयत 21138, गैर रैयत 22542), धान क्रय की मात्रा 2350 एमटी, किसानों की संख्या 256, भुगतान प्राप्त किसानों की संख्या 184, जिला में निबंधित मिलो की संख्या 34 (उसना 24, अरवा 10) सत्यापित मिलो की संख्या 27(उसना 23, अरवा 4)। जिला पदाधिकारी द्वारा धान अधिप्राप्ति हेतु निर्देश दिया गया कि सभी चयनित समितियों में अविलंब धान अधिप्राप्ति शुरू करेंगे , किसानों का भुगतान निर्धारित समय में कराना सुनिश्चित किया जाए, समितियों द्वारा धान क्रय का भंडारण सुनिश्चित करें तथा क्रय धान का गोदाम में स्टेकिंग किया जाय ताकि उसका भौतिक सत्यापन में कोई परेशानी नहीं हो, गोदाम की क्षमता के अनुसार गोदाम में धान का भंडारण हो, मिलो के साथ समितियों का टैगिंग रूट ऑप्टिमाइजेशन तथा उनकी क्षमता को ध्यान में रखा जाए, किसी भी स्तर पर कोई अनियमितता नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी नालंदा, जिला सहकारिता पदाधिकारी नालंदा, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम नालंदा उपस्थित थे।

# डीएम ने की आवासीय विद्यालय में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति हेतु की स्थापना समिति की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में अनु०जाति एवं अनु०जनजाति कल्याण विभाग / पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा नालन्दा जिला अंतर्गत संचालित आवासीय विद्यालय में रिक्त पदों के विरूद्ध शिक्षा विभाग से शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति हेतु जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मती से विषयवार शिक्षकों की रिक्ति के विरूद्ध शिक्षा विभाग से शिक्षकों को प्रतिनियुक्त करने का निर्णय लिया गया। विवरण निम्नवत है डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, राजगीर, नालन्दा में प्राथमिक शिक्षक के कुल 2 रिक्तियां हैं। कक्षा 6 से 10 के अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, गणित, सामाजिक विज्ञान, सा०शि०, संगीत/कला एवं कम्प्यूटर विषयों के कुल 7 रिक्तियां हैं। कक्षा 11 से 12 के अंग्रेजी, वनस्पति विज्ञान, मनोविज्ञान विषयों के कुल तीन रिक्तियां हैं। इसीतरह डॉ० भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, मुढ़ारी, हरनौत में प्राथमिक शिक्षक के लिए कुल 01 रिक्तियां हैं। कक्षा 6 से 10 संस्कृत, सा०शि० एवं संगीत/कला विषयों के कुल तीन रिक्तियां हैं। वहीं अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, सब्बैत, सिलाव, नालन्दा में कक्षा 06 से 08 में अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान एवं गणित विषयों के कुल तीन रिक्तियां हैं। कक्षा 9 से 10 के अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, विज्ञान, गणित, संगीत/कला एवं कम्प्यूटर विषयों के कुल सात रिक्तियां हैं। कक्षा 11 से 12 के हिन्दी, गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान, इतिहास, समाज शास्त्र एवं राजनीति शास्त्र विषयों के कुल नौ रिक्तियां हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीपीओ शिक्षा स्थापना आदि उपस्थित थे।

## राजेन्द्र सिंह उर्फ बटोही सिंह की नवीं पुण्यतिथि मनीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नारदीगंज (नवादा)**। श्री लक्ष्मी कला परिषद,ओड़ो के पूर्व निदेशक सह ओड़ो निवासी राजेन्द्र सिंह उर्फ बटोही सिंह का नौवीं पुण्यतिथि गुरुवार को श्रद्धाभाव से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन उनके पैतृक आवास पर हुआ। इस दौरान उनके जेयष्ठ पुत्र रामानुग्रह सिंह, कनिष्ठ पुत्र प्रवीण कुमार के अलावा बिनोद कुमार, चंद्रभूषण कुमार, लक्ष्मी नारायण शर्मा, धर्मेन्द्र कुमार, शंभुशरण शर्मा, संजय कुमार सिंह, बबलू सिंह, उपेंद्र सिंह समेत अन्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें।

# गोविंदपुर विधायक ने खेल मंत्री श्रेयसी सिंह को सौंपा मांग पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा और गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र में खेल के दिशा में विकास करने को लेकर गोविंदपुर विधायक विनीता मेहता ने खेल मंत्री कृषि सिंह को मांग पत्र सौंपा। पहला प्रस्ताव — महान फुटबॉलर शीयो मेवालाल सिंह के सम्मान में फुटबॉल मैदान गोविंदपुर विधानसभा की धरती से जुड़े,

नवादा जिला के गौरव और देश के महान फुटबॉलर शीयो मेवालाल सिंह का योगदान अविस्मरणीय रहा है।

इसी सम्मान में उनके नाम पर एक बड़े फुटबॉल मैदान के निर्माण का प्रस्ताव दिया गया है, ताकि हमारी युवा पीढ़ी उनके सपनों, अनुशासन और समर्पण से प्रेरित होकर खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त कर सके। दूसरा प्रस्ताव नवादा जिला व गोविंदपुर विधानसभा की खेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु छह कोर्ट वाला आधुनिक बैडमिंटन हॉल बनाया जाए, ताकि खिलाड़ी बेहतर सुविधाओं के साथ राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी कर सकें। नवादा जिला का एकमात्र खेल भवन, जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। इसे मरम्मत कर पुनः सक्रिय करने का आग्रह किया गया है। जिले के खेल संघों को कार्यालय हेतु कक्ष आवंटित किए जाएं, जिससे खेल गतिविधियों में गति आए और संगठनों के संचालन में सुविधा हो।



नवादा जिला में मानक आकार का क्रिकेट स्टेडियम उपलब्ध नहीं है। इसके लिए दो स्थान प्रस्तावित किए गए हैं— गोविंदपुर–नादौरा क्षेत्र

नवादा–कुंती नगर क्षेत्र

इनमें से किसी भी स्थान पर उपयुक्त भू-भाग उपलब्ध कराकर 70 मीटर रेडियस वाला क्रिकेट मैदान विकसित किया जा सकता है, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास और प्रतियोगिताओं का बड़ा मंच मिलेगा। श्रेयसी सिंह जी ने दोनों प्रस्तावों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक विचार करने का भरोसा दिया।

# अररिया में शिक्षिका शिवानी कुमारी की निर्मम हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। ज्ञान की धरती बिहार में एक विद्यालय शिक्षिका की निर्मम हत्या की खबर से संपूर्ण शिक्षक समाज सकते में है। अररिया जिले में कार्यरत शिक्षिका शिवानी कुमारी की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना ने राज्य भर के शिक्षकों को आक्रोशित और व्यथित कर दिया है। उत्तर प्रदेश की निवासी शिवानी कुमारी की हत्या की खबर मिलने के बाद से ही रजौली प्रखंड के शिक्षक समुदाय में भारी गुस्सा है, शिक्षकों ने सोशल मीडिया के माध्यम से एकजुट होकर बिहार सरकार से उनके परिवार को त्वरित न्याय दिलाने और मामले की अतिशीघ्रता से जांच करने की मांग शुरू कर दी है। रजौली प्रखंड के शिक्षक नेता अजित कुमार ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री से यथाशीघ्र उक्त मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, उनका कहना है कि माननीय मुख्यमंत्री के आह्वान पर ही अन्य राज्यों से योग्य शिक्षकों का चयन कर उन्हें बिहार में शिक्षा देने के लिए बुलाया गया है और ऐसी स्थिति में एक शिक्षिका की इस तरह निर्मम हत्या होना राज्य की बदनामी का कारण बनेगा, इसलिए ऐसे संवेदनशील मामले की तह तक पहुंचना, सच्चाई को उजागर करना और राज्य में शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना अतिआवश्यक है।

# छात्राओं को लगाया गया एचपीवी का टीका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। हरनौत प्रखंड विभिन्न विद्यालयों में गुरुवार को मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत छात्राओं को एचपीवी का टीका लगाया गया। वहीं पीएचसी के स्वास्थ्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मुरारी ने बताया कि महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए मध्य विद्यालय अमरपुरी, मवि सिरसी एवं मवि मुढारी में करीब 137 छात्राओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) का टीका लगाया गया। वहीं पीएचसी के एमओआईसी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत 9 से 14 वर्ष की आयु की सभी बालिकाओं को यह टीका लगाया जा रहा है। एचपीवी टीका गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर समेत कई अन्य गंभीर बीमारियों से बचाता है। एक अनुमान के अनुसार, यह टीका 90% तक कैंसर के मामलों को रोक सकता है। मौके पर डॉ. दिनेश नाथ गुप्ता, सीएचओ आनंद कुमार ललित, राजीव, शैलेन्द्र ,सुरभी समेत अन्य मौजूद थे।



## मृतक की हुई पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज(नवादा)**। तिलैया राजगीर रेलखंड पर बिक्कु गांव के समीप ट्रेन की चपेट में आने से 45 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई थी। मृतक का शव की पहचान हो गई है। थानाध्यक्ष राहुल अभिषेक ने बताया मृतक नारदीगंज बाजार के स्व. इंद्रदेव यादव का 45 वर्षीय पुत्र अनिल यादव उर्फ साधु यादव के रुप में किया गया है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को मृतक के स्वजन को सौप दिया गया है। उन्होंने कहा प्रथम दृष्टया उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से प्रतीत हो रहा है। वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का खुलासा होगा। इधर,घटना की खबर मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में मातम छा गया। लोग को रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। सूचना मिलते ही काफी संख्या में लोग मृतक के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बांधने में लगे रहे।

# अज्ञात स्कॉर्पियो ने दारोगा को रौंदा, गंभीर रूप से जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा–थरथरी मुख्य मार्ग पर गुरुवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा उस समय हो गया जब हिलसा थाना में पदस्थापित दारोगा सरोज राय अपनी बाइक से बिहार शरीफ़ व्यवहार न्यायालय जा रहे थे। लहराडाक के समीप अचानक सामने से आ रही एक तेज रफ्तार सफेद स्कॉर्पियो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना लगभग साढ़े नौ बजे की है, जब वे पोक्सो मामले में गवाही देने के लिए न्यायालय जा रहे थे। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना एनएमसीएच रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि दारोगा खतरे से बाहर हैं और उनका इलाज पटना में चल रहा है। पुलिस ने फरार स्कॉर्पियो की पहचान के लिए आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।




# वेतन भुगतान में घोर लापरवाही, शिक्षक परेशान

## रजौली में अपर मुख्य सचिव का निर्देश बेअसर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। शिक्षा विभाग बिहार के अपर मुख्य सचिव ने 18 नवंबर 2025 को विडियो कांफ्रेंसिंग में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को महीने की पहली तारीख को सभी श्रेणी के शिक्षकों को एरियर सहित वेतन भुगतान करने का स्पष्ट निर्देश दिया था, लेकिन आज 3 दिसम्बर समाचार लिखने तक नवादा जिले के रजौली प्रखंड में इस निर्देश का खुला उल्लंघन देखा जा रहा है। रजौली प्रखंड के नियोजित शिक्षक और सबसे पुराने नियमित शिक्षक का भुगतान नहीं किया गया है, साथ ही विशिष्ट और बीपीएससी शिक्षकों का एरियर भुगतान भी लंबित है। इतना ही नहीं, जिन शिक्षकों को वेतन मिला भी है, उन्हें पुराने दर 50% महंगाई भत्ता और 4% मकान किराया भत्ता ही दिया गया है, जबकि निर्देशानुसार वेतन अपडेट कर 58% महंगाई भत्ता और 5% मकान किराया भत्ता के साथ भुगतान होना चाहिए था। परिणामस्वरूप, सभी कोटि के शिक्षक निराश और परेशान हैं। शिक्षकों का कहना है कि विभाग के निर्देश का पालन न करने पर उन पर तो तुरंत कार्रवाई होती है, पर यहां विभाग के निर्देश की ही अवहेलना हो रही है, और यह स्थिति रजौली प्रखंड ही नहीं, बल्कि पूरे नवादा जिले की है। रजौली प्रखंड के विशिष्ट शिक्षक सह शिक्षक नेता अजित कुमार ने अपर मुख्य सचिव को निर्देश जारी करने के लिए धन्यवाद देते हुए शिक्षकों को अगले माह में ही नवादा जिले में सुधार होने का विश्वास दिलाया और कहा कि अपर मुख्य सचिव के निर्देश का पालन होना ही है, तथा जिला कार्यालय की मजबूरी की जानकारी उन्हें अप्राप्त है।

# कौआकोल आरटीपीएस कार्यालय का किया गया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। नवादा जिले के कौआकोल प्रखंड में गुरुवार को जिला योजना पदाधिकारी सह वरीय पदाधिकारी के द्वारा आरटीपीएस कार्यालय का निरीक्षण कर चल रही सेवाओं की व्यापक जांच की गई। इस दौरान प्रखंड के वरीय पदाधिकारी ने विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण कर प्रमाण-पत्र निर्गमन की स्थिति,आवेदन निस्तारण की समय-सीमा तथा लंबित आवेदनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान आरटीपीएस कार्यालय में होने वाले सभी कार्य सही तरीके से और ससमय पूरा करने का निर्देश कर्मियों को दिया गया। साथ ही आरटीपीएस कार्यालय के अंदर किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश बिल्कुल ना हो जिस पर विशेष ध्यान देने को कहा। मौके पर आइटी सहायक कृदन्त, कार्यपालक सहायक पिन्टू कुमार आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियाद केंद्र में 3 दिसंबर 2025 को जिला प्रबंधक उपमा रानी की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर दिव्यांगजनों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने अपनी क्षमताओं और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की दौड़ में प्रिन्स कुमार और रिंकू कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पिन्दु कुमार ने ट्राई साइकिलिंग दौड़ और आरुषि ने मेढ़क दौड़ में अव्वल जगह बनाई। इसी तरह, पेंटिंग प्रतियोगिता में केशव कुमार और गायन प्रतियोगिता में नेहा कुमारी प्रथम विजेता रहे, जिससे यह साबित हुआ कि दिव्यांगता प्रतिभा के आड़े नहीं आती। यह आयोजन दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम था। प्रतियोगिताओं के सफल समापन के बाद, प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया, जिससे उनका मनोबल बढ़ा।



# गया एयरपोर्ट पर इंडिगो की उड़ान रद्द, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गया एयरपोर्ट पर गुरुवार को इंडिगो की गया-दिल्ली फ्लाइट संख्या 6ई 2416 अचानक रद्द कर दी गयी। इसमें वियतनाम के 35 यात्रियों सहित अन्य यात्री परेशान रहे। सभी यात्री सुबह नौ बजे से एयरपोर्ट पर मौजूद थे और उन्हें दोपहर 12:15 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरनी थी। दिल्ली से मुंबई जाने के लिए यात्रियों की कनेक्टिंग फ्लाइट 6ई 6773 निर्धारित थी। इसके लिए सभी के पास वैध टिकट और बोर्डिंग पास भी जारी कर दिया गया था। हालांकि बोर्डिंग पास मिलने के बाद फ्लाइट रद्द होने की सूचना ने यात्रियों को झटका दे दिया। एयरलाइंस की ओर से यात्रियों को केवल इतना बताया गया कि गया-दिल्ली फ्लाइट विलंब है और आगे चलकर रद्द कर दी गयी है। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर इंडिगो के काउंटर पर मौजूद कर्मियों ने यात्रियों को सलाह दी कि वे अपने-अपने टिकटें रद्द करा लें। पूरे रुपये वापस मिल जाएंगे, लेकिन किसी वैकल्पिक व्यवस्था या नई फ्लाइट के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी। वियतनाम के हो थी नूंग हांग, हांग थी ताई, न्यूगेन ताई में समेत अन्य यात्रियों ने बताया कि हमलोग पूरा दिन एयरपोर्ट पर इंतजार करते रह गए। यात्रियों के अनुसार एयरलाइंस के अधिकारी बार-बार तरह-तरह आश्वासन देते रहे, लेकिन समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। गया एयरपोर्ट पर इंडिगो के स्टेशन मैनेजर विश्वरंजन राणा ने मामले में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। वियतनामी यात्रियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि एयरलाइन कर्मियों का रवैया असंवेदनशील रहा। सुबह से भूखे-प्यासे हमलोग एयरपोर्ट पर हैं। किसी ने सही जानकारी नहीं दी। यहां तक कि यह भी नहीं बताया गया कि आगे हम क्या करें। स्थिति तब और गंभीर हो गयी जब इंडिगो की ओर से यह बताया गया कि आगे की कोई स्थिति फिलहाल स्पष्ट नहीं है। फंसे यात्रियों ने एयरपोर्ट पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द समाधान की मांग की। यात्रियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के साथ इस तरह का व्यवहार गया एयरपोर्ट और बिहार पर्यटन की छवि पर भी सवाल खड़ा करता है। यात्रियों का कहना है कि एयरलाइंस कंपनी को हमलोगों के ठहरने, भोजन और वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था जल्द सुनिश्चित करनी चाहिए।




## पूर्णिमा पर फल्गु महाआरती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** मार्गशीर्ष शुक्ल पूर्णिमा के मौके पर गुरुवार की शाम फल्गु महाआरती हुई। फल्गु सेवा समिति के बैनर तले देवघाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मोक्षदायिनी की महाआरती में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। समिति के बैनर तले अध्यक्ष मुन्ना लाल पाठक धोकड़ी की अध्यक्षता में पांच गयापाल ब्राह्मण बाबूगुर्दा, सागर अग्निवार, मानस भईया, रंगनाथ विट्ठल व रंजन विट्ठल ने पूरे भक्ति भाव व उमंग के साथ महाआरती की। छोटू बारिक ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार अगहन पूर्णिमा के दिन श्रीविष्णुव महादेव का पूजन व हवन करने से ईश्वर की विशेष कृपा प्राप्त होती है। मीडिया प्रभारी छोटू बारिक व गोकुल दुबे ने बताया कि महाआरती के बाद भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष मुन्ना लाल पाठक धोकड़ी, सचिव बिनोद लाल मेहरवर सहित मणिलाल बारीक, गौतम गायब, द्वारिका बाबू बिट्ठल, कमल बारीक, आशीष कटरियार, अजय कटरियार शशि हल, मुन्नू दुबे, माधव धोकड़ी, गोपी धोकड़ी, शंभूगुर्दा, बैजू चौधरी, बाबूगुर्दा, मुन्ना गुर्दा व जीतू गुर्दा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने किया हिन्दी भवन का निरीक्षण

## प्रेमचंद की प्रतिमा अनावरण की तैयारियों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** आगामी 23वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शशि प्रताप शाही ने हिन्दी भवन का भ्रमण किया। इस दौरान बी. डी. कॉलेज पटना की प्राचार्या प्रो रत्ना अमृत और कुलसचिव प्रो विनोद कुमार मंगलम भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान प्रो शशि प्रताप शाही ने प्रो रत्ना अमृत को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। भ्रमण के दौरान हिन्दी, मगही और पत्रकारिता विभागाध्यक्ष प्रो ब्रजेश कुमार राय ने नवीनीकृत हिन्दी भवन की संरचना, साज-सज्जा, अवसंरचना और शैक्षणिक कक्षाओं के संचालन की विस्तृत जानकारी कुलपति और आगंतुकों को दी। उन्होंने बताया कि आगामी 11 दिसम्बर को प्रेमचंद की भव्य प्रतिमा के अनावरण का आयोजन किया जाएगा। अनावरण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और राष्ट्रीय संगोष्ठी भी प्रस्तावित है जिसमें प्रेमचंद साहित्य संस्थान के अध्यक्ष प्रो. सदानंद शाही विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कुलपति प्रो शशि प्रताप शाही ने कहा कि प्रेमचंद भारतीय चेतना, साहित्य और समाज के महान मार्गदर्शक हैं। उनकी मूर्ति स्थापित करना हिन्दी विभाग का ऐतिहासिक और प्रेरणादायक कदम है। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो सुनील कुमार, प्रो आनंद कुमार सिंह, सहायक आचार्य डॉ राकेश कुमार रंजन, डॉ परम प्रकाश राय, डॉ अम्बे कुमारी, डॉ अनुज कुमार तरुण, अतिथि शिक्षक डॉ पौल्टी कुमारी, मगही विभाग की शिक्षिका डॉ किरण कुमारी सहित कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# सड़क हादसे में बाइक सावर की मौत के बाद घंटों सड़क जाम

## 112 की पुलिस ने जान बचाने के बजाय बनी रही मूकदर्शक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे-2 पर गोपालपुर नहर के पास बुधवार को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक बंद रास्ते के लिए लगाए गए डिवाइडर से टकरा गई। इस भीषण हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान डोभी अंतर्गत बहेरा थाना क्षेत्र के लिम्बुगड़ा गांव निवासी नीतीश कुमार के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीतीश अपनी मौसी के यहां चंडीस्थान जा रहा था। इसी दौरान गोपालपुर नहर के पास उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना के समय 112 की पुलिस गाड़ी मौके पर मौजूद थी, लेकिन घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल नहीं पहुंचाया गया, बल्कि पुलिस कर्मी मौके पर खड़े रहकर स्थिति देखते रहे। लोगों का कहना है कि समय पर इलाज मिलता तो युवक की जान बच सकती थी। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर घंटों जाम कर दिया। इस दौरान नेशनल हाईवे पर छोटी-बड़ी वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो गया। परिजनों ने बताया कि युवक अपने मौसा के देहांत की सूचना मिलने के बाद मौसी के घर जा रहा था, तभी रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। सूचना मिलते ही शेरघाटी थानाध्यक्ष मोहन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हंगामा कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। कड़ी मशक्कत के बाद सड़क से जाम हटवाया गया और आवागमन बहाल कराया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि फिलहाल परिजनों द्वारा अब तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के जन्म दिवस पर गया जिलाधिकारी हुए सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2025 के स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं सफल संचालन, व्यवहृत उत्तरपुस्तिका के बारकोडिंग करवाने के साथ-साथ मूल्यांकन कार्य में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहने के कारण बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा कल 3 दिसंबर को भारत का प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित मेधा दिवस 2025 के अवसर पर जिलाधिकारी को सम्मानित किया गया। शिक्षा मंत्री एवं अध्यक्ष बिहार विद्यालय परीक्षा समिति आनंद किशोर ने जिलाधिकारी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा को सफल संचालन कराने के लिए यह पुरस्कार दिया जा रहा है। विदित हो कि मैट्रिक परीक्षा 2025 में कुल 59 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सदर अनुमंडल अंतर्गत कुल 42, टिकारी अनुमंडल अंतर्गत 5, शेरघाटी अनुमंडल अंतर्गत 8 तथा नीमचक बथानी अनुमंडल अंतर्गत 4 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। मैट्रिक परीक्षा में कुल 78720 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। उसी प्रकार इंटरमीडिएट 2025 परीक्षा के सफल संचालन हेतु पूरे जिले में कुल 61 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। गया सदर अनुमंडल अंतर्गत कुल 48, टिकारी अनुमंडल अंतर्गत 4, शेरघाटी अनुमंडल अंतर्गत 6 तथा नीमचक बथानी अनुमंडल अंतर्गत 3 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा में कुल 71691 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। उसी प्रकार मैट्रिक परीक्षा एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तरपुस्तिका के बारकोडिंग करवाने के साथ-साथ मूल्यांकन कार्य भी काफी अच्छे तरीके से सम्पन्न करवाया गया था।

## फरार कुख्यात नक्सली उत्तम राम उर्फ राजेश दास गिरफ्तार

**गयाजी (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में नक्सल गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नौ साल से फरार चल रहे कुख्यात नक्सली उत्तम राम उर्फ राजेश दास को एसटीएफ और मुफस्सिल थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बुनियादगंज इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

## विधायक उपेंद्र प्रसाद दांगी के पिता का निधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इमामगंज।** गुरूआ विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक उपेंद्र प्रसाद दांगी के पिता जनक प्रसाद (85) का बुधवार की देर रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं गुरुवार की सुबह इमामगंज प्रखंड क्षेत्र के उनके पैतृक गांव रोहवे में अंतिम संस्कार के दौरान सैकड़ों की भीड़ उमड़ पड़ी और गांव शोक में डूब गया। परिवार के सदस्यों के साथ ग्रामीणों ने बताया कि जनक प्रसाद पिछले काफी समय से बीमार थे और उन्हें पैरालिसिस भी था। कुछ दिन पहले वे अचानक गिर पड़े थे जिसके बाद उन्हें पटना के आइजीआइएमएस में भर्ती कराया गया।

## भारी मात्रा में शराब जब्त, कारोबारी फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के घाघर गांव के समीप पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो बाइक पर लदे भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की है। इस दौरान तस्करी में प्रयुक्त दोनों बाइकों को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। हालांकि पुलिस को देखते ही शराब कारोबारी मौके से फरार होने में सफल रहा। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि घाघर के पास से शराब की एक बड़ी खेप बाइक के जरिए ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके में गश्ती तेज कर दी। इसी दौरान दो संदिग्ध बाइक सवार पुलिस को देखकर बाइक छोड़कर फरार हो गए जब बाइकों की तलाशी ली गई तो दोनों पर कुल 4300 लीटर अंग्रेजी शराब लदी हुई पाई गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब को थाने लाकर सुरक्षित रखा गया है तथा अज्ञात तस्करों के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। फरार आरोपियों की पहचान किया जा रहा है।

# उत्तर कोयल नहर परियोजना को गति, विभिन्न गांवों में कैंप आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** उत्तर कोयल नहर परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को तेज करने के उद्देश्य से प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अंचलाधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में विगत दिनों से चल रहे इस अभियान के क्रम में गुरुवार दोपहर 12 बजे भी विशेष कैंप लगाया गया। अंचलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखण्ड के सिमरहुआ, बरई, दौरमा, काबर और मझियावां गांवों में राजस्व टीम के साथ कैंप आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित किसानों की वंशावली तैयार कर राजस्व कर्मचारियों द्वारा एलपीसी (लगान पर्चा) बनाया जा रहा है। एलपीसी तैयार होने के बाद किसान भूमि अधिग्रहण के अंतर्गत मुआवजे के लिए आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 15 दिसंबर तक सभी आवश्यक दस्तावेज बिहार सरकार के माध्यम से भारत सरकार को भेज दिए जाएंगे। ताकि परियोजना की आगे की प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। भूमि अधिग्रहण कार्य की प्रगति पर जिला पदाधिकारी स्वयं प्रत्येक दिन मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि कैंपों से किसानों को बड़ी सुविधा मिल रही है और दस्तावेजी प्रक्रिया पहले की तुलना में तेजी से पूरी हो रही है।



## सड़क सुरक्षा के प्रति छात्रों को किया गया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** संत डोमिनिक सेवियोज हाई स्कूल, नासरीगंज, दीघा, पटना में को सड़क सुरक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम मिशन रोड सेफ्टी, जिला परिवहन कार्यालय, पटना एवं संत डोमिनिक सेवियोज हाई स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में मिशन रोड सेफ्टी के विशेषज्ञ अमित कुमार ने बच्चों के लिए सुरक्षित आवागमन के तरीके, रक्षात्मक ड्राइविंग जागरूकता और स्कूल बस, साइकिल, पैदल या माता-पिता के साथ यात्रा करते समय जिम्मेदार आचरण पर ध्यान केंद्रित किया और छात्रों को सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात अनुशासन के महत्व पर जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपेंद्र पाल (डीटीओ, पटना), पिंकू कुमार (एडीटीओ, पटना) एवं ललित मोहन (डीएसपी ट्राफिक, पटना) ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को जीवन रक्षा का संकल्प बताया।

## श्वान दल भी चोरों को पकड़ने में असफल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** स्टेशन रोड स्थित आठ दुकानों में एक ही रात हुई चोरी की घटना में पुलिस द्वारा बुधवार को श्वान दल को बुलाकर जांच पड़ताल करवाया गया, परन्तु श्वान भी चोरों को पता लगाने में असफल रहा। पुलिस द्वारा श्वान को घटनास्थल पर ले जाकर सुंघवाया गया और श्वान घटनास्थल से चलकर दो सौ मीटर जाकर हीं सड़क पर ठिठक गया। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष पूजा कुमारी एवं दारोगा अवधेश कुमार द्वारा बताया गया कि घटनास्थल पर चोरों का कोई सामान नहीं पाया गया है जिसके कारण श्वान चोरों को पता लगाने में असफल रहा। गौरतलब है कि स्टेशन रोड के दुकानों में हमेशा सामूहिक चोरी की कई बार घटनाएं हो चुकी है, परन्तु आज तक पुलिस हमेशा पता लगाने में असफल रही है। इस संबंध में व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष सुदामा ठाकुर ने कहा कि पुलिस की उदासीन रवैए के कारण पीड़ित व्यवसायियों द्वारा आवेदन तक नहीं दिया जाता है। आवेदन देने पर पुलिस द्वारा उलटे पीड़ित व्यवसायियों को हीं जांच पड़ताल के नाम पर परेशान किया जाता है। अब डर तो इस बात का है कि ये वे लगाम चोरों का दल रात्रि में ट्रेन से उतरने -पकड़ने वाले यात्रियों के साथ छिनतई की घटना करने लगें। इनका मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

## जिलाधिकारी ने किया जवाहर नवोदय विद्यालय अरवल का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अरवल।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय अरवल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा शैक्षणिक वर्ग संचालन, पुस्तकालय, खेल मैदान, इन्डोर खेल कक्ष और भोजनालय, छात्रावास, शिक्षा की गुणवत्ता सहित अन्य निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। इस अवसर पर उन्होंने प्राचार्य और शिक्षकों को निर्देशित किया कि ग्रामीण प्रतिभाओं का स्वरूप निखारने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए बच्चों को उन्नत और उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-21/2025-26 (2nd Call)

पत्रांकः– 565 मेदिनीनगर, दिनांकः– 03/12/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ललकी माटी नाला पर एकल चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–पांकी, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 48,28,600=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 13.12.2025 (04:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 20.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 22.12.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 06562–240100 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 367677 (Minor Irrigation)25-26*D


# राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेलागंज (गया)।** रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज, गया में देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें अर्जुन नारायण, नंदनी कुमारी, उजमा परवीन, खुशी कुमारी, रिया कुमारी, प्रीतम आयरन इत्यादि को प्रशस्ति पत्र मेडल तथा कलम से विद्यालय के प्रधान मोहम्मद अबरार आलम ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने देश रत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि एवं मालपान किया और बताया कि सादगी के प्रतीक डॉ राजेंद्र प्रसाद की जीवनी से हमें साहस और शिक्षा प्रदान करने का मार्गदर्शन मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षक दिलीप कुमार, चंद्रमणि प्रसाद, राजेश कुमार, राजू, रिंकू कुमारी, मधुबाला, निशा कुमारी, राशिद अनवर, सोनी कुमारी, प्रदीप कुमार, अणेश कुमार, चंदन कुमार, मानस कुमार, दीपक कुमार, रिमझिम कुमारी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन परिचय प्रस्तुत किया और कहा कि उनके पद चिह्न पर चलकर छात्रों का उत्थान हो सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने संबोधित करते हुए कहा यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के बीच इसलिए कराया जाता है कि आप अपने पूर्वजों को महान स्वतंत्रता सेनानियों को देश के उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों को पहचाने जाने और समझें जिन्होंने देश की आजादी से लेकर आजाद भारत को सीखने और सवारने का काम किया। यह कैसे विद्यार्थी थे जिनकी कॉपी पर एग्जामिनर ने लिखा था एग्जामिन बेटर देन एग्जाम यह उच्च पदों पर रहते हुए पूरे जीवन सादगी के साथ व्यतीत किया और उनकी मृत्यु बिहार के सदाकत आश्रम में हुई। इन्होंने जीरा देवी के अपने आवास को सरकार के हवाले कर दिया था। राष्ट्र को समर्पित कर दिया था ऐसे व्यक्ति को हम सारे लोग नमन करते हैं और उनके पद चिह्न पर चलने की चेष्टा करते हैं।




## पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 02.12.2025; मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कमरा सं. 44, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: निविदा सं.: टीएन-154-25-26; कार्य का नामः सियालदह मंडल के रानाघाट-गेदे अनुभाग में पुल सं. 113 (अप लाइन) तथा बनगाँव-पेट्रापोल में पुल सं. 84-टी (सिंगल लाइन) की आरसीसी जैकेटिंग कार्य तथा पीएससी स्लैब रूपांतरण का प्रावधान। निविदा मूल्यः रु. 5,10,05,867.71; ईएमडीः रु. 4,05,000; कार्य समापन अवधिः 12 (बारह) महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 30.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 30.12.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। भारतीय रेल मानक संविदा 2022 की साधारण शर्तों के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की कीमत शून्य है। (SDAH-283/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (वर्ष 2025–26)**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– पथ/गढ़वा/1214/2025–26 (गै0यो0) दिनांक–03.12.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | : | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | : | दिनांक 10.12.2025 को 12.00 बजे से दिनांक 16.12.2025 तक 3.00 बजे अपराह्न तक। (कार्यालय अवधि में) |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 17.12.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 17.12.2025 को 3.30 बजे अप0 के बाद। |
| 5 | परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान | : | (1) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, प्रथम तल्ला, अभियंत्रण छात्रावास सं0–2, धुर्वा, रांची। (2) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0नि0वि0, पथ अंचल डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। (3) कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल गढ़वा के कार्यालय परिसर में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। |
| 6 | निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान | : | क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयों में निर्धारित स्थानों पर |
| 7 | कार्य का विवरण :– | | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | संवेदक की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01. | प्रमण्डलीय कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर में अवस्थित कार्यपालक अभियंता का कक्ष एवं अन्य कक्षों के साथ प्रमण्डलीय जाँच प्रयोगशाला का सज्जोसामान सहित जिर्णोद्धार कार्य। | 10.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 01 माह | चतुर्थ अथवा तृतीय श्रेणी |
| 02. | पथ प्रमण्डल, गढ़वा के परिसर में अवस्थित सहायक अभियंता, गुण नियंत्रण कार्यालय तथा कार्यपालक अभियंता के आवास का मरम्मति, रंग रोगन एवं सुसज्जीकरण कार्य। | 6.00 | 12,000.00 | 1,250.00 | 01 माह | चतुर्थ अथवा तृतीय श्रेणी |

नोटः– (1) निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है।
(2) परिमाण विपत्र की राशि भारतीय स्टेट बैंक जो कार्यपालक अभियंता पथ प्रमण्डल, गढ़वा के पदेन होना अनिवार्य होगा।
(3) निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(4) संवेदक द्वारा सामाग्रीयों का आपूर्ति विभाग से अनुमोदित कम्पनी/ब्रांड का होना अनिवार्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

PR 367729 Road(25-26).D

संपादकीय

# वृद्धि की दर! आंकड़ों पर उठ रहे कुछ सवाल

देश की अर्थव्यवस्था को लेकर आने वाली सकारात्मक खबरें निश्चित तौर पर एक राहत का संदेश होती हैं। खासतौर पर जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुस्तरीय उथल-पुथल के बीच देश कई विपरीत स्थितियों का सामना कर रहा हो, आर्थिक विकास दर में सामान्य से अधिक बढ़ोतरी के आंकड़े बताते हैं कि अगर समाधानमूलक उपायों को लागू करने को लेकर संजीदगी बरती जाए, तो रास्ते निकाले जा सकते हैं।

ताजा सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, देश के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की वृद्धि दर जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में 8.2 फीसद बढ़ी, जो पिछली छह तिमाहियों का उच्चतम स्तर है। यह वृद्धि करीब सात फीसद के अनुमान से अधिक है।

दरअसल, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, कारखाना उत्पादन में तेजी और सेवा क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन के बेहतर नतीजे सामने आए। सही है कि इस समय कृषि क्षेत्र सुस्ती के दौर से गुजर रहा है, लेकिन कारखाना उत्पादन और सेवा क्षेत्र में तेज प्रगति देखी गई, जिसने कृषि क्षेत्र में आई शिथिलता को बेअसर कर दिया।

जाहिर है, जीडीपी वृद्धि दर के ताजा सरकारी आंकड़े को आर्थिक मोर्चे पर एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है, लेकिन अगर इसका असर जमीनी स्तर पर भी स्पष्ट दिखे और जनता को उसका लाभ सीधे महसूस हो, तभी इसका कोई अर्थ है।

निश्चित तौर पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई शुल्क नीति के दायरे में भारत भी है और इससे इसके निर्यात क्षेत्र पर खासा प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग जगहों पर युद्धों और अन्य अनिश्चितताओं के कारण भी बहुत सारे देशों की अर्थव्यवस्थाएं लगातार बचाव या जद्दोजहद की स्थिति से गुजर रही हैं। ऐसे में अगर भारत ने वृद्धि दर के मोर्चे पर अनुमान से अधिक हासिल किया है, तो यह अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत है।

मगर सवाल यह है कि जिस महंगाई दर के आंकड़े के आधार भी वृद्धि दर के आंकड़े में शामिल माने जाते हैं, क्या उसमें वास्तव में इतनी कमी आई है? महंगाई दर के कम होने को लेकर सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के बरक्स यह छिपा नहीं है कि रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की कीमतों के मामले में आम लोगों के सामने किस तरह की चुनौतियां खड़ी हैं।

यह बेवजह नहीं है कि सरकार के ताजा आंकड़ों पर कुछ सवाल उठ रहे हैं और कहा जा रहा है कि जब तक निजी निवेश और सकल स्थिर पूंजी निर्माण में वास्तविक उछाल नहीं आता, तब तक ऐसे आंकड़े टिकाऊ नहीं हो सकते। दूसरी ओर, सरकार की ओर से जीडीपी वृद्धि दर को लेकर ये आकलन ऐसे समय जारी किए गए, जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आइएमएफ ने अपनी एक रपट में भारत की अर्थव्यवस्था के वार्षिक मूल्यांकन में यहां के राष्ट्रीय खातों के आंकड़ों में गंभीर खामियां बताते हुए इन्हें 'सी' श्रेणी में रखने की बात कही है। आंकड़ों की गुणवत्ता के लिहाज से इसे दूसरा सबसे निचला स्तर माना जाता है। आइएमएफ की रपट चिंता का कारण इसलिए भी है कि इसकी रपटों के आधार पर कई बार उपलब्धियों को सकारात्मक बताया जाता है, तो इसकी ओर से भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में ताजा आकलन को किस संदर्भ में देखा जाएगा। जो हो, जीडीपी वृद्धि दर को लेकर एनएसओ के आंकड़े अगर अर्थव्यवस्था के वास्तविक धरातल पर सही हैं, तो यह देश के लिए राहत की बात है।

# नकली बीजों के संकट में किसान...

**एक रपट के अनुसार, खेती में बीजों का योगदान कुल फसल उत्पादन का 15-20 फीसद है। उच्च गुणवत्ता वाले बीजों तक पहुंच किसानों की आजीविका, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और कृषि अर्थव्यवस्था तीनों के लिए निर्णायक है। आर्थिक लालच, कमजोर आपूर्ति श्रृंखलाओं, ढीले नियम और किसानों में जागरूकता की कमी के कारण नकली बीजों की समस्या पैदा हुई है। लिहाजा, नया कानून तभी सफल होगा, जब इसमें किसान, कंपनियों और राज्य एजंसियों की वास्तविक स्थितियों को ध्यान में रखा जाएगा। सरकार को नए कानून को और मजबूत बनाने के लिए कई कदम उठाने चाहिए। सबसे जरूरी यह है कि किसानों और किसान संगठनों की आशंकाओं पर विचार कर उन्हें आश्वस्त किया जाए। किसान संगठनों की आशंका है कि नए कानून से बड़ी कंपनियों का बीज कारोबार पर कब्जा हो जाएगा। ऐसे में सरकार को छोटे और स्थानीय बीज उत्पादकों के लिए अलग से सरल 'लाइसेंसिंग' का प्रावधान करना चाहिए। जो लोग छोटे पैमाने पर बीज उत्पादन करना चाहें, उन्हें लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने की तर्ज पर बीजों के प्रमाणन में तकनीकी सहायता और रियायतों का प्रावधान किया जा सकता है। इससे एक ओर जहां बाजार में विविधता बनी रहेगी, वहीं एकाधिकार का खतरा भी कम होगा।**

अमरेंद्र सिंह वर्मा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से हाल में जारी बीज विधेयक 2025 का मसविदा किसानों, कृषि विशेषज्ञों और उद्योग जगत के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। सरकार ने सभी हितधारकों से इसके प्रावधानों पर ग्यारह दिसंबर 2025 तक सुझाव मांगे हैं। प्रस्तावित विधेयक मौजूदा बीज अधिनियम, 1966 और बीज (नियंत्रण) आदेश, 1983 का स्थान लेगा। मसविदा छोटी श्रेणी के अपराधों को अपराधमुक्त करने, व्यापार सुगमता बढ़ाने और अनुपालन का बोझ कम करने पर जोर देता है। सरकार का दावा है कि यह कानून बाजार में उपलब्ध बीजों और रोपण सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करेगा। इससे किसानों को किफायती दरों पर अच्छे बीज उपलब्ध होंगे, नकली और घटिया बीजों की बिक्री पर अंकुश लगेगा, नवाचार और नई वैश्विक किस्मों का रास्ता खुलेगा। बीज आपूर्ति श्रृंखला अधिक पारदर्शी बनेगी। सरकार के दावों के बावजूद इस मसविदे पर कई सवाल भी उठ रहे हैं।

देश में नकली बीज किसानों के लिए एक बड़ी समस्या बन चुके हैं। हाल में मुंबई में आयोजित एशियाई बीज कांग्रेस-2025 में केंद्रीय कृषि मंत्री ने भी माना कि नकली बीज किसानों के लिए विनाशकारी साबित हो रहे हैं। बीज उत्पादक किसानों को दिए जाने वाले बीजों की ठीक से जांच करें, क्योंकि किसान की एक साल की फसल बिगड़ी, तो उसकी पांच साल तक हालत बिगड़ जाती है। यह कथन जमीनी सच्चाई को पूरी तरह बयान करता है। देश के लगभग सभी राज्यों में किसानों को नकली और मानकों पर खराब गुणवत्ता वाले बीज बेचे जा रहे हैं। नतीजा यह कि या तो अंकुरण नहीं होता या होता है, तो उत्पादकता बहुत कम निकलती है। ऐसे मामलों में किसान अक्सर कर्ज के जाल में फंस जाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, घटिया बीजों से जीआइ टैग वाली फसलों की गुणवत्ता प्रभावित होती है। निर्यात अस्वीकृत हो जाता है



और देश की कृषि साख को भी नुकसान पहुंचता है। यह संकट केवल बीजों तक सीमित नहीं है। खाद और कीटनाशक भी बड़े पैमाने पर नकली पाए जा रहे हैं। लोकसभा में सरकार द्वारा हाल में दी गई जानकारी समस्या की गंभीरता को उजागर करती है। सरकार के अनुसार वर्ष 2023-24 में 1,33,588 बीज नमूने लिए गए, जिनमें 3,630 नमूने खराब पाए गए। वर्ष 2023-24 के दौरान 1,81,153 उर्वरक नमूनों में से 8,988 नमूने मानकों के अनुरूप नहीं थे। इसी प्रकार 80,789 कीटनाशक नमूनों में से 2,222 नमूने नकली पाए गए।

अन्य आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024-25 में जांचे गए 2.53 लाख नमूनों में 32,525 बीज घटिया पाए गए। तेलंगाना, राजस्थान, गुजरात और पश्चिम बंगाल ऐसे राज्य हैं, जहां बीजों में गड़बड़ी के सर्वाधिक मामले सामने आए हैं। राजस्थान में छापेमारी अभियान में नकली बीजों के कई मामले पकड़े गए। राज्य में अब तक 73 विक्रेताओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज हो चुके हैं।

बड़ा सवाल यह भी है कि विधेयक के मसविदे में सजा के जो प्रावधान किए गए हैं, वे कितने असरदार होंगे? सरकार के अनुसार नया कानून नकली बीजों के धंधे पर नकेल कसने के लिए तीन स्तरों पर कड़े दंड का ढांचा तैयार करता है। सरकार का दावा है कि कानूनी प्रावधानों से बाजार में अनुशासन आएगा, तो फिर किसान संगठन विरोध क्यों कर रहे हैं?

किसान संगठनों का सवाल है कि क्या इससे किसानों की फसल खराब होने पर मुआवजे की समस्या सुलझ पाएगी?किसान संगठनों का कहना है कि यह मसविदा कई अहम पहलुओं को छूता ही नहीं है। खराब बीज मिलने पर किसानों के लिए मुआवजे का प्रावधान नहीं है। यह कानून कंपनियों पर जुर्माना तो लगाता है, पर नुकसान किसे भरना है, यह साफ नहीं है। फसल खराब होने पर किसानों को सीधे मुआवजा देने का ठोस प्रावधान नहीं है। 'ट्रांसजेनिक' बीजों के आयात और बिक्री पर सुरक्षा उपाय अपर्याप्त हैं।


उनका आरोप है कि अगर यह विधेयक पास हो गया, तो बीज आयात बढ़ेगा और स्थानीय बीज विविधता खतरे में पड़ जाएगी। किसान संगठनों को बीज महंगा होने का डर भी है। उनका मानना है कि 'लाइसेंसिंग' और प्रमाणन प्रक्रियाएं छोटी कंपनियों और स्थानीय बीज उत्पादकों के लिए बोझ बढ़ाएंगी जिससे बाजार पर कुछ बड़ी कंपनियों का नियंत्रण बढ़ सकता है। सरकार किसानों को नकली बीजों से बचाने के लिए यह कानून लेकर आना चाहती है। इसलिए जरूरी नहीं कि सरकार की मंशा पर हमेशा संदेह ही किया जाए, लेकिन इसके साथ किसानों की चिंता को सुना जाना और उनका समाधान तथा आशंकाओं को खत्म करना भी जरूरी है।

एक रपट के अनुसार, खेती में बीजों का योगदान कुल फसल उत्पादन का 15-20 फीसद है। उच्च गुणवत्ता वाले बीजों तक पहुंच किसानों की आजीविका, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और कृषि अर्थव्यवस्था तीनों के लिए निर्णायक है। आर्थिक लालच, कमजोर आपूर्ति श्रृंखलाओं, ढीले नियम और किसानों में जागरूकता की कमी के कारण नकली बीजों की समस्या पैदा हुई है। लिहाजा, नया कानून तभी सफल होगा, जब इसमें किसान, कंपनियों और राज्य एजंसियों की वास्तविक स्थितियों को ध्यान में रखा जाएगा। सरकार को नए कानून को और मजबूत बनाने के लिए कई कदम उठाने चाहिए। सबसे जरूरी यह है कि किसानों और किसान संगठनों की आशंकाओं पर विचार कर उन्हें आश्वस्त किया जाए। किसान संगठनों की आशंका है कि नए कानून से बड़ी कंपनियों का बीज कारोबार पर कब्जा हो जाएगा। ऐसे में सरकार को छोटे और स्थानीय बीज उत्पादकों के लिए अलग से सरल 'लाइसेंसिंग' का प्रावधान करना चाहिए। जो लोग छोटे पैमाने पर बीज उत्पादन करना चाहें, उन्हें लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने की तर्ज पर बीजों के प्रमाणन में तकनीकी सहायता और रियायतों का प्रावधान किया जा सकता है। इससे एक ओर जहां बाजार में विविधता बनी रहेगी, वहीं एकाधिकार का खतरा भी कम होगा। सरकार को हर बीज की थैली पर सूचनाएं अनिवार्य कर देना चाहिए, जिससे नकली बीजों पर अंकुश लग सके। बीजों के नमूनों की जांच प्रणाली का विस्तार करना भी बहुत आवश्यक है। इस काम के लिए राज्यों को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि ज्यादा नमूने लिए जा सकें। ग्रामीण स्तर पर नमूने लेने के लिए सचल प्रयोगशाला जैसी व्यवस्था भी कारगर हो सकती है। इसके साथ किसानों में जागरूकता भी लाने की जरूरत है।

बीज विधेयक 2025 के मसविदे में निश्चय ही नकली बीजों के खिलाफ सख्ती दिखती है, लेकिन अगर किसानों की फसल सुरक्षा, मुआवजा और स्थानीय बीजों के संरक्षण को भी विधेयक में उचित और प्रभावी स्थान मिल जाए, तो किसानों को आश्वस्त करने में मदद मिलेगी। सरकार का इरादा साफ हो सकता है, लेकिन इस मामले में किसान संगठनों की चिंताएं भी उतनी ही वास्तविक हैं। आवश्यकता इस बात की है कि दोनों पक्ष संवाद की मेज पर बैठें और कानून को ऐसे रूप में लाएं जो किसान, उपभोक्ता और कृषि-व्यवस्था तीनों के हित में हो। ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि देश किसी तरह का कोई आंदोलन नहीं चाहता।

अध्यात्म

## बुराई का अंत हर हाल में होता है



एक सांप को एक बाज आसमान पे ले कर उड राहा था।

अचानक पंजे से सांप छूट गया और कुवें मे गिर गया बाज ने बहुत कोशिश की अखिर थक हार कर चला गया।

सांप ने देखा कुवें मे बड़े किंग साईज़ के बड़े बड़े मेढक मौजूद थे।

पहले तो डरा फिर एक सूखे चबूतरे पर जा बैठा और मेढकों के प्रधान को लगा खोजने।

अखिर उसने एक मेढक को बुलाया और कहा मैं सांप हूँ मेरा ज़हर तुम सब को पानी मे मार देगा।

ऐसा करो रोज़ एक मेढक तुम मेरे पास भेजा करो, वह मेरी सेवा करेगा और तुम सब बहुत आराम से रह सकते हो।

पर याद रखना एक मेढक रोज़ रोज़ आना चाहिए।एक एक कर के सारे मेढक सांप खा गया।

जब अकेले प्रधान मेढक बचा तब सांप चबूतरे से उतर कर पानी मे आया और बोला प्रधान जी आज आप की बारी है।

प्रधान मेढक ने कहा मेरे साथ विश्वास घात ? सांप बोला जो अपनो के साथ विश्वास घात करता है उसका यही अंजाम होता है।

फिर उसने प्रधान जी को गटक लिया।

कुछ देर के बाद साँप आहिस्ता आहिस्ता कुवें के ऊपर आ कर चबूतरे पर लेट गया।

तभी एक बाज ने आ कर साँप को दबोच लिया नवनीत और बोला पहचान साँप मुझे मैं वही बाज हूँ जिसके बच्चे तूने पिछले साल खा लिये थे। और जब तुझे पकड़ कर ले जा रहा था तब तू मेरे पंजे से छूट कर कुएं मे जा गिरा था। तब से मैं रोज़ तेरी हरकत पर नज़र रखता था।आज तू सारे मेढक खा कर काफी मोटा हो गया।

मेरे फिर से बच्चे बड़े हो रहे है वह तुझे ज़िंदा नोच नोच कर अपने भाई बहनो का बदला लेंगे।। फिर बाज साँप को लेकर उड़ गया अपने घोसले की तरफ। बुराई एक दिन हार जाती है वह चाहे कितनी भी ताक़त वर हो !

# बीएलओ का कार्य दबाव नहीं, देशसेवा का विषय


**अधिकांश राज्यों में चुनाव ड्यूटी को अपार (एपीएआर) में उत्कृष्ट दर्ज किया जाता है, जिससे पदोन्नति में सीधी मदद मिलती है। इस वर्ष तो कई राज्यों ने एसआईआर के लिए अतिरिक्त मानदेय की घोषणा की है। इस लेख के माध्यम से लाखों देश हितेषी बीएलओ भाई बहनों को इतना ही समझाना है कि- प्रिय बीएलओ भाइयों-बहनों, यदि आपको वास्तव में कोई समस्या है, चाहे वह तकनीकी हो, कार्यभार की हो या स्थानीय प्रशासन के असहयोग की है तो उसे अपने ईआरओ/एईआरओ/डीईओ तक लिखित में ले जाइए। आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। आपका जीवन अनमोल है और राष्ट्र को आप जैसे देश हितैषियों की आवश्यकता है। विडंबना है कि हमारे देश का विपक्ष का काम जब मनोबल बढ़ाना है, तब वह आपके मनोबल को तोड़ रहा है, और आपको देश के लिए अमूल्य योगदान देने में बाधा उत्पन्न कर रहा है।**

सपना सी.पी. साहू 'स्वप्निल'

इन दिनों कुछ राज्यों से अत्यंत दुखद समाचार आए हैं कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) अत्यधिक कार्य-दबाव के कारण आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठा रहे हैं। यह आत्महंता बनने का समाचार बहुत हृदय विदारक है। किंतु इसी संवेदनशील मुद्दे को हमारे देश के विपक्षी दल और उनके समर्थित संगठन जिस तरह राजनीतिक हथियार बना रहे हैं, वह न केवल निंदनीय है अपितु राष्ट्र-विरोधी भी है। वे सोशल मीडिया और प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीएलओ पर अत्याचार... और सरकार उन्हें मार रही है... जैसे अतिश्योक्तिपूर्ण नारे चला रहे हैं, जबकि सच्चाई तो यह है कि यही एसआईआर प्रक्रिया 2014 के बाद से हर वर्ष हो रही है और इसके कारण सिर्फ मृत व्यक्ति ही नहीं काटे जा रहे बल्कि उससे बढ़कर लाखों संदिग्ध, घुसपैठिए, बांग्लादेशी, रोहिंग्या मतदाता सूची से बाहर हो चुके हैं। एसआईआर एक आवश्यक प्रक्रिया है। कुछ कड़े तथ्य असम में 2015-2024 के बीच एसआईआर और एनआरसी से संयुक्त रूप से 19 लाख से अधिक संदिग्ध विदेशी मतदाता सूची से हटाए गए (चुनाव आयोग की रिपोर्ट)।

पश्चिम बंगाल मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, 2024 के आंकड़ो के अनुसार यहां 2021-2024 के एसआईआर अभियानों में 22 लाख से अधिक प्रतिलिपी (डुप्लीकेट), मृत, स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए गए है। साथ ही 9 लाख से अधिक नए नामों को दस्तावेजों के अभाव में अस्वीकार किया गया है। त्रिपुरा, मेघालय, झारखंड के सीमावर्ती जिलों में भी एसआईआर के कारण लाखों अवैध घुसपैठिए मतदाता बनने से रोके गए। सर्वोच्च न्यायलय ने 2023 में असम मामले में स्पष्ट कहा था कि- मतदाता सूची से विदेशियों को हटाना राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न अंग है।


(अवमानना याचिका (सी) संख्या 454/2020)। पूरा देश का विपक्ष इन तथ्यों को छिपाकर केवल बीएलओ आत्महत्या कर रहे हैं... का एकतरफा रोना रोए जा रहा है। सब आवेदन भर सके, इसके चलते 7 दिन की अवधि बढ़ाई गई है। चुनाव आयोग ने 2024-25 के एसआईआर के लिए पहले 30 दिन का समय दिया था। कई राज्यों के बीएलओ संघों और जिला निर्वाचन अधिकारियों ने प्रतिवेदन दिया कि इतने बड़े पैमाने पर घर-घर सत्यापन, दस्तावेज जांच और ऑनलाइन फीडिंग में 30 दिन अपर्याप्त हैं। इसके बाद आयोग ने 2 दिसंबर 2024 के आदेश द्वारा अवधि 37 दिन (7 दिन अतिरिक्त) कर दी। यह बीएलओ के हित में लिया गया निर्णय है, न कि उन पर बोझ बढ़ाने का। विपक्ष का दोहरा चरित्र जिन दलों के शासनकाल में बीएलओ को बिना किसी अतिरिक्त भत्ते के 60-60 दिन तक फील्ड में रखा जाता था, आज वही दल 37 दिन को भी अत्याचार बता रहे हैं। 2006-2014 के बीच पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने एसआईआर के नाम पर



सैकड़ों भाजपा-समर्थित मतदाताओं के नाम कटवाए थे, तब बीएलओ पर कितना दबाव था, इस पर कोई बयान नहीं आया था। आज जब घुसपैठिए और डुप्लीकेट वोटरों के नाम कट रहे हैं तो अचानक बीएलओ की चिंता सताने लगी है। यह दोहरा मापदंड लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। बीएलओ का कार्य साधारण ड्यूटी नहीं, राष्ट्र की रक्षा का कार्य है आप जब किसी संदिग्ध बांग्लादेशी, रोहिंग्या को मतदाता बनने से रोकते हैं, तो आप सीधे तौर पर भारत की संप्रभुता की रक्षा कर रहे हैं। बिल्कुल देश के महान सैनिक और सुरक्षा में लगी पुलिस की तरह ही। जब आप जब किसी मृत व्यक्ति का नाम हटाते हैं, तो आप वोट की पवित्रता बचाते हैं। आप जब किसी गरीब आदिवासी महिला, जिसके पास कोई दस्तावेज नहीं हैं, को फार्म-6 भरवाकर मतदाता बनाते हैं, तो आप संविधान के अनुच्छेद 326 की रक्षा कर रहे हैं। यह कोई साधारण सरकारी काम नहीं, यह 10 लाख बीएलओ की देशसेवा है। सैनिक सीमा पर गोली खाकर देश की रक्षा करता है, आप कलम और फॉर्म से देश की आंतरिक सुरक्षा कर रहे हैं। सरकार और आयोग बीएलओ के साथ हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी) पर राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्य निर्वाचन आयुक्त सम्मानित करते हैं।

अधिकांश राज्यों में चुनाव ड्यूटी को अपार (एपीएआर) में उत्कृष्ट दर्ज किया जाता है, जिससे पदोन्नति में सीधी मदद मिलती है। इस वर्ष तो कई राज्यों ने एसआईआर के लिए अतिरिक्त मानदेय की घोषणा की है। इस लेख के माध्यम से लाखों देश हितेषी बीएलओ भाई बहनों को इतना ही समझाना है कि- प्रिय बीएलओ भाइयों-बहनों, यदि आपको वास्तव में कोई समस्या है, चाहे वह तकनीकी हो, कार्यभार की हो या स्थानीय प्रशासन के असहयोग की है तो उसे अपने ईआरओ/एईआरओ/ डीईओ तक लिखित में ले जाइए। आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। आपका जीवन अनमोल है और राष्ट्र को आप जैसे देश हितैषियों की आवश्यकता है। विडंबना है कि हमारे देश का विपक्ष का काम जब मनोबल बढ़ाना है, तब वह आपके मनोबल को तोड़ रहा है, और आपको देश के लिए अमूल्य योगदान देने में बाधा उत्पन्न कर रहा है। आपके साथ हम सब सच्चे भारतवासियों का काम एक सशक्त घुसपैठियों से मुक्त राष्ट्र का निर्माण करना है। आप उस महान परंपरा के हिस्से हैं। जिसने 1952 से लेकर आज तक भारत के लोकतंत्र को जीवित रखा है। गर्व से अपना कर्तव्य निभाइए। देश आपकी प्रशंसा और सम्मान के साथ देख रहा है। पूरे राष्ट्रवादी जन देश सेवा में आपके सहयोगी है और आपके कार्यो पर गर्व है, चरैवेति चरैवेति... जय हिंद!

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

अपने बड़ों की अवमानना न करें। अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद होगा। स्वास्थ्य को लेकर बिल्कुल लापरवाही न करें। निम्न रक्तचाप के कारण समस्या हो सकती है।

**वृषभ**

व्यवसाय में आय बढ़ सकती है। आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जीवनसाथी से सलाह ले सकते हैं।

**मिथुन**

परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। मानसिक रूप से शान्ति महसूस करेंगे।

**कर्क**

उच्च शिक्षण संस्थान में प्रवेश के अवसर मिल सकते हैं। कारोबारी यात्रा से लाभ प्राप्त होगा। उच्चाधिकारियों के बीच आपकी काफी चर्चा होगी।

**सिंह**

व्यापार को लेकर अधिक सावधानी रखें। इसीलिये थोड़ा सोच-विचारकर ही काम करें। भावनात्मक रूप से थोड़ा कमजोर रहेंगे।

**कन्या**

जीवनसाथी आपको भावनात्मक रूप से काफी सहयोग देगा। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है।

**तुला**

व्यवसाय में उन्नति के लिये प्रयास करेंगे। लोन से जुड़े हुये अवरोध दूर होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे।

**वृश्चिक**

आपके द्वारा कही गयी बात सत्य होगी। आपकी सेहत काफी अच्छी रहने वाली है। नये विषयों के अध्ययन व अनुसन्धान में रुचि लेंगे।

**धनु**

कुछ लोग आपकी आलोचना कर सकते हैं। घर के बड़े बुजुर्गों का सम्मान करें। परिजनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़े प्रोजेक्ट्स में काम करने का अवसर मिल सकता है।

**मकर**

विवेक और संयम से निर्णय लेने से आपको लाभ होगा। आयात-निर्यात के व्यवसाय में बड़ा लाभ हो सकता है। विद्यार्थी किसी नये कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।

**कुंभ**

कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। नयी जॉब ढूँढ रहे हैं तो आज सफलता मिल सकती है। विरोधियों के बीच में आपकी चर्चा होगी। परिस्थितियाँ आपके पक्ष में रहेंगी।

**मीन**

आपके आकर्षक व्यक्तित्व की लोग प्रशंसा करेंगे। फाइनेन्स को लेकर परेशानियाँ दूर होंगी। व्यवसाय को लेकर अपनी रणनीति बदल सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### योगगुरु रामदेव ने 'लाफिंग बुद्धा' नागेश्वर दास को दिया आशीर्वाद

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पतंजलि योग पीठ, हरिद्वार में चल रहे विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान एक प्रेरणादायी क्षण देखने को मिला, जब सारण के सिवान के निवासी और देश-दुनिया में 'लाफिंग बुद्धा' के नाम से विख्यात नागेश्वर दास को योगगुरु स्वामी रामदेव ने विशेष



आशीर्वाद दिया। स्वामी रामदेव ने उनके पिछले 25 वर्षों से जारी 'स्वस्थ भारत - मस्त भारत' मिशन की सराहना करते हुए कहा कि आज समाज को हँसी, सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक संतुलन की सर्वाधिक आवश्यकता है। उन्होंने नागेश्वर दास के प्रयासों को अनुकरणीय बताते हुए उन्हें निरंतर प्रगति और सफलता का आशीर्वाद दिया। नागेश्वर दास वर्षों से देश के विभिन्न राज्यों की जेलों, विद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं में हास्ययोग, तनाव-निवारण और मानसिक स्वास्थ्य के कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं। उनके सत्रों ने अब तक हजारों लोगों विशेषकर बंदियों के जीवन में सकारात्मक भाव परिवर्तन, आत्मविश्वास और मानसिक शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पतंजलि पीठ में हुई यह भेंट उनके मिशन को नई ऊर्जा प्रदान करती है। कार्यक्रम में मौजूद साधकों और श्रद्धालुओं ने कहा कि यह क्षण स्वयं में प्रेरणा, आशा और उत्साह से परिपूर्ण था, जो समाज में हँसी और स्वास्थ्य के संयुक्त अभियान को नई दिशा देता है।

### मिड डे मील में गड़बड़ी का आरोप

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखंड के कौरुधौरु उत्क्रमित मध्य विद्यालय के दर्जनों छात्र-छात्राएं बुधवार को अचानक मांझी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के कार्यालय पहुंच गए और अपने साथ हुए कथित उत्पीड़न को लेकर एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा। छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के प्रधान शिक्षक शाहनवाज खान पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मिड-डे मील के तहत उन्हें सड़ा-गला भोजन जबरन परोसा जा रहा था, और जब उन्होंने खाने से इनकार किया, तो प्रधान शिक्षक ने उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां दीं तथा कई बच्चों की बेरहमी से पिटाई की। बीडीओ उपेंद्र दास ने शिकायत प्राप्त होने के बाद विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच में आरोप सही पाए जाने पर प्रधान शिक्षक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इन्सेमिनेशन पाठ्यक्रम के नए बैच का शुभारंभ

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में बिहार वेटरिनरी कॉलेज, पटना में स्कूल ऑफ पैरावेटरिनरी साइंसेज द्वारा आर्टिफिशियल इन्सेमिनेशन (सीसी एआई) प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम की नई बैच का विधिवत



शुभारंभ किया गया. कुलपति डॉ. सिंह ने नई बैच को अपने आशीर्वाद देते हुए प्रशिक्षण के दौरान कौशल विकास पर विशेष जोर देने की बात कही. तीन माह के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 17 जिलों से आए कुल 27 अभ्यर्थियों ने नामांकन कराया है. पाठ्यक्रम का उद्देश्य राज्य के पशुपालकों को उन्नत नस्ल सुधार एवं प्रजनन सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए कुशल कृत्रिम गभार्धान तकनीशियन तैयार करना है. पाठ्यक्रम के अंतर्गत एक माह का सैद्धांतिक एवं प्रयोगात्मक प्रशिक्षण बिहार वेटरिनरी कॉलेज में होगा. इसके बाद दो माह का क्षेत्रीय प्रशिक्षण बिहार सरकार के प्रखंड स्तरीय पशु चिकित्सालयों में संचालित किया जाएगा. शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता डीन डॉ. जे. के. प्रसाद ने की. इस दौरान प्रो. अजीत कुमार, पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. डी. सेन गुप्ता, स्कूल प्रमुख डॉ. रमेश तिवारी तथा पोल्ट्री रिसर्च सेंटर के प्रमुख डॉ. कौशलेंद्र कुमार उपस्थित रहे. यह पहल राज्य में पशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगी. साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में प्रजनन दक्षता बढ़ाने तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.

### बीएन कॉलेज इंटर्न ने प्राणी सर्वेक्षण की प्रकिया को जाना

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा समभूमि प्रादेशिक केंद्र, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, पटना-26 के प्रांगन में जिले के विभिन्न महाविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों का प्रेम यूथ फाउंडेशन के नेतृत्व में शैक्षिक दौरा के अंतर्गत आगमन हुआ कसर्वप्रथम सभी छात्रों को जंतु संग्रहालय का परिभ्रमण करवाया गया एव वैज्ञानिक एवं तकनीकी कर्मचारी द्वारा बिहार की जंतु विविधताओं पर व्याख्यान दिया गया कइसके उपरांत सभी छात्रों को कार्यालय के एम. एल. रूनवाल सभागार में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के प्रभारी अधिकारी, डॉ. अनिल कुमार , वैज्ञानिक-ई ने पक्षियों



के गायन की विशिष्टता तथा उपयोगीता पर प्रकाश डाला और बताया कि भारतीय पक्षी किस प्रकार से विभिन्न प्रकार के ध्वनि संकेतों का प्रयोग करते हैं कइन ध्वनि संकेतों की संरचना तथा विशेषताओं के आधार पर इन संकेतों की सहायता से जीवों पर हो रहे जलवायु परिवर्तनों तथा उनके प्राकृतिक आवासों की क्षीण और नष्ट होने की दर का भी अध्यन किया जा सकता हैं कउसके उपरांत डॉ. एम. ई. हसन, वैज्ञानिक-ई द्वारा बिहार के कीट विविधता पर प्रकाश डाला गया तत्पश्चात डॉ. वी. ऍम. सतीश, वैज्ञानिक-सी द्वारा निकट भविष्य में जीव-जन्तुओ पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया कइसके बाद छात्रों को कार्यालय के जैव प्रयोगशाला में ले जा कर उन्हें डॉ. एम. ई. हसन, वैज्ञानिक-ई के द्वारा जीवो के संग्रहण, परिक्षण एवं पहचान पर एक संछिप्त प्रशिक्षण दिया गया कप्रशिक्षण के दौरान स्टूडेंट्स ने साइंटिस्ट्स के साथ बातचीत की और कीड़ों और दूसरे जानवरों पर जलवायु परिवर्तन के असर पर कई सवाल भी पूछे। फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि जैवविविधता को बनाये रखना अति आवश्यक है । पर्यावरण से छेड़छाड़ का सीधा असर जैवविविधता पर ही होता है ।

# दानापुर में सातवें दिन चला नप प्रशासन का बुलडोजर, वसूला गया जुर्माना





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर सातवें दिन गुरुवार को नप प्रशासन ने सगुना मोड से रूपसपुर नहर आरओबी तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद नगर परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग सगुना मोड से रूपसपुर नहर आरओबी तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. जिससे अतिक्रमणाकारियों के बीच हडकंप मच गया. घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है प्रशासन ने कई जगहों पर अवैध रूप से लगाये गये ठेले, टेबल, दुकानों के आगे फैले सामान व पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई. अतिक्रमणकारियों से 12हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया है. अभियान नप के ईओ पंकज कुमार व ईओ (व्यवस्था) रवि कुमार के नेतृत्व में चलाया गया. अभियान में नगर प्रबंधक अरमेंद्र कुमार व ब्रजेश सिंह, सफाई निरीक्षक संजय कुमार व पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ सगुना मोड से रूपसपुर नहर आरओबी तक सडक के किनारे से अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया. उन्होंने बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक पर अस्थायी रूप से झोपडी , गुमटी व बालू-गिट्टी रखकर अतिक्रमण के कारण आए दिनों जाम लगने से आम लोगों समेत स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पडती है. जिसको देखते हुए नप प्रशासन ने अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे नगर को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा. यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना वसूला जायेगा. साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी.

## बित्ती कमेटी की पत्नी का निधन, शोक

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाज सेवी शिक्षा प्रेमी श्री मारवाड़ी पाठशाला समिति, बित्ती कमिटी के अध्यक्ष सज्जन कुमार किशोरपुरिया की पत्नी संतोष देवी किशोरपुरिया का निधन 72 वर्ष की आयु में दिनांक 2 दिसम्बर 2025, मंगलवार की रात्रि में हो गया है। संतोष देवी किशोरपुरिया धर्मपरायण महिला थी। भागलपुर शहर के धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में इनका योदान काफी रहा है। लड़कियों की शिक्षा के प्रति ये काफी सजग रही थी । साथ ही आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं के विवाह हेतु तन-मन-धन से अपना पूर्ण सहयोग करती थी। यह अपने पीछे 2 पुत्र, पोता-पोती का भरा-पूरा परिवार छोड़कर चली गयी। इनके निधन पर श्री मारवाड़ी पाठशाला समिति, बित्ती कमिटी के महामंत्री राम गोपाल पोद्दार, गोपाल राम चौधरी, रमण कुमार साह, प्रभात कुमार केजरीवाल, जिला अग्रवाल सम्मेलन के संरक्षक कुंज बिहारी झुनझुनवाला, लक्ष्मी नारायण डोकानिया, बनवारी लाल खेतान, बद्री प्रसाद छापोलिका, रंजित झुनझुनवाला, श्याम सुन्दर खेतान, नगर मारवाड़ी मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार खेतान, प्रदीप जलान, ने गहरी संवेदना प्रकट की ।

## अतिक्रमण के खिलाफ तरैया मे प्रशासन का चलेगा बुलडोजर, सीओ ने माइकिंग कर दी हिदायत

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के तरैया बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए स्थानीय प्रशासन सख्त हो गई। गुरुवार को तरैया सीओं पंकज कुमार सिंह ने तरैया बाजार पर के विभिन्न सड़कों पर माइकिंग कर सड़क किनारे अवैध रूप से हुए अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया। सीओ ने सभी अतिक्रमणकारियों को दो दिन की मोहलत दी और कहा कि यदि निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो पुलिस की मदद से बलपूर्वक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। सीओं पंकज कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार से तरैया बाजार और चौक-चौराहों में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम जनहित में है, क्योंकि अतिक्रमण के कारण बाजार में लगातार




जाम लग रहा है और लोगों को परेशानी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार अतिक्रमण हटाव अभियान चलाया गया था। कार्रवाई के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ, इसलिए इस बार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अगर लोग अपने से अतिक्रमित जगह को खाली कर दे रहे हैं तो ठीक है अन्यथा पुलिस के सहयोग से अतिक्रमणकारियों पर दण्डनात्मक कार्रवाई की जाएंगी।

## देशरत्न की समाधि स्थल को विकसित करे सरकार

**बांस घाट स्थित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद समाधि स्थल पर उनकी 141वीं जयंती समारोह सह अंतर विद्यालय निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित**

**पटना/फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सामाजिक संस्थान, बिहार प्रदेश के तत्वावधान में बुधवार को बांस घाट स्थित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद समाधि स्थल पर उनकी 141वीं जयंती समारोह सह अंतर विद्यालय निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई. कार्यक्रम में 213 विद्यालयों के 7214 छात्रों ने हिस्सा लिया. संस्था अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार पाण्डेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया. अध्यक्ष पाण्डेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि संविधान निर्माण में देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की भूमिका ऐतिहासिक रही और उन्होंने सभी समितियों को साथ लेकर चलने की अद्वितीय क्षमता दिखाई.श्रीवास्तव ने कहा कि संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में देशरत्न जितने सम्मान के हकदार थे, उतना उन्हें अब तक नहीं मिला है. उनकी विद्वता, सामंजस्य क्षमता और नेतृत्व की चर्चा उतनी नहीं होती, जितनी होनी चाहिए. उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि समाधि स्थल को विकसित कर ऐसा प्रबंध किया जाए कि राज्य सरकार का कोई भी अतिथि जब पटना आए तो वह अवश्य देशरत्न की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित करे. कार्यक्रम में 897 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र, मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में राजन आनंद, संजीव कर्ण, शिव शंकर, उमेश सिंह, पंकज करपटने, अमिताभ ऋतुराज, अरुण माईकल, सुधांशु भूषण सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.





**प्रतियोगिता परिणाम. निबंध प्रतियोगिता में –**

- पहलाः काजल (रबिन्द्र बालिका विद्यालय).
- दूसराः आदित्य नाथ त्रिपाठी (बी.डी. पब्लिक स्कूल).
- तीसराः धारा कुमारी (गॉड स्पीड पब्लिक स्कूल).
- चौथाः तन्वी (संस्कृति एकेडमी).
- पांचवांः कोमल (ग्लैक्सी साइंस).
- छठाः सुमन (रबिन्द्र बालिका विद्यालय).
- सातवांः खुशबू (टर्निंग प्वाइंट स्कूल).
- आठवांः श्रेया वरेंयम (सुदर्शन सेंट्रल स्कूल).
- नौवांः सुरभि (संत मेरी इंटरनेशनल).
- दसवांः सलोनी (दयानंद कन्या उच्च विद्यालय).

**पेंटिंग प्रतियोगिता में –**

- पहलाः एलसी बास्की (मॉडर्न कम्पिटिटिव हाई स्कूल).
- दूसराः सोनी (रबिन्द्र बालिका विद्यालय).
- तीसराः तन्वी (संस्कृति एकेडमी).
- चौथाः रिया राज (बी.डी. पब्लिक स्कूल).
- पांचवांः रिशव झा (द मालिन्याई स्कूल).
- छठाः आराध्या (स्वामी विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल).
- सातवांः कोमल भारती (टर्निंग प्वाइंट स्कूल).
- आठवांः निशु (गॉड स्पीड पब्लिक स्कूल).
- नौवांः ओम श्रीयम (मोंटेसरी स्कूल).
- दसवांः पुतुल (ग्लैक्सी साइंस).

## आशुतोष कुमार सिंह की 61वीं जयंती धरहरा कला में श्रद्धापूर्वक मनाई गई


**अमनौर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अमनौर प्रखंड के धरहरा कला गांव में पूर्व जिला पार्षद स्व. आशुतोष कुमार सिंह की 61वीं जयंती श्रद्धा, सम्मान व भावपूर्ण माहौल में मनाई गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों,



जनप्रतिनिधियों, युवाओं और सामाजिक कार्यकताओं ने उपस्थित होकर स्व. सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए तथा उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। जयंती समारोह का आयोजन उनके पुत्र, अखिल भारतीय हिंदू महासभा (युवा मोर्चा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा (युवा मोर्चा) के प्रवक्ता ई. आदित्य सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि स्व. आशुतोष कुमार सिंह पूरे जीवन समाज सेवा, जनसमर्पण और विकासोन्मुख सोच के प्रतीक रहे। उनका आशीर्वाद और प्रेरणा आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलिराम तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि स्व. सिंह ने जनप्रतिनिधि रहते हुए क्षेत्र के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया। जनता के साथ उनका आत्मीय रिश्ता और उनके द्वारा कराए गए कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे। समारोह में प्रियरंजन युवराज, अमरेंद्र सिंह कश्यप, त्रिपुरारी सिंह, विशाल सिंह, मयंक सिंह, लालू यादव, संजीत सिंह, राजन सिंह, मोनू सिंह, निरंजन सिंह सहित कई समाजसेवी, गणमान्य नागरिक और ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धांजलि सभा, पुष्पांजलि और स्मृति वंदन का आयोजन किया गया।

## घर बैठे सबसे तेज होम डिलीवरी: पटना में डायर्च ग्रुप की क्विक कॉमर्स में धमाकेदार एंट्री

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार की राजधानी पटना अब क्विक कॉमर्स सेवा के क्षेत्र में एक नई क्रांति की दहलीज पर खड़ा है। शहर के चर्चित डायर्च ग्रुप ने आज इस तेजी से बढ़ते सेक्टर में औपचारिक प्रवेश कर लिया। इसका शुभारंभ एआईआईएमएस गोलंबर के पास 20,000 वर्गफुट में बने भव्य वेयरहाउस के उद्घाटन के साथ हुआ, जहाँ पारंपरिक पूजा-अर्चना के बाद संचालन की शुरूआत की गई। डायर्च ग्रुप के प्रबंध निदेशक रंजन कुमार ओझा ने बताया कि पटना शहर में कंपनी 20 से 30 डार्क स्टोर स्थापित करने जा रही है। ये डार्क स्टोर मुख्य वेयरहाउस से सामान प्राप्त कर उपभोक्ताओं तक मिनटों में डिलीवरी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि जल्द ही कंपनी का आधिकारिक लोकार्पण किया जाएगा। इसके बाद एक विशेष मोबाइल एप के माध्यम से लोगों को घर-घर क्विक कॉमर्स की सुविधा मिलेगी, जिसमें किराना से लेकर दैनिक उपयोग की हर आवश्यक वस्तु मिनटों में उनके दरवाजे तक पहुँचाई जाएगी। ओझा ने यह भी घोषणा की कि आने वाले समय में पूरे बिहार में कंपनी इसी तरह के और वेयरहाउस स्थापित करेगी। इससे जहाँ उपभोक्ताओं को त्वरित सेवा का लाभ मिलेगा, वहीं राज्य में रोजगार के नए अवसर भी तेजी से बढ़ेंगे।




## दानापुर लक्ष्य कार्यक्रम : जिलास्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का अयोजन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के उद्देश्य से लक्ष्य कार्यक्रम के तहत जिलें के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को लक्ष्य प्रमाणीकरण के रूप में शामिल करने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का अयोजन किया गया. प्रशिक्षण शिविर का उदघाटन सिविल सर्जन डा अविनाश कुमार ने करते हुए बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों का लक्ष्य प्रमाणीकरण किया जाना है.अभी तक जिले के अस्पताल में लक्ष्य प्रमाणीकरण नहीं किया गया है . जबकि अब अन्य स्वास्थ्य केंद्रों का लक्ष्य प्रमाणीकरण करने का लक्ष्य है. शिविर में सहयोगी संस्था के कर्मी सहित जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, बीएचएम व प्रसव कक्ष की प्रभारी सहित कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे .स्वास्थ्य केंद्रों में रख-रखाव की अद्दतन स्थिति को बेहतर करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया . सिविल सर्जन डॉ. कुमार ने बताया स्वास्थ्य केंद्रों के प्रसव कक्ष के रख-रखाव की अद्दतन स्थिति को लेकर बताया गया है.इसके साथ ही अस्पताल के प्रसव रूम, ओटी, मेटरनिटी वार्ड, एसएनसीयू सहित कई अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया गया है. ताकि जिलें के सभी अस्पतालों का लक्ष्य प्रमाणीकरण किया जा सके. प्रसव से जुड़ी हुई सेवाओं को बेहतर करने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. विभिन्न प्रसव केंद्रों में पहले से ही संस्थागत प्रसव को लेकर कई तरह के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं. प्रसव कक्ष एवं मैटरनिटी ओटी के लिए अलग से होती हैं व्यवस्थ डीपीएम ने बताया लक्ष्य योजना के तहत भारत सरकार द्वारा प्रसव कक्ष व मैटरनिटी ओटी के लिए प्रमाणीकरण के लिए अलग से व्यवस्था होती है. जो मानक स्तर पर प्रसव से संबंधित सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने के बाद ही दी जाती हैं.लक्ष्य कार्यक्रम को लेकर टीम के द्वारा अस्पताल स्तर पर क्वालिटी सर्किल टीम, जिला स्तर पर जिला गुणवत्ता यकीन समिति, रिजनल स्तर पर रिजनल कोचिंग टीम के स्तर से निरीक्षण के बाद ही निर्धारित मानकों के आधार पर कम से कम 70 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त होने के बाद इसे राज्य स्तर पर मान्यता के लिए भेजा जाता है. उन्होंने ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा गठित टीम के द्वारा प्रसव कक्ष और ओटी के निरीक्षण के बाद ऑडिट की जाती है। मुख्यालय के टीम द्वारा विभिन्न मानकों के निरीक्षण में कम से कम 70 प्रतिशत अंक प्राप्त होने चाहिए. तभी राज्यस्तरीय टीम के द्वारा उसे प्रमाण पत्र दिया जाता है. राज्यस्तरीय प्रमाण पत्र के बाद इसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के पास भेजा जाता है.इसके बाद राष्ट्रीय स्तर की टीम अस्पताल का निरीक्षण व ऑडिट करती है. कम से कम 70 प्रतिशत अंक मिलने पर ही लक्ष्य प्रमाणीकरण प्राप्त होता है. मौके पर अस्पताल प्रभारी उपाधीक्षक डा निभा मोहन, अस्पताल प्रबंधक सीमा कुमारी समेत अन्य डाक्टर, जीएनएम मौजूद थे.



## बेलदारी चक के स्कूल में बुनियादी सुविधाओं का टोटा छात्रों ने पटना-गया हाईवे दो घंटे तक जाम किया

अनियंत्रित बोलेरो की ठोकर से ऑटो चालक की मौत, पत्नी रेफर

छपरा/तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के तरैया-अमनौर एसएच-104 मुख्य सड़क पर तरैया बाजार स्थित रामकी आई हॉस्पिटल के समीप बुधवार की संध्या में एक अनियंत्रित बोलेरे की ठोकर से ऑटो चालक की मौत हो गई, जबकि इस घटना में उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक शितलपट्टी गांव निवासी स्व० शिवपूजन साह का 45 वर्षीय पुत्र कन्हैया साह बताया गया हैं, जबकि गंभीर रूप से घायल उसकी पत्नी मिन्ता देवी है। जिसका इलाज चल रहा है। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि कन्हैया साह जो कि ऑटो पर गांव-गांव घूमकर आलू-प्याज और मसाला बेचता हैं। बुधवार को किसी काम को लेकर वह पति-पत्नी अपने ऑटो से ही तरैया बाजार पर गए हुए थे। इसी दौरान तरैया-अमनौर एसएच-104 मुख्य सड़क पर रामकी आई हॉस्पिटल के समीप अमनौर की तरफ से आ रही एक अनियंत्रित बोलेरो के चालक ने ऑटो में जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे कन्हैया साह बीच सड़क पर फेंका गया और उसकी पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को देखकर आसपास के लोगों दौड़ते हुए वहां पहुचे तथा दोनों को तुरंत उठाकर रेफरल अस्पताल तरैया में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने कन्हैया साह को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल मिन्ता देवी को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है, जिसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुची तरैया थाने की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजकर आगें की जांच एवं कार्रवाई में जुट गई हैं। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था जिसको एक पुत्र रौशन कुमार 18 वर्ष, तथा दो पुत्री रौशनी कुमारी 15 वर्ष एवं प्रीति कुमारी 13 वर्ष हैं। वहीं घटना के बाद मृतक के पुत्र-पुत्रियों समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## महावीर कैंसर संस्थान को मिली बड़ी सहायताः सेंट्रल बैंक अध्यक्ष ने 18.75 लाख का चेक सौंपा

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कल्याण कुमार गुरुवार को महावीर कैंसर संस्थान पहुंचे और यहां इलाज से जुड़ी सभी सुविधाओं का निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद उन्होंने संस्थान की सेवाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कलर डॉपलर ईकोकार्डियोग्राफी मशीन के लिए 18.75 लाख रुपये का चेक प्रदान किया. उन्होंने कहा कि भविष्य में भी संस्थान को सहायता दी जाती रहेगी. श्री कुमार ने यह भी कहा कि पिछले वर्ष संस्थान के संस्थापक आचार्य किशोर कुणाल के आकस्मिक निधन से हम सभी गहरे रूप से दुखी हैं. वे बिहार के बेटे सर्वन कुमार की तरह थे. स्वागत




भाषण में संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एल. बी. सिंह ने कहा कि यह अस्पताल गरीबों के लिए है और इसे आगे बढ़ाने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं. उन्होंने बताया कि आचार्य किशोर कुणाल की इच्छा थी कि कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए एक अलग अस्पताल बनाया जाए. आज हम महावीर किशोर कुणाल बाल कैंसर अस्पताल के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं. इस निर्माण में सहायता देने के लिए कई लोग आगे आ रहे हैं. संस्थान की चिकित्सा निदेशक डॉ. मनीषा सिंह ने सेंट्रल बैंक के अध्यक्ष की इस पहल पर प्रसन्नता जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया. उन्होंने कहा कि संस्थान आधुनिक सुविधाओं से पूरी तरह लैस है और यहां ऐसे मरीजों का इलाज किया जाता है जिनके पास आर्थिक संसाधनों की कमी रहती है. गरीब मरीजों को बेहतर से बेहतर इलाज उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. संस्थान में कोई भी मरीज आर्थिक तंगी के कारण इलाज से वंचित नहीं किया जाता. संस्थान के निदेशक (प्रशासन) डॉ. बी. सन्याल ने भी कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए. इस अवसर पर रेडियोथेरेपी विभाग की प्रमुख डॉ. विनीता त्रिवेदी, अपर निदेशक संजय कुमार, सेंट्रल बैंक के वरीय पदाधिकारी तथा संस्थान के कई कर्मचारी उपस्थित थे.

## संक्षिप्त समाचार

### अपराध नियंत्रण को लेकर थानाध्यक्षों के साथ पुलिस गोष्ठी

**मैनाटाड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार ने मैनाटाड़ पुलिस अंचल क्षेत्र के थानाध्यक्षों के साथ अपराध गोष्ठी आयोजित की। बैठक में उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को लंबित मामलों का तत्काल निष्पादन करने, वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और थाना क्षेत्र में हो रही हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।इंस्पेक्टर ने अपराध नियंत्रण के लिए पुलिसिंग में समन्वय और मित्रवत व्यवहार को बढ़ावा देने की बात कही, ताकि लोगों का विश्वास कायम हो और अपराध पर काबू पाया जा सके।इसके अलावा, ठंड और कुहासे के मौसम में रात्रि गश्त बढ़ाने और शराबबंदी कानून के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई करने की बात भी कही गई। शराब पीने और तस्करी करने वालों के खिलाफ तेज कार्रवाई के निर्देश दिए गए।बैठक में मैनाटाड़ थानाध्यक्ष शंभूशरण गुप्ता, इनरवा थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा, पुरूषोतमपुर थानाध्यक्ष सुधा कुमारी, भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### विशेष अभियान, 3 गिरफ्तार, 17 वारंटों का निष्पादन

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा पुलिस ने अपराध नियंत्रण और विधिव्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लगातार छापामारी की। प्रभारी पुलिस अधीक्षक निर्मला के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने शराब सहित विभिन्न मामलों में 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही, 17 लंबित वारंटों का भी सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। पुलिस द्वारा जिले में सघन वाहन जांच अभियान भी चलाया गया, जिसमें 520 वाहनों की जांच की गई और विभिन्न नियम उल्लंघनों के तहत 1 लाख 57 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। प्रभारी एसपी ने बताया कि पुलिस शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने, सघन पेट्रोलिंग और अपराधियों पर कार्रवाई करने में पूरी तरह सक्रिय है।

### पचाधारियों की भूमि पर अवैध निर्माण, सीओ से शिकायत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिनवलिया पंचायत के मझरिया गांव में पचाधारियों ने सीओ से मिलकर शिकायत की है कि भूमाफियाओं द्वारा उनके आवंटित भूमि पर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पचाधारियों ने बताया कि ष्अभियान बसेराष के तहत 16 भूमिहीनों को 5-5 डिसमिल जमीन आवंटित की गई थी, और उनका जमाबंदी भी कायम किया गया है। हालांकि, कुछ भूमाफिया इन जमीनों को हड़पने की कोशिश कर रहे हैं और पचाधारियों को धमकी भी दे रहे हैं। पचाधारियों ने सीओ से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद राजस्व कर्मचारी को जांच का निर्देश दिया गया है, और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बीपीआरओ ने किया रखइ चम्पापुर पंचायत का निरीक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के रखइ चम्पापुर पंचायत का औचक निरीक्षण गुरुवार को बीपीआरओ विवेक आर्या ने किया। इस दौरान श्री आर्या ने पंचायत में क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का अवलोकन किया। इसके साथ ही अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय कुर्मी टोला का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत बीपीआरओ श्री आर्या ने बताया कि रखही चंपापुर पंचायत के वार्ड चार में मनरेगा से बनाए गए खेल मैदान का मुआयना किया गया है। यहां अभी तक खेल मैदान का निर्माण अधूरा है। वही पंचायत के अन्य वार्डो में कई कार्य अपूर्ण मिले। जिसे पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि विद्यालय निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए। वही पंचायत सरकार भवन की व्यवस्था बेहतर मिली। पंचायत में बनाए गए पुस्तकालय भी काफी बढ़िया मिला।

### फिर मिला विशाल अजगर: रेस्क्यू में 3 घंटे लगे

रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। थाना क्षेत्र के मुजरा गांव में एक बार फिर विशाल अजगर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। अजगर के संकरी गली में घुसने के बाद लोग घबराए और तुरंत वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने करीब 3-4 घंटे तक प्रयास किया और प्रमोद जायसवाल के घर की चारदीवारी तोड़कर अजगर को बाहर निकाला। अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर वन कर्मी क्यामुद्दीन अंसारी को सुपुर्द किया गया। यह घटना सप्ताह भर में दूसरी बार हुई, जिससे ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है।

### बीडीओ ने की पंचायत के अधिकारियों के साथ समीक्षत्मक बैठक

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड विकास पदाधिकारी श्याम कुमार ने गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र में विकास योजनाओं को रफ्तार देने एवं जनहित के योजनाओं के सही संचालन को लेकर सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक किया।बैठक का आयोजन प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित किसान भवन में प्रखंड स्तरीय



सभी विभागों की समीक्षात्मक की बैठक की अध्यक्षता बीडीओ श्याम कुमार ने किया। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों के कर्मियों से पिछ्ली बैठक में दिए गए टास्क की समीक्षा की गई। बैठक में सभी पंचायत कर्मियों से प्रखंड के विभिन्न योजनाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी ली साथ ही पंचायतों में स्वास्थ्यता कर्मियों का मानदेय के भुगतान के बारे मे बताया गया और स्वस्थता को लेकर साईकिल, रिक्शा, ढेला का मरमती कराने को लेकर विशेष जोड़ दिया गया कचरा घर को रख रखाव सम्भधित बाते कही एस एल डब्लू एम के तहत सोकता निर्माण को लेकर निर्देश दिया गया और फटकार लगते हुये अगले दस दिनों के अंदर कार्यों को पूरा करने निर्देश दिया गया वही पंचायत मे बने आर टी पी एस के सभी कार्यपालक सहायक को पंचायत स्तर पर बैठने औरपेंशन का आवेदन प्राप्त कर कार्यालय को निष्पादन हेतु भेजनें का निर्देश दिया गया ताकि ग्रामीण स्तर पर लोगो को किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न नहीं हो और बिचौलिया के परेशानी से नहीं झेलना परे.इस मौके पर अंचलाधिकारी अतुल कुमार, बीपीआरओ इस्तेखार दानिश, विनोद कुमार महतो,पंचायत सचिव, विकासमित्र आदि सहित पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

# डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर व्याख्यान आयोजित






**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉ. श्री कृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय, मोतिहारी में राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा 'राष्ट्र निमार्ता के रूप में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद' विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. दीपमाला श्रीवास्तव ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से बताया। उन्होनें कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख स्तंभ, संविधान के निमार्ता और भारत के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में अपनी सेवाएं दी। उनका जीवन हम सभी देशवासियों के लिए प्रेरणादायी है। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी ने नारियों को शिक्षित होने के साथ-साथ समस्त मानव जाति के कल्याण में शामिल होकर अपना उत्तमोत्तम विकास करने की सीख दी है। उन्होंने विश्वविद्यालय शिक्षा के बारे में कहा है कि अभ्यास, क्रियात्मकता और व्यवहारिकता को यथोचित स्थान देकर विश्वविद्यालय विधार्थियो का चरित्र निर्माण कर के राष्ट्र निर्माण व देश सेवा में अपनी भूमिका निभा सकते है। अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्षा डॉ. मनोरमा राय ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के राजनीतिक व शैक्षणिक विचारों को सांझा करते हुए कहा कि सादा जीवन उच्च विचार उनके जीवन का मूलमंत्र है, इसे हम सभी को आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ मो० ईरशाद आलम ने किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जीवन सादगी, विनम्रता और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का बोध कराता है। उन्होंने बताया कि कैसे महात्मा गॉधी के अनुयायी के रूप में सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर राजेन्द्र बाबू ने राष्ट्र की सेवा की। छात्रा अंशु कुमारी और सोबिया सदफ ने भी अपने विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. अल्फिया नूरी, रागिनी प्रिया, डॉ. विभा, डॉ. प्रीति राज, डॉ. नीतू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपमाला श्रीवास्तव ने किया और धन्यवाद ज्ञापन अंग्रेजी विभागाध्यक्षा रागिनी प्रिया ने किया।

## जीएमसीएच की सुरक्षा एजेंसी का लाइसेंस रद्द, फिर भी सेवाएं जारी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेतिया के गर्वनमेंट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (जीएमसीएच) में सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली सुरक्षा एजेंसी गोस्वामी सिक्यूरिटी सर्विस का लाइसेंस गृह विभाग द्वारा नवंबर माह में रद्द कर दिया गया है। इसके बावजूद, अस्पताल प्रशासन इस एजेंसी से सेवाएं ले रहा है। गृह विभाग के विशेष सचिव के एस अनुपम ने आदेश जारी कर इस सुरक्षा एजेंसी का लाइसेंस रद्द किया। आदेश में बताया गया कि गोस्वामी सिक्यूरिटी सर्विस को वर्ष 2021 में लाइसेंस नवीकरण और फिर 2022 में नई अनुज्ञप्ति दी गई थी। हालांकि, सुरक्षा एजेंसी ने लाइसेंस के नवीकरण और नई अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के समय यह जानकारी छुपाई कि उसके खिलाफ दरियापुर थाना कांड संख्या 81/2014 में आपराधिक मामला लंबित है।

## अगलगी में दर्जनों घर और धान के बोझे राख, लाखों का नुकसान



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल प्रखंड, लक्ष्मीपुर लक्षुमनवा पंचायत के सौनाहा डिह गांव में बुधवार की दोपहर अचानक लगी भीषण आग ने देखते ही देखते तांडव मचा दिया। आग की लपटों ने दर्जनों घरों को अपनी चपेट में ले लिया, वहीं धन कटनी के बाद खेतों में रखे धान के बोझे भी जलकर राख हो गए। घटना में ग्रामीणों को लाखों रुपये की क्षति होने का अनुमान है। स्थानीय लोगों ने आग लगते ही इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही विभाग की दो बड़ी और एक छोटी अग्निशमन गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। अगलगी में नंदलाल यादव, अनिरुद्ध यादव, ह्दय यादव, चंदा यादव, शिवमूर्ति, लालबाबू सहित कई परिवार प्रभावित हुए हैं। पीड़ित परिवारों का घर-गृहस्थी का सामान, अनाज और महत्त्वपूर्ण सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। मौके पर पहुंचे पंचायत के मुखिया अलखदेव यादव ने पीड़ित परिवारों से मिलकर ढांढस बंधाया और कहा कि जो भी उचित मुआवजा बनता है, उसे दिलाने के लिए वे संबंधित अधिकारियों से जल्द वार्ता करेंगे। उन्होंने प्रशासन से तत्काल राहत उपलब्ध कराने की मांग भी की। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर अग्निशमन वाहनों ने पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास नहीं किया होता, तो नुकसान और भी व्यापक हो सकता था। फिलहाल गांव में अफरा-तफरी का माहौल है और पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।

## डकैती और चोरी की जांच मामले में दुबारा रक्सौल के महादेवा गाँव पहुंचे एसपी



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महदेवा गांव में हाल ही में 23 नवंबर को हुई भीषण डकैती और चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पूर्वी चंपारण एसपी स्वर्ण प्रभात बुधवार को खुद मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मिलकर पूरी वारदात की विस्तृत जानकारी ली तथा स्थानीय पुलिस अधिकारियों से प्रत्येक पहलू पर विस्तृत रिपोर्ट तलब की। एसपी स्वर्ण प्रभात ने भारतझ्रनेपाल सीमा से सटे मुसहरवा गांव का भी दौरा किया। सीमा पार गतिविधियों, संदिग्ध आवाजाही और सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति का उन्होंने बारीकी से जायजा लिया। एसपी ने स्पष्ट कहा कि मामले में शामिल किसी भी अपराधी को छोड़ने का सवाल ही नहीं है और पुलिस हर कोण से जांच कर अपराधियों तक पहुंचने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। निरीक्षण के दौरान रक्सौल डीएसपी मनीष आनंद और रक्सौल थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार भी एसपी के साथ मौजूद रहे। अधिकारियों ने अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले संभावित रास्तों, प्रवेशझ्रनिकास बिंदुओं तथा सूचना तंत्र को मजबूती देने के उपायों पर भी चर्चा की। एसपी ने पुलिस गश्ती बढ़ाने और सीमा क्षेत्र में अतिरिक्त निगरानी करने का निर्देश दिया। दौरे के दौरान ग्रामीणों ने एसपी से गांव में एक पुलिस आउट पोस्ट स्थापित करने की मांग रखी, ताकि सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हो सके। लोगों ने हाल की घटनाओं को लेकर अपनी चिंताएं और समस्याएं भी रखीं, जिन पर एसपी ने त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में तेजी लाई गई है और जल्द ही इस मामले में महत्वपूर्ण खुलासा होने की संभावना है।

#### बेतिया पुलिस का नवंबर माह में बड़ा एक्शन

### 600 अभियुक्त गिरफ्तार, भारी मात्रा में अवैध सामग्री जब्त

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेतिया पुलिस ने नवंबर माह में अपनी कड़ी कार्रवाई को लेकर अहम रिपोर्ट जारी की है, जिसमें 600 अभियुक्तों की गिरफ्तारी और भारी मात्रा में अवैध सामग्री की जब्ती शामिल है। इंस्पेक्टर अमित कुमार के अनुसार, इस माह में पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाया, जिससे कई प्रमुख मामलों का खुलासा हुआ और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा गया।नवंबर में बेतिया पुलिस ने हत्याकांड, दहेज हत्या, अपहरण और अन्य गंभीर मामलों में कुल 600 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनमें से 106 अभियुक्त हत्या के प्रयास के मामलों में, 4 हत्याकांड, 3 दहेज हत्या, 7 आर्म्स एक्ट, 20 एससी/एसटी के मामले और 12 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए हैं। इसके अलावा, लोक सेवकों पर हमले, अपहरण और पोक्सो एक्ट के मामलों में भी पुलिस ने ठोस कार्रवाई की।

## नकावपोश में पकड़ी गई लड़की दुबई जाने का प्लान हुआ फेल




**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल सीमा सटे मैत्री पुल के निकट से एक लव जिहाद के नाबालिग हिंदू लड़की को एस एस बी व मानव तस्करी रोधी इकाई ने बच्ची को नकाबपोश में पकड़ा,इनके साथ प्रयास जुवेनाइल एनजीओ की सक्रियता देखी गयी,जैसे ही लड़की नकाबपोश में नेपाल की ओर जाने की कोशिश की तब तक एस एस बी के जवान रोक कर पुछ ताछ करने लगीं, उक्त लड़की ने अपना नाम सलीमा बेगम बताया जबकि लड़की हिन्दू समुदाय से आती है, पकड़े गए युवक का नाम मोहम्मद अजमूलाह बताया गया है,जो पश्चिमी चंपारण के निवासी हैं जो मोबाइल के जरिए प्रेम कर लिया था,भोली भाली लड़की को नौकरी के झांसा देकर अपने आप को अमीर धराने का पुत्र बता जाल में फंसाया,और 13 नवंबर को लड़की को घर से भगाकर उसे हरियाणा ले गया वहां शादी का झांसा देकर उसे शारीरिक संबंध बनाया, लड़की ने बताया कि इनके द्वारा जबरन इस्लाम धर्म स्वीकार करने, इसलाम की तौर तरीकों का ज्ञान देना, बुर्का पहनने पर विशेष दबाव बनाना,इसी आलोक में लड़की के परिजनो ने स्थानीय पुलिस प्रशासन के पास शिकायत दर्ज कराई थी, आरोपी के द्वारा प्लान तैयार था कि नेपाल में प्रवेश कराकर दुबयी भागने का था।

### नवंबर में 2872 वाहन चालकों से वसूला गया 45.45 लाख रुपये का जुर्माना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेतिया पुलिस ने नवंबर माह में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 2872 वाहन चालकों से कुल 45 लाख 45 हजार पांच सौ रुपये का जुमार्ना वसूला। यातायात डीएसपी अतनु दत्ता ने बताया कि इस महीने विभिन्न यातायात उल्लंघनों के लिए चालकों से भारी जुमार्ना वसूल किया गया है।बिना हेलमेट के चलने वाले 1847 वाहन चालकों से 18 लाख 47 हजार रुपये वसूले गए। वहीं, ट्रिपल लोडिंग करने वाले 310 बाइक चालकों से 3 लाख 10 हजार रुपये का जुमार्ना लिया गया। इसके अलावा, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाने वाले दो चालकों से 10 हजार रुपये, तेज गति से वाहन चलाने वाले 61 चालकों से 1 लाख 22 हजार रुपये, और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 220 चालकों से 1 लाख 10 हजार रुपये वसूले गए।वहीं, बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वाले 27 लोगों से 27 हजार रुपये, बिना नंबर प्लेट वाले 20 वाहन चालकों से 10 हजार रुपये और नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने वाले 82 वाहन मालिकों से 41 हजार रुपये का जुमार्ना लिया गया।इसके अतिरिक्त, बिना इंश्योरेंस के 110 चालकों से 8 लाख 20 हजार रुपये, ध्वनि और वायु प्रदूषण नियंत्रण नियमों का उल्लंघन करने वाले 239 चालकों से 2 लाख 39 हजार रुपये, रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने वाले 19 चालकों से 85 हजार रुपये और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 761 वाहन मालिकों से 9 लाख 14 हजार रुपये वसूले गए।

## ट्रक से 351 कार्टन विदेशी शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**एसडीपीओ विवेक दीप के मुताबिक, यह शराब फरीदाबाद से तस्करी कर लाई गई थी**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार रात बेतिया पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की जब गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पास एक ट्रक से भारी मात्रा में तस्करी कर लाई गई शराब की खेप बरामद की। पुलिस ने ट्रक चालक जितेंद्र को गिरफ्तार किया, जो उत्तर प्रदेश के



गोरखपुर जिले का निवासी है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक ट्रक में विदेशी शराब की बड़ी खेप तस्करी कर बेतिया लाई जा रही है, जिसे जिले के विभिन्न इलाकों में बेचा जाना था। सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकेबंदी की और ट्रक की तलाशी ली, जिसमें पावडर और कास्मेटिक सामान के बीच छिपाकर 351 कार्टन शराब की 11,280 बोतलें मिलीं। शराब की कुल मात्रा 3100.320 लीटर थी। एसडीपीओ विवेक दीप के मुताबिक, यह शराब फरीदाबाद से तस्करी कर लाई गई थी और इसके बोतलों पर कोई वैध बैच नंबर नहीं था, जिससे यह नकली प्रतीत होती है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और आरोपी जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, यह तस्करी नेटवर्क का हिस्सा था और शराब को बेतिया में खपाने की योजना थी। पुलिस अब अन्य संलिप्त लोगो की तलाश में छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई को पुलिस ने बड़ी सफलता मानते हुए तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक अहम कदम बताया है।

## विधायक रेणु देवी ने झूठे प्रचार का किया विरोध

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार की पूर्व उपमुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक रेणु देवी ने कुछ लोगों द्वारा नगरवासियों में फैलाई जा रही भ्रांतियों का विरोध किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग यह दावा कर रहे है कि बेतिया शहर में चल रही योजनाएं उनके प्रयासों से संचालित हो रही हैं, जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा है कि जनता अच्छे कार्य करने वालों और केवल बयानबाजी करने वालों को भली-भांति पहचानती है। ऐसे बयानबाजों को नैतिकता का पालन करते हुए अपने शब्दों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। विधायक ने बताया कि बेतिया विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत आचार संहिता लागू होने से पूर्व कई योजनाओं का शिलान्यास किया गया। रेणु देवी ने बताया है कि इन सड़कों के निर्माण से बेतिया वासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी, जिससे शहर की नागरिक सुविधाओं में भी वृद्धि होगी। इन योजनाओं में तीन लालटेन खीरी के पेड़ से कमलनाथ नगर चौक होते हुए एन.एच 727 मेन रोड तक पी.सी.सी. सड़क एवं नाला निर्माण, के.आर. स्कूल की पूर्वी बाउंड्री से अंबेडकर चौक एवं आशा नगर होते हुए छोटी नहर तक पी.सी.सी. सड़क निर्माण ,खादिम शोरूम से कबीर चौक तक पी.सी.सी. सड़क एवं नाला निर्माण तथा मनुआपुल मुख्य सड़क एन.एच 727 से जमदार टोला होते हुए काली बाग ओ.पी. चौक के समीप ब्यास प्रसाद के घर तक पी.सी.सी. सड़क एवं नाला निर्माण शामिल है।

# चिरैया में संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सह क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार शिक्षा परियोजना पूर्वी चंपारण के बैनर तले गुरुवार को चिरैया प्रखंड में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (पीबीएल) कार्यक्रम के तहत संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी, जगन्नाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय, उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़तरी पूर्वी, उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुर दक्षिणी एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़तरी

**● बीईओ ने विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर किया सम्मानित**
**● विजेता बच्चें महादेव साह हाईस्कूल में प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे आज**

पश्चिमी सहित सभी 23 संकुलों में मेला आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में सभी विद्यालय के विज्ञान व गणित के शिक्षकों तथा बड़ी संख्या में छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुर दक्षिणी में आयोजित प्रदर्शनी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने कहा कि गणित एवं विज्ञान विषय पर आधारित




प्रदर्शनी बच्चों के अंदर छुपे हुए विलक्षण प्रतिभा को बाहर लाने का एक उत्तम मंच है। तेजी से बदलते शैक्षणिक परिवेश में प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा बहुत जरूरी है। पीबीएल विद्यार्थियों को तनाव रहित होकर सीखने की प्रक्रिया से जुड़ने में मदद करता है। वहीं प्रधानाध्यापक योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि बच्चों में कुछ करके सीखने की प्रवृत्ति, रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या समाधान की क्षमता का विकास होता है। मेले के दौरान प्रखंड तकनीकी टीम के सदस्य कार्तिक कुमार एवं अशोक कुमार पटेल ने पीबीएल के महत्व, उद्देश्य तथा इसके माध्यम से छात्रों में विकसित होने वाली क्षमताओं पर विस्तार से चर्चा की। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडल, प्रोजेक्ट और प्रश्नोत्तरी प्रस्तुतियों ने उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों को काफी प्रभावित किया है। उक्त प्रदर्शनी में विज्ञान विषय में बीएमसी भेड़ियाही की आठवीं कक्षा की छात्रा इशरत जहां को प्रथम स्थान एवं यूएमस लक्ष्मीपुर के छठी कक्षा के छात्र रेहान आलम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एआई विषय पर हुई प्रतियोगिता में बीएमसी भेड़ियाही के छात्र रवि कुमार ने प्रथम तो वही यूएमस मंगूराहा के छात्र नितेश कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्वांटम युग विषय पर हुई प्रतियोगिता में यूएमस रामपुर के नौवीं कक्षा के छात्र रेहान अंसारी ने प्रथम एवं बीएमसी भेड़ियाही की छात्रा करिश्मा कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन सभी बच्चों को बीईओ श्री सिंह ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मंच का संचालन शिक्षक संदीप कुमार ने किया। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित ये सभी बच्चे शुक्रवार पांच दिसंबर को महादेव साह उच्च माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी के प्रांगण में आयोजित प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सह क्विज प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इधर उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़तरी पश्चिमी संकुल में हुए विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उक्त विद्यालय के एच एम सह संकुल समन्वयक अरुण कुमार सुमन ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना, नवाचार और व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने की दिशा में में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ है।

### भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा कड़ी, अधिकारियों ने किया संयुक्त निरीक्षण

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा को सुरक्षित और संवेदनशील बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को आदापुर थाना क्षेत्र तथा हरपुर थाना अंतर्गत बॉर्डर एरिया में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में रक्सौल एसडीएम मनीष कुमार, आदापुर अंचलाधिकारी तथा हरपुर थाना प्रभारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। टीम ने सीमा के विभिन्न पगडंडी मार्गो, खेतों के बीच से होकर जाने वाले रास्तों और अन्य संभावित आवाजाही बिंदुओं का विस्तृत जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि नेपाल से भारत आने वाले कच्चे रास्तों और वैकल्पिक मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी प्रकार की अवैध आवाजाही, तस्करी या संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

**शपथ पत्र**

मैं श्वेता कुमारी, (SHWETA KUMARI) पिता– स्व. शशि कान्त कुमार, पति– अंशुमान कुमार, मकान नं0. 285 रोड नं0 3ई न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी थाना पोस्ट– पाटलिपुत्र, जिला– पटना बिहार 841438 की स्थायी निवासी हूँ तथा शपथ पूर्वक निम्नलिखित बातों का घोषणा करती हूँ यह कि मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम श्वेता (SHWETA KUMARI) अंकित है, यह कि, मेरे 10वीं एवं 12वीं के अंक प्रमाण पत्र में मेरा नाम श्वेता (SHWETA) अंकित है, यह कि मैं अब श्वेता (SHWETA) के जगह पर श्वेता कुमारी (SHWETA KUMARI) के नाम से भविष्य में सभी कार्यों के लिए जानी व पहचानी जाऊँगी शपथ पत्र से 1152 दिनांक 01.12.2025

**Affidavit**

I KALPANA KUMARI (कल्पना कुमारी) D/o-Ajit kumar Wingh, W/o-Kundan kumar singh, Chakeyaj Hajipur- Mahnar, Vaishali Bihar 844506 de hereby solemnly afirm and declare as follows as per Afridavit No-729- dated 1-12-2025- That my name is mentioned in matriculation educational certificates KALPANA KUMARI That my name in my Aadhar and pan Card is written as KALPANA AJIT KUMAR SINGH- That KALPANA AJIT KUMAR SINGH and KALPANA KUMARI both are same and one person- That from now I will be know as KALPANA KUMARI (कल्पना कुमारी) for All future purpose.

# विशेष जॉब कैंप के माध्यम से दिव्यांग युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर

## दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय कदम





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिले के दिव्यांग (निःशक्त) युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर सामने आया है। जिला नियोजनालय, जहानाबाद के तत्वावधान में 11 दिसंबर 2025 को बुनियाद केंद्र, जहानाबाद में एक दिवसीय सेमिनार सह विशेष रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक एवं यूथ फॉर जॉब नेशन (पटना) के सहयोग से योग्य दिव्यांग अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को आवश्यक कौशल प्रशिक्षण के बाद फील्ड जॉब पद पर नियुक्त किया जाएगा। अनुमानित मासिक वेतन लगभग 20,278 रहेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अभ्यर्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं या इंटरमीडिएट पास निर्धारित की गई है, जबकि आयु सीमा अधिकतम 30 वर्ष होगी। चयनित युवाओं की पोस्टिंग जहानाबाद एवं उसके 50 किलोमीटर के दायरे के साथ-साथ पटना के आसपास के क्षेत्रों में की जाएगी।

इस पद के लिए 30 प्रतिशत सीटें विशेष रूप से दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रहेंगी। इसके अलावा उम्मीदवार के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस और बाइक होना अनिवार्य बताया गया है।जिला नियोजन पदाधिकारी के अनुसार, इस जॉब कैंप में भाग लेने के लिए नेशनल करियर सर्विस पोर्टल पर निबंधन जरूरी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूरी चयन प्रक्रिया निःशुल्क है और इसके लिए किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को निर्देशित किया गया है, ताकि जिले के अधिक से अधिक दिव्यांग बेरोजगार युवाओं तक इसकी सूचना पहुंच सके और वे इस अवसर का लाभ उठा सकें। यह पहल न केवल रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएगी, बल्कि दिव्यांग युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# जहानाबाद इंजीनियरिंग कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिले के हुलासगंज स्थित जहानाबाद इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें द्वितीय वर्ष के छात्रों ने भाग लिया। विभिन्न प्रोजेक्ट के कुल दस प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया जा रहा था। प्रदर्शनी में छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परचम लहराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। सभी प्रोजेक्टों को उप विकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी संभावना एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ साथ प्राध्यापकों ने काफी गौर से अवलोकन किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति, जिला कृषि पदाधिकारी, प्राचार्य एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ प्रीति ने बताया कि इस मेले से युवाओं में तार्किक विचार, समस्याओं के निदान और नवाचार की क्षमता विकसित होती है। यह प्रतियोगिता पूरी तरह से व्यावहारिक जीवन को सुगम बनाने के नए वैज्ञानिक और तकनीकी तरीकों पर आधारित है। उन्होंने छात्रों से आशा प्रकट की अगले वर्ष होने वाले इस तरह के आयोजन वृहद स्तर पर हो तथा और अधिक छात्र इसमें भाग लें। छात्रों को प्राचार्य डॉ द्वारिका दास नीमा ने संबोधित करते हुए इस प्रदर्शनी के संबंध में बताया कि 'विज्ञान मेला केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि मानवीय जिज्ञासा का उत्सव' है। उन्होंने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी सीखने और सहयोग का माहौल बनाती है, भावी वैज्ञानिकों को प्रेरित करती है और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति के बारे में जन जागरूकता बढ़ाती है। उन्होनेकहा कि यह घोषणा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है हमारे छात्रों की परियोजनाओं का कॉलेज प्राध्यापकों, अभिभावकों और छात्रों ने अवलोकन किया और उनकी सराहना की।

# शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से दिव्यागों के लिए हो रहा बेहतर काम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिला मुख्यालय स्थित गेट स्कूल के मैदान में जिले के सभी प्रखंडों से आए दिव्यांग बच्चों, उनके शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया गया। समारोह का उद्घाटन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी भोला कुमार कर्ण, डीपीएम अनवर आलम, डीपीओ रवि रौशन, डीपीओ अमृतेश आर्यन एवं प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। डीपीओ स्थापना ने कहा कि दिव्यागता को अपनी ताकत बनाए। ईश्वर उन्हें कुछ स्पेशल शक्ति प्रदान करते हैं जिन्हें शिक्षकों एवं अभिभावकों को डिकोड कर उन्हें सबल बनाना होगा। अन्य उपस्थित सभी डीपीओ ने कहा कि सरकार एवं विभाग नए तकनीक से युक्त सहायक उपकरण मुहैया करा रही है जिन्हें दिव्यांग बच्चों को उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम में पहुंचे डीआईओ डॉ मिथलेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से दिव्यागों के लिए काफी बेहतर काम हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि बिहार सरकार दिव्यांगों के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना आरम्भ कर रही है जो स्वागत योग्य है। साथ ही अपील किए कि सभी बच्चे अपने पीपल विथ डिसएबिलिटी एक्ट को जरूर रखें और जागृत बनें। कार्यक्रम में दिनभर शैक्षणिक एवं खेलकूद की प्रतियोगिताएं हुई। सभी कैटेगरीज के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को स्कूल बैग, स्वेटर टोपी मोमेंटो प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। साथ ही 19 बच्चों को व्हील चेयर्स एवं 20 बच्चों को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। दर्जनों विजेताओं में सोनम, विक्की, रूपांजलि, अमन, रितेश, मुन्ना, दिव्या आदि सम्मिलित थे।

## सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार बुरी तरह घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद**। जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के मिराबीघा के समीप टोल प्लाजा के पास मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को पीछे से वाहन ने ठोकर मार दिया जिसमें मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया है। घायल व्यक्ति की पहचान जहानाबाद जिले के बारा गांव निवासी कयूम अंसारी का पुत्र मंजूर आलम उर्फ पप्पू उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जाता है कि युवक गया जी जिला के बेलागंज किसी काम से गए हुए थे वही से अपने घर जहानाबाद जिले के बारा गांव लौट रहे थे। जहां रास्ते मे टोल प्लाजा के समीप वाहन ने पीछे से ठोकर मार दिया। वही ग्रामीणों के सहयोग से घायल व्यक्ति हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने उसकी स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि वाहन चालक को पकड़ लिया गया है।

# प्रत्येक समस्या के निराकरण के लिए प्राधिकार प्रतिबद्ध



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। अंतरराष्ट्रीय विकलांगता दिवस पर दिव्यांगजनों को समावेशन, सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से वेबबिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली (नालसा) द्वारा आयोजित किया गया। इस निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद द्वारा श्रृखंलाबद्ध कार्यक्रम के तहत कई कार्यक्रमों को आयोजित कर रहा है, जिसके तहत 3 दिसंबर को बुनियाद केन्द्र, बारूण में दिव्यांगजनों को प्रदत्त अधिकार एवं कानूनी संरक्षण विषय पर जागरूकता आयोजित किया गया, साथ ही साथ 4 दिसंबर को बभण्डी स्थित बालगृह में जहां 19 दिव्यांग बच्चे आवासित हैं, दिव्यांग बच्चों के बीच पेंटिग कार्यक्रम का आयोजन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की उपस्थिति में कराया गया तथा पेंटिग कार्यक्रम के बाद दिव्यांग बच्चों को पेंटिग के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा और क्षेत्रों में अपनी क्षमतानुसार कार्य को करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया तथा सभी बच्चों के बीच सचिव द्वारा चौकलेट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम से बालगृह स्थित सभी दिव्यांग बच्चे काफी खुश दिखे तथा पेंटिग के लिए उनमें जोश भी दिखा। इस अवसर पर अधीक्षक बालगृह अजित कुमार तथा सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई महेश आनन्द उपस्थित रहें। उक्त सभी कार्यक्रमों के बाद प्राधिकार स्थित विधिक सेवा सदन में प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा दिव्यांगजनों को प्रदत्त विभिन्न कानूनी अधिकार पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके तहत सर्वप्रथम सभी दिव्यांगजनों को विधिक सेवा सदन में दिव्यांगगता से संबधित नालसा द्वारा प्रदत्त चलचित्रों को दिखाया गया था चलचित्र के समय सचिव द्वारा आसीन होकर स्वयं भी उस चलचित्र को देखा गया जिसमें बिहार दिव्यांग अधिकार मंच औरंगाबाद शाखा के सचिव गुप्ता पासवान सहित बडे पैमाने पर दिव्यांगजन उपस्थित रहें। इस अवसर पर सचिव द्वारा कहा गया कि दुनियाभर में दिव्यांगता को एक व्यक्तिगत दिव्यांगता के रूप में नहीं बल्कि सामाजिक और संरचनात्मक बाधाओं के रूप में समझा जाने लगा जो पूर्ण और समान भागीदारी को बाधित करती है इस कारण संयुक्त राष्ट्र संघ हर साल 3 दिसंबर को दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप मे मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय दिव्यांगजन अधिकारों को सुदृढ़ करना, न्याय वितरण प्रणाली के अन्तर्गत सुगम्यता और समावेशन को बढ़ावा देना है जो दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2०16 के तहत प्रतिबद्धता है। सचिव ने उपस्थित सभी दिव्यांगजनों को कहा कि आपको भी सभी प्रकार का कानूनी अधिकार प्राप्त है, और आप सभी को किसी प्रकार के कानूनी अधिकार से वंचित किया जाता है या दिव्यांजनों को मिलने वाला लाभ से वंचित किया जाता है तो आप निश्चित रूप से प्राधिकार कार्यालय को सूचित करें, आपके कानूनी रक्षा के साथ-साथ प्रत्येक समस्याओं के निराकरण करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रतिबद्ध रहेगा।

# औरंगाबाद में अधिवक्ता दिवस पर सम्मान समारोह

## कई अधिवक्ता हुए राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद सम्मान से सम्मानित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती के अवसर पर अधिवक्ता संघ, औरंगाबाद की ओर से अधिवक्ता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर न्यायिक परिवार के वरिष्ठ पदाधिकारी और सैकड़ों अधिवक्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने की, जबकि संचालन सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार थे। विशिष्ट अतिथियों में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरुण कुमार, जिला जज प्रथम विश्व विभूति गुप्ता, जिला जज तृतीय अशोक कुमार गुप्ता, जिला जज चतुर्थ दिव्या वशिष्ठ और जिला जज छह निशित दयाल उपस्थित थे। आयोजन की जिम्मेदारी अधिवक्ता संघ के पूर्व सचिव व समाजसेवी कौशल कुमार सिंह ने निभाई। समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा डॉ. राजेंद्र प्रसाद के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद न्यायाधीशों को साल, बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्रधान जिला जज राजकुमार वन ने कहा कि आज न्याय और परंपरा की विरासत का सम्मान करने का दिन है। अधिवक्ता केवल विधि जगत के स्तम्भ नहीं, बल्कि समाज के नैतिक पथ-प्रदर्शक भी हैं। उन्होंने देश की स्वतंत्रता, संविधान निर्माण और न्याय व्यवस्था में अधिवक्ताओं की अहम भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने भारत की पहली महिला अधिवक्ता कॉर्नेलिया सोराबजी का उदाहरण देते हुए कहा कि युवा महिला अधिवक्ताओं को उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, महासचिव जयनारायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, स्पेशल पीपी कुमार योगेंद्र नारायण सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। जिले में सामाजिक कार्यों, विधि सहायता और जनसेवा में सक्रिय अधिवक्ताओं को राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद सम्मान देकर गौरवान्वित किया गया। सम्मानित होने वालों में संजय सिंह, सिद्धेश्वर विद्यार्थी, कौशल कुमार सिंह, रामश्रय सिंह, गिरिजेश नारायण सिंह, पंकज पांडेय, प्रभात कुमार, सहदेव मंडल, मधुरेंद्र सिंह, शक्ति कुमार सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, इबरार अहमद, विनोद यादव, मनीष, प्रवीण, रंजीत सहित अन्य शामिल रहे। समारोह के अंत में अधिवक्ताओं ने पर्यावरण असंतुलन, युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, समाज में शिष्टाचार की कमी और जनसंख्या असंतुलन जैसी गंभीर सामाजिक चुनौतियों पर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने दी।

# मारपीट के चार अभियुक्तों को डांट फटकार कर छोड़ा

**औरंगाबाद/नबिटा संवाददाता**। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज अष्टम मनीष जयसवाल ने रफीगंज थाना की एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए चारों अभियुक्तों को मारपीट मामले में दोषी करार देते हुए परिवीक्षा का लाभ देते हुए डांट फटकार लगाते हुए छोड़ दिया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिक अभियुक्तों थाना क्षेत्र के बहादुरपुर निवासी धर्मेंद्र रविदास, सोनू रविदास, भोला रविदास एवं सोनू रविदास पर आरोप था कि वाद सूचक सुगीया देवी बहादुरपुर रफीगंज के साथ 8 सितंबर 2022 को मारपीट किया था।


**बिहार सरकार**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**
**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद औरंगाबाद**

**अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या–12/2025–26 (E.T.)**
**(E-Tendering On website- eproc2.bihar.gov.in)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय,नगर परिषद् औरंगाबाद
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक–01.12.2025
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि/समय : दिनांक–12.12.2025 को 10:00 AM से (on website- eproc2.bihar.gov.in)
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक–20.12.2025 को 3:00 PM तक (on website-eproc2.bihar.gov.in)
5. अग्रधन सभी मूल शपथ पत्र, Existing Commitment एवं परिमाण विपत्र के मूल्य बैंक गारंटी जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान : दिनांक–22.12.2025 को 1:00 PM तक कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद्, औरंगाबाद कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, नगर विकास प्रमण्डल औरंगाबाद अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, नगर विकास अंचल, मगध (गया जी)
6. तकनीकी/वितीय बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक–22.12.2025 को 3:00 PM । (on website-eproc2.bihar.gov.in)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय : तकनीकी बीड के निर्णय के उपरांत
8. **कार्य का विवरण :–**

| कार्य सं0 | ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि (बैंक गारंटी) | परिमाण विपत्र का मूल्य (Through online payment) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रु० में) | कार्य की समाप्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | G-01/ 25-26 | नगर परिषद औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत शाहपुर राकेश कुमार सिंह, पप्पु के बाउण्ड्री के बगल से इंडिया गेट होते बिन्दु आरा मशीन टिकरी रोड तक पथ एंव आर0सी0सी0 नाला तथा आर0सी0सी0 स्लैब निर्माण कार्य। | 13053671.00 | 261100.00 | 10000 | As Per EPROC2 | 6 माह |
| 2 | G-02/ 25-26 | न्यू बाल बिहार स्कूल से लेकर मिशन स्कूल होते हुए साई अपार्टमेन्ट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 6404245.00 | 128100.00 | 10000 | As Per EPROC2 | 4 माह |
| 3 | G-03/ 25-26 | नगर परिषद औरंगाबाद अन्तर्गत पुरानी जी0टी0 रोड जमा मस्जिद से टिकरी मोड तक पेवर्स ब्लॉक पथ निर्माण। | 5127246.00 | 102600.00 | 10000 | As Per EPROC2 | 4 माह |
| 4 | G-04/ 25-26 | नगर परिषद औरंगाबाद अन्तर्गत टिकरी रोड बसंत जी के बोरिंग से योद्धा नगर तक पेवर्स ब्लॉक पथ निर्माण। | 6940937.00 | 138900.00 | 10000 | As Per EPROC2 | 4 माह |
| 5 | G-05/ 25-26 | NH139 डालटेनगंज रोड से गायत्री मंदिर होते हुए न्यू बाल बिहार स्कूल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 6557989.00 | 131200.00 | 10000 | As Per EPROC2 | 4 माह |
| 6 | G-06/ 25-26 | नगर परिषद औरंगाबाद अन्तर्गत ईमली के पेड़ से नावाडीह प्राथमिक विद्यालय होते कुशवाहा नगर पथ में रिर्सोट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7846145.00 | 157000.00 | 10000 | As Per EPROC2 | 4 माह |
| 7 | G-07/ 25-26 | धर्मशाला मोड मार्केट के उपरी तल पर दुकान निर्माण। | 2379486.00 | 48000.00 | 5000 | As Per EPROC2 | 4 माह |

1.**निविदा की वैद्यता अवधि : 120 दिन**
11.विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट eproc2.bihar.gov.in अथवा **state.bihar.gov.in/prdbihar** में देखा जा सकता हैं।

**मुख्य पार्षद,**
**नगर परिषद्, औंरगाबाद**

**PR- 018859( B & C ) 2025-26**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**


# नगर निगम अभियान के दौरान किसान कॉलेज रोड से अतिक्रमण हटाया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नगर निगम का अतिक्रमण हटाने का अभियान जोर पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को सोहसराय मोहल्ला के किसान कॉलेज से लेकर 17 नंबर इलाके तक निगम की टीम ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। उप नगर आयुक्त शम्स रजा के नेतृत्व में दो जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क किनारे अवैध कब्जे हटाए गए। अतिक्रमण हटाने के साथ ही निगम ने जुर्माना वसूला और कई सामान जब्त किए। नगर प्रबंधक साकेश कुमार ने बताया कि अब तक लगभग डेढ़ लाख रुपये जुर्माने के तौर पर वसूले जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सड़क पर अवैध कब्जा किया है, उन्हें खाली कराया जा रहा है और जुर्माना भी वसूल किया जा रहा है। नगर निगम ने यह अभियान 27 नवंबर से शुरू किया है और अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने पर बिहार नगरपालिका अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर प्रबंधक ने कहा कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक शहर की सभी मुख्य सड़कें अतिक्रमण मुक्त नहीं हो जातीं। उनका कहना है कि अभियान लगातार चलाया जाएगा और कोई भी अवैध कब्जाधारी राहत नहीं पाएगा।

# दो सौ लीटर स्प्रिट जब्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। सलैया थाना क्षेत्र के चाल्हो पहाड़ के बरियावां से एक झाड़ी में छुपा कर रखें 40 लीटर वाले पांच प्लास्टिक गैलन में भरे 200 लीटर स्प्रिट बरामद किया है। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि कार्रवाई के फ़लवरूप 5 गैलन से 200 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया है। इस दौरान कार्रवाई की भनक पाकर तस्कर मौके से फरार हो गया। मामले में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर तस्कर का पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनकी न सिर्फ संपत्ति जब्त की जाएगी बल्कि सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

# तीन साइबर ठगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। सस्ते ब्याज पर लोन दिलाने का लालच देकर लोगों को चूना लगाने वाले तीन साइबर ठगों को कतरीसराय पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बरीठ गांव के कदहर खंधा इलाके से दबोच लिया। यह गिरोह लंबे समय से भोले-भाले लोगों को लोन मंजूरी का झांसा देकर ठगी कर रहा था। गिरफ्तार किए गए तीन आरोपितों में दो विधिविरुद्ध बालक भी शामिल हैं। एक आरोपित सिलाव थाना क्षेत्र के निजात नगर का रहने वाला है, जबकि दूसरा बरीठ गांव का है। तीसरा आरोपित प्रताप कुमार, पांची गांव (शेखोपुर सराय थाना क्षेत्र) का निवासी बताया गया है। गिरोह ग्राहकों को कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने का झांसा देता था। लोगों को कॉल कर बजाज फाइनेंस का कर्मचारी बन ठगी करते थे। मौके से पुलिस ने पांच मोबाइल फोन,चार ऑर्डर सीट बरामद किए हैं, जिनका इस्तेमाल साइबर ठगी में किया जा रहा था। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई। कार्रवाई दल में अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, एएसआई मनीष कुमार, एएसआई रुदल पासवान, एएसआई धर्मेन्द्र कुमार और एएसआई गुरुदेव खड़िया शामिल थे।

# जहानाबाद के कई वार्डों में अभी से गहराने लगा भीषण जल संकट, तीनों मोटर खराब, लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिले के कई वार्डों में इन दिनों गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 9, 10, 11, 12, 14 और 15 में पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीण जब पंप ऑपरेटर और पंप खलासी के पास पहुंचे, तो उन्होंने बताया कि हाई वोल्टेज आने के कारण दो मोटर जल चुकी हैं, जबकि तीसरी मोटर चाबी खोलने के दौरान चाबी टूट जाने से खराब हो गई। इस प्रकार फिलहाल तीनों मोटर खराब पड़ी हैं और इसी वजह से जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो चुकी है। इस संबंध में ग्रामीणों ने पंप ऑपरेटर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अक्सर मोटर चालू करने के बाद वह मौके पर मौजूद नहीं रहते, जिसके कारण मोटर बार-बार खराब हो जाती है और हर महीने पानी की समस्या खड़ी हो जाती है। कुछ लोगों ने यह भी आशंका जताई कि कहीं न कहीं गंभीर लापरवाही या तकनीकी गड़बड़ी इसकी मुख्य वजह हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें दूर-दराज के इलाकों से पानी लाकर अपनी जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जब तक मोटर की मरम्मत नहीं हो जाती, तब तक वैकल्पिक जल व्यवस्था जैसे टैंकर या अन्य स्त्रोतों से पानी उपलब्ध कराया जाए। पंप ऑपरेटर ने यह भी बताया कि मोटर खराब होने की सूचना वार्ड पार्षद और नगर परिषद को दे दी गई है। हालांकि, अब तक इसकी मरम्मत या बदलने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ऐसे में यह सवाल खड़ा हो रहा है कि इस स्थिति की जिम्मेदारी आखिर किसकी है और सिस्टम में यह चूक कहां हुई — यह जांच का विषय है।

# ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनीष द्वारा गुरुवार को संयुक्त रूप से ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, संरचनात्मक व्यवस्था तथा ईवीएम मशीनों के रख-रखाव से संबंधित सभी बिंदुओं की समीक्षा की। समुचित सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सीसीटीवी कैमरा संचालन, तैनात सुरक्षा बल, अग्नि सुरक्षा उपकरण तथा रिकार्ड संधारण की स्थिति का भी अवलोकन किया गया। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ईवीएम वेयर हाउस की प्रतिदिन सुरक्षा प्रोटोकल के अनुरूप अभिलेखों का संधारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नियमित निरीक्षण एवं निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने पर भी बल दिया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, बेगूसराय सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अंबेदकर समग्र सेवा अभियान के आवेदनों का शीघ्र हो निष्पादन : डीएम

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी द्वारा डा. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत जिले के सभी अनुसूचित जाति टोलों से प्राप्त लंबित आवेदनों के निष्पादन हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है ताकि लाभुकों को योजना से लाभान्वित किया जा सके। इसके साथ ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र लाभुकों को राशन कार्ड निर्गत की प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक विशेष कैंप का आयोजन प्रत्येक पंचायत मुख्यालय स्तर पर किया जा रहा है। जिला कल्याण पदाधिकारी मनोज अग्रवाल ने सभी पात्र परिवारों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर कैंप में उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा करें, ताकि उन्हें समय पर लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से संबंधित लंबित आवेदनों के शत-प्रतिशत निष्पादन हेतु भी विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का आयोजन 4 दिसंबर एवं 11 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 5 बजे तक संबंधित प्रखंड परिसर में किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा यह भी सूचित किया गया है कि सभी संबंधित लाभुक विहित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए आरटीपीएस केंद्रों एवं सीएसपी के माध्यम से अनलाईन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। जिला प्रशासन ने जिले के सभी पात्र लाभुकों से अपील की है कि वे इन विशेष शिविरों का लाभ अवश्य उठाएँ और सरकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदान की जा रही सुविधाओं का पूर्ण रूप से लाभ प्राप्त करें।

# 100 किलो गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

## पिकअप जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** बखरी पुलिस ने 100 किलो गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाजीपुर सुल्तानपुर के निवासी हरेंद्र सिंह के पुत्र चंद्र किशोर सिंह को बखरी मुख्य बाजार से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से 100 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया, जिसकी बाजार में कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस की यह कार्रवाई बखरी डीएसपी कुंदन कुमार के नेतृत्व में की गई। डीएसपी के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बखरी बाजार में एक संदिग्ध पिकअप गाड़ी को रोका। वाहन की तलाशी में भारी मात्रा में गांजा पाया गया, जिसे तस्करी के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। टीम ने मौके पर ही चंद्र किशोर सिंह को गिरफ्तार कर लिया और पिकअप वाहन को भी जब्त कर लिया। पुलिस ने बरामद गांजा को सील कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने तस्करी से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सुराग भी पुलिस के सामने रखे हैं, जिनकी जांच की जा रही है। डीएसपी कुंदन कुमार ने बताया कि मादक पदार्थों के कारोबारियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और ऐसे लोगों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस तस्करी नेटवर्क का पूरा खुलासा करने के लिए आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। इस बड़ी कार्यवाही से क्षेत्र में तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है और स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

# अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ने दुकानदार को धक्का मारा, पैर टूटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संदेश/भोजपुर।** संदेश थाना क्षेत्र के अखगांव बाजार में बालू लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने एक दुकानदार को धक्का मार दिया। जिससे गोलू कुमार उर्फ बादल का पैर टूट गया। घटना को देख स्थानीय दुकानदार गोलबंद होने लगे। सड़क जाम कर दिया। उसी वक्त पुलिस वाहन 112 डायल आ पहुची। एसआई नजर हुसैन ने ट्रैक्टर की चाबी निकाल ली। इसी दौरान खड़ी स्वराज ट्रैक्टर को दूसरा चालक अवैध बालू लदे वाहन को स्टार्ट कर भागने लगा। लोगों ने रोकने का प्रयास किया। तब तक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने एक दुकान में घुसा दिया। दुकानदारों ने बताया कि सरकार के तरफ से बालू खनन बंद है फिर भी सोन नद से अवैध बालू खनन कर प्रतिदिन 200 ट्रैक्टर बालू का परिवहन होते रहता है। पुलिस द्वारा किसी तरह का रोक टोक नही है। ट्रैक्टर चालक बालू लोड कर इसी रास्ते का इस्तेमाल करते है। लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। ट्रैक्टर चांदी थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव का है।



# मछली का उधार पैसा मांगने पर पिटाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** मछली का उधार पैसा मांगने पर मारपीट कर जख्मी करने व लूटपाट की घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है। घटना नावकोठी वार्ड नंबर दस की है। घटना के संबंध में स्व कालेश्वर सहनी के पुत्र दिनेश सहनी ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि एक नवम्बर की सुबह के 11:30 बजे दिन में यह घटना घटी है जिस वक्त वे घर पर थे। गांव के ही सौरव सिंह, करका उर्फ निलेश सिंह, शिवम सिंह, संख्या उर्फ अनमोल सिंह, करका उर्फ पीयूष सिंह, गोलू पाठक, अमृत सिंह, सुन्दरम सिंह एवं अज्ञात लोगों पर घर पर चढ़कर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि घर पर चढ़कर मारपीट भी करने लगा। पीड़ित ने कहा कि पचास हजार रुपये रंगदारी नहीं दोगे तब तुम्हारे बेटे को उठाकर ले जाएंगे। इसी दौरान उसकी भाभी ने छुड़ाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी पिस्तौल के बट से मारपीट किया। जब भाभी को छुड़ाने वह व उसका भाई और पत्नी आरती देवी गयी तो इन लोगों के साथ भी मारपीट की गई। घर के सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। ट्रंक तोड़कर दस हजार रुपये तथा जेवर भी निकाल ले जाने का आरोप लगाया है। साथ ही मोटर साइकिल को क्षतिग्रस्त भी करने की बात कही है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने कांड संख्या 224 दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चुनाव में बेहतरीन कार्य करने वाले पदाधिकारी हुए सम्मानित

## कोषांगों में प्रतिनियुक्त कर्मियों व पदाधिकारियों को दिया गया प्रशस्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** दिनकर कला भवन में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के सफल संचालन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जिले के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के सम्मान हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने निर्वाचन कार्य में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले विभिन्न कोषांगों में प्रतिनियुक्त कर्मियों, नोडल पदाधिकारियों, वरीय अधिकारियों, निर्वाची पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य एक संवेदनशील, चुनौतीपूर्ण एवं अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण दायित्व है जिसे सभी कोषांगों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने समर्पण, अनुशासन और टीम भावना के साथ पूरा किया। उनके इस उत्कृष्ट योगदान के कारण ही जिले में निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न हो सका। उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को और सुदृढ़ करने तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की प्रतिबद्धता के साथ दायित्वों का निर्वहन करने की बात कही। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने भी निर्वाचन प्रक्रिया के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन की कार्यशैली और नेतृत्व की सराहना की।

### शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर डीएम ने दी बधाई

## वाहन की ठोकर से मासूम की मौत

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र स्थित हरिचक भगवानपुर पथ पर ताजपुर चिमनी गाछी के समीप एक हृदयविदारक घटना होने का समाचार सामने आई, जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीन वर्षीय बच्चा ऋषभ कुमार की मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान थाना क्षेत्र के ताजपुर निवासी रामप्रवेश महतो के पुत्र के रूप में हुई है। हादसे में बच्चे की मौत हो गयी। जबकि दादी राजकुमारी देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। मृत बालक चार बहन व एक भाई था। वह घर का इकलौता चिराग था। उसकी बहनों के नाम मुस्कान, रिया, रिचा और आरूषि हैं। घटना के बाद पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। मां मुन्नी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि बहियार से दादी व पोता घर आ रहे थे।इसी दौरान हादसा हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसआई देवेंद्र कुमार सत्यार्थी पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगुसराय भेज दिया। जबकि गंभीर रूप से जख्मी राजकुमारी देवी को पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे सदर अस्पताल बेगुसराय बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

# जीविका दीदियो को दिलाई गई शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** आकाश जीविका महिला स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड हसनपुर बागर में नई चेतना 4.0 कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। इसके तहत नशा मुक्ति दिवस पर जीविका दीदियों को शपथ दिलाई गई। इसमें दीदियों ने खुद नशा पान नहीं करने के साथ साथ परिवार के अन्य सदस्य तथा आसपास रहने वाले लोगों को नशा पान नहीं करने तथा उससे होने वाली शारीरिक, मानसिक तथा आर्थिक क्षति को बताते हुए परहेज करने पर बल दिया। संसाधनों तक सामान्य एवं व्यापक पहुँच पर चर्चा की गई। मौके पर बीपीएम मनोरंजन कुमार, विकास कुमार, रोहित कुमार, रूपम कुमारी, रीणा कुमारी, कुंदन कुमार, रंधीर कुमार, अध्यक्ष मुन्नी कुमारी, सचिव सुशीला कुमारी, कोषाध्यक्ष रिंकू कुमारी, एम बी के बिन्दु देवी, सीएफ पिंकी, मंजुषा सहित कई जीविका दीदियाँ मौजूद थे।

## भारतीय भाषा उत्सव आयोजित

**भगवानपुर।** महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जयंती पर भारतीय भाषा उत्सव स्कूलों में मनाया जा रहा है।इस साल का थीम 'भाषाएं अनेक, भाव एक' है। इसका उद्देश्य भारत की भाषाई विविधता को बढ़ावा देना व सभी भाषाओं में एकता का संदेश फैलाना है। प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में पहले दिन गुरुवार को भाषा वृक्ष प्रदर्शनी आयोजित की गई।

# उत्पाद विभाग ने दो वाहनों समेत पांच लाख की शराब पकड़ी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग भोजपुर की बड़ी उपलब्धि मिली है। दो वाहनों से पांच लाख रुपए मुल्य के 696 बोतलों में कुल 330.480 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद कर तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर उत्तर प्रदेश राज्य के संत रविदास नगर जिला के ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के बैराखास लक्ष्मणपट्टी निवासी श्यामसुंदर चौहान के पुत्र कृष्ण कुमार, बिहार राज्य के कैमूर जिला अंतर्गत भभुआ थाना क्षेत्र के चांदोरोइया निवासी सुरेंद्र बिंद का पुत्र झप्पु कुमार और मनोहर बिंद के पुत्र सूरज कुमार शामिल हैं। मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश के तरफ से भोजपुर में शराब की खेप आने वाली है। तुरंत टीम गठन कर दिया। वे स्वयं नेतृत्व करते हुए मोहनिया आरा नेशनल हाइवे पर जगदीशपुर के पास (थाना-जगदीशपुर) से एक महिंद्रा स्कार्पियो (निबंधन संख्या अंकित नहीं) से 270 लीटर एवं एक सीएनजी ऑटो (निबंधन संख्या-BR01PQ-8556) से 60.480 लीटर विदेशी शराब लदा जप्त किया। जप्त शराब 180 एमएल के 336 पीस टेट्रापैक, 750 एमएल के आरएस 166 बोतल, बकाडी रम 15 बोतल, बोदका 11 बोतल, ब्लेंडर प्राइड 168 बोतल था। छापेमारी दल में निरीक्षक अनिल कुमार, सहायक अवर निरीक्षक मदन लाल यादव व धीरज कुमार सिंह के साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। जिलाधिकारी के निर्देश पर मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा हैं। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



## तीन बाल श्रमिकों को कराया गया विमुक्त

**मधुबनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश के आलोक में श्रम अधीक्षक दिनेश कुमार के नेतृत्व में मधुबनी जिलांतर्गत सभी अनुमंडल क्षेत्र में श्रम संसाधन विभाग के तत्वाधान में धावा-दल द्वारा छापेमारी की गई। जयनगर के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अश्वनी राज ने बताया कि छापेमारी के क्रम में जयनगर से तीन बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया है। जिसमें खान सर्विस स्टेशन से एक, दानिस बेल्डिंग वर्क शॉप से एक और वाशिंग एंड टायर सेंटर से एक कार्यरत बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया है।

# बंध्याकरण शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** परिवार कल्याण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सह अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में गुरुवार को बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सर्जन ने 22 महिलाओं का सफलता पूर्वक बंध्याकरण तथा 2 पुरूष का नसबंदी अपरेशन किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि अपरेशन से पूर्व हीमोग्लोबीन, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर सहित अन्य पैथोलजिकल जांच एल टी पंकज कुमार जोशी ने किया। ऑपरेशन उपरांत आवश्यक दवा एवं परामर्श दिया गया। मौके पर डा अमित रंजन, फर्मासिस्ट नवीन कुमार, जीएनएम रवि कुमार, सुमन रानी एएनएम सीमा कुमारी, सदानंद भारती, कपूर चंद सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## देसी शराब बिक्री मामले में एक वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी।** नावकोठी पुलिस ने समसा से एक शराब कारोबारी तथा महेशवाड़ा से एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार शराब कारोबारी समसा वार्ड संख्या 11 के पुराण पासवान का पुत्र सुरेश पासवान तथा महेशवाड़ा के उधो सिंह का पुत्र राजीव सिंह है। सूचना मिली कि समसा में सुरेश पासवान देसी चुलाई शराब का बिक्री करता है। सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस पदाधिकारी युगल किशोर मंडल को दलबल के साथ भेजा गया। सूचना स्थल पर छापामारी के क्रम में प्लास्टिक के जार में 08 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई तथा कारोबारी सुरेश पासवान को हिरासत में ले लिया। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के सुसंगत धारा के तहत कांड अंकित किया गया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत परिवार संपर्क अभियान कार्यक्रम सम्पन्न




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गुरुवार को लहेरियासराय टावर स्थित क्षेत्र में परिवार संपर्क अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान के माध्यम से स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर राष्ट्रहित एवं सामाजिक समरसता के संदेश का संप्रेषण किया। इस अवसर पर दरभंगा के भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना ने स्वयंसेवकों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि संघ द्वारा चलाया जा रहा यह संपर्क अभियान समाज में संगठन, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सशक्त करेगा। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष समाज के सभी वर्गों से व्यापक संपर्क एवं संवाद का अवसर लेकर आया है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र निर्माण के कार्यों को गति प्रदान करना है। स्वयंसेवकों ने परिवारों से संवाद के दौरान उन्हें सेवा कार्यों, सामाजिक दायित्वों एवं राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया। शताब्दी वर्ष को समाजहित के महत्वपूर्ण योगदानों से विशेष बनाने का संकल्प भी दोहराया गया। कार्यक्रम में नगर कार्यवाह राजीव झा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभयानंद झा, राजेश रंजन, जिला कोषाध्यक्ष संतोष सिंह, वीरेंदर पासवान, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों की सहभागिता रही।

# डीएम ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की ली जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में गुरुवार को जिला पदाधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में तकनीकी टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य रूप से जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान प्रगति की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यों योजना की विस्तृत जानकारी ली गई। बैठक में योजना, स्वास्थ्य, भवन निर्माण, पथ निर्माण, विद्युत, ग्रामीण कार्य विभाग, पीएचईडी, सभी नगर परिषद एवं पंचायत, अल्पसंख्यक कल्याण, बुडको, एलएईओ सहित कई महत्वपूर्ण विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं में कार्य प्रारंभ है उनमें तेजी लाते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण किया जाये। साथ ही जो कार्य प्रारंभ किए जाने हैं, उसमें अविलंब अग्रेत्तर कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। जिला पदाधिकारी ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि विकास कार्यों के समय पर निष्पादन के लिए सभी विभागों आवश्यक समन्वय स्थापित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रत्येक विभाग समय-समय पर प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि कार्यों की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के विकास के लिए सभी विभागों की सक्रिय भूमिका अनिवार्य है और जाता जिला प्रशासन इस दिशा में हर संभव कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी जिला विकास प्रशाखा अररिया, जिला योजना पदाधिकारी अररिया, जिला कल्याण पदाधिकारी अररिया सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण अररिया, सभी संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्/नगर पंचायत, परियोजना निदेशक (असैनिक) बुडको अररिया सहित सभी कार्यपालक अभियंता एलएईओ, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, भवन निर्माण, पथ निर्माण, विद्युत आपूर्ति, ग्रामीण कार्य विभाग आदि उपस्थित थे।



## खलिहान में लगी आग, धान की फसल खाक

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज के चित्रसारी गांव में खलिहान में आग लग गई। आग लगी की घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा स्थानीय थाना को दिया गया। आसपास के लोगों ने मोटर पंप एवं बाल्टी से पानी बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग की लपटे काफी तेज थी। बुधवार रात्रि 8:00 बजे के आसपास चित्रसारी गांव के किसान कृष्ण यादव ने बताया कि आग लगी की घटना में लगभग चार बिगहा की फसल पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। इस आग लगी की घटना में लगभग एक लाख की आर्थिक नुकसान किसान को हुआ है।

# शहर के वार्ड सं- 1 में कच्ची सड़क से बढ़ी परेशानी

### सफाई का भी रहता है अभाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** नगर परिषद हमेशा अपने कार्यो को लेकर चर्चा में रहता है। हालांकि पहले से स्थिति बेहतर हुई है परंतु सफाई के मामले में सुधार की जरूरत है। कई मोहल्ले में विकास की दरकार है। नागरिक मलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। शहर के वार्ड सं-एक के मोहल्लों की सड़कें कच्ची दिखी। देखने से नहीं लगा कि ये शहर का हिस्सा है। मिसिर बिगहा, क्षत्रीय नगर में सड़क का अभाव है। नागरिकों को आवागमन करने में परेशानी होती है। कुछ बने हुए सड़क के गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड में कई ऐसे मोहल्ले हैं जहां लाइट की समस्या बनी हुई है। रात होने के बाद मोहल्ला अंधेरे में डूब जाता है। वार्ड की आबादी करीब 10 हजार की है। वार्ड की चौहदी की बात करें तो पूरब में वार्ड सं-दो, पश्चिम में एनएच-139, उत्तर में धबौल एवं दक्षिण में खैराबिंद पंचायत की गांव है। वार्ड की क्षेत्र में विकास की जरूरत है। नागरिक दिवाकर पासवान ने बताया कि जीटी रोड से मिसिर बिगहा आने वाली सड़क पूरी तरह से नहीं बना है। एनएच-139 से मिसिर बिगहा होते कर्मा रोड जाने वाली सड़क को भी बनवाया जाए। एक सामुदायिक भवन की जरूरत है। वोल्टेज की समस्या से नागरिक परेशान हैं। नागरिक अनिल कुमार ने बताया कि वार्ड में सफाई बेहतर ढंग से नहीं हो पाता है। छह माह में उक बार कर्मी सफाई करने पहुंचते हैं। यहां किसी का कोई ध्यान नहीं है। सफाई की कार्य में सुधार किया जाए।

## मोबाइल पुस्तकालय प्रदर्शनी का आयोजन

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार को नगर बाजार स्थित प्राथमिक उत्तरी विद्यालय में जेएनवी की ओर से मोबाइल पुस्तकालय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड पार्षद स्मिता गुप्ता ने बताया कि मोबाइल पुस्तकालय प्रदर्शनी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में अध्ययन एवं पठन-पाठन की रुचि को बढ़ावा है।

# फसल की उत्पादकता के सटीक आकलन को लेकर कृषि कर्मियों को दी गई क्राप कटिंग की ट्रेनिंग

## कृषि विभाग ने आयोजित किया कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** धनरूआ में कृषि विभाग के द्वारा फसलों की वास्तविक उत्पादकता का सटीक आकलन करने के लिए दो दिवसीय क्राप कटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने बताया कि फसल की उत्पादकता का सही आकलन करने के लिए वैज्ञानिक विधि अपनाना आवश्यक है। उन्होंने समझाया कि फसल प्रदर्शन वाले प्लॉट पर समबाहु त्रिभुज बनाकर सांख्यिकी विधि से क्राप कटिंग की जाती है। प्रशिक्षण में धनरूआ प्रखंड के सभी किसान सलाहकार, किसान कोऑर्डिनेटर, राजस्व कर्मी, तकनीकी सहायक, बीटीएम और एटीएम शामिल हुए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी एवं अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी भी शामिल रहे। गौरतलब है की प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि कार्यालय में कृषि कर्मियों के बीच क्रॉप कटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। सांख्यिकी पदाधिकारी ने प्रशिक्षण दिया, जिसमें मुख्य रूप से कृषि कर्मियों के बीच क्रॉप कटिंग पर चर्चा करते हुए प्रत्येक पंचायत के पांच-पांच खेसरा में यह क्रॉप कटिंग किए जाने की बात बतायी गयी। सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि इस क्रॉप कटिंग से क्षेत्र के पैदावार का आकलन किया जा सकेगा। यह प्रशिक्षण दो दिवसीय किया गया है पहले दिन थ्योरी के रूप में सभी कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया उसके बाद गुरुवार के दिन धनरूआ के किसान शिवबचन पासवान के खेत में जाकर प्रैक्टिकल राजस्व कर्मी और किसान सलाहकार को कटिंग के बारे में बताया गया।

# ड्यूटी से गायब रहने वाले एक सीएचओ समेत तीन एएनएम पर हुई कार्रवाई

## एक दिन के वेतन कटौती के साथ पूछा गया स्पष्टीकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** ड्यूटी से गायब रहने वाले सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र के एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को लगातार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा चेतावनी दी जा रही है कि कोई भी स्वास्थ्य कर्मी अपने ड्यूटी के प्रति लापरवाही न बरते, ऐसे में गुरुवार को भगवानगंज स्थित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर निरीक्षण के दौरान 1:00 केंद्र बंद पाया गया, जहां उस सेंटर के सीएचओ खुशबू कुमारी, एएनएम निशि कुमारी पर कारवाई करते हुए एक दिन का वेतन कटौती के साथ स्पष्टीकरण जारी किया गया है। इसके अलावा गोखुला स्वास्थ्य उपकेंद्र पर भी ड्यूटी के प्रति लापरवाह बनने वाले दो एएनएम जिसमें सीता कुमारी और नीतु कुमारी को एक दिन का वेतन कटौती करते हुए स्पष्टीकरण की कार्रवाई की गई है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुजन ने बताया की सुबह 9:00 बजे से 5:00 बजे तक सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र खुले रहने का निर्देश दिया गया है। आमजन की स्वास्थ्य सुविधा के लिए सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ड्यूटी के प्रति गंभीर बरते अन्यथा वैसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी इसके अलावा ड्यूटी पर तैनात सभी चिकित्सकों को भी यह निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने सेंटर पर निर्धारित समय पर मुस्तैद रहें ताकि आमजन को आपकी अनुपस्थिति के कारण असुविधा न हो।

# मसौढ़ी पावर सब स्टेशन में मेंटेनेंस को लेकर सभी फीडर की बिजली आपूर्ति दो घंटों के लिए रहेगी बाधित

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवददाता)।** विद्युत शक्ति उपकेंद्र मसौढी पावर सब स्टेशन मसौढी न्यू में मेंटेनेंस को लेकर सभी फीडर की बिजली आपूर्ति शुक्रवार को बंद रहेगी । दरअसल पावर सब स्टेशन से सभी फीडरो की बिजली आपूर्ति दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक बंद रहेगी, सहायक विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने बताया कि पावर सब स्टेशन में मेंटेनेंस का काम किया जाना है। इसको लेकर दो घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी, लोगों से अपील की है कि अपने काम के जरूरत के हिसाब से पानी का भंडारण कर लेंगे ताकि लोगों को कोई असुविधा ना हो सके। मसौढी न्यू पावर स्टेशन में मेंटेनेंस को लेकर के मसौढी के सभी फीडरों में चपौर फीडर, देवरिया फीडर, नियामतपुर फीडर के अलावा मसौढ़ी पूर्वी एवं मसौढी पश्चिम फीडर के विद्युत आपूर्ति दो घंटे के लिए बाधित रहेगी।

# रिटेल निवेशकों को निफ्टी 50 इंडेक्स से जुड़े भारतीय शेयर बाजार में निवेश का अवसर दे रहा स्बेरबैंक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** रूस के सबसे बड़े बैंक स्बेरबैंक और जेएससी फर्स्ट एसेट मैनेजमेंट ने एक नया म्यूचुअल फंड 'फर्स्ट इंडिया' लॉन्च किया है। यह फंड भारत के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रमुख इंडेक्स निफ्टी50 (एनएसईआई) पर आधारित है, जिसमें देश की टॉप 50 कंपनियों के शेयर्स शामिल होते हैं। इस फंड के जरिए रूस के रिटेल निवेशकों को भारत के शेयर बाज़ार में प्रत्यक्ष हिस्सेदारी का मौका मिलेगा। यह लॉन्च एनएसई में आयोजित एक कार्यक्रम में स्बेरबैंक के सीईओ और एग्जीक्यूटिव बोर्ड के चेयरमैन हरमन ग्रेफ द्वारा उनकी भारत यात्रा के दौरान किया गया। निफ्टी50 दुनिया भर के बाज़ार निवेशकों में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले इक्विटी इंडेक्स में से एक है। इसमें एनएसई में सूचीबद्ध 50 बड़ी और बेहद सक्रिय कंपनियों के शेयर्स शामिल हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के 15 अलग-अलग सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत में निफ्टी50 को ट्रैक करने वाले 45 से ज्यादा पैसिव फंड्स मौजूद हैं, जबकि भारत के बाहर ऐसे 22 पैसिव फंड्स ही चलते हैं। निफ्टी50 इंडेक्स साल 1996 में शुरू हुआ था और 22 अप्रैल, 2026 को इसके 30 साल पूर्ण हो जाएंगे। अशीष कुमार चौहान, एमडी और सीईओ, एनएसई, ने कहा 'हमें खुशी है कि हम स्बेरबैंक को निफ्टी50 से जुड़े इन्वेस्टमेंट सॉल्यूशन्स लॉन्च करने में सहयोग दे रहे हैं, जो पूंजी के प्रवाह को मजबूत करेंगे और रूस के निवेशकों के लिए भारत की इक्विटी ग्रोथ को एक भरोसेमंद बेंचमार्क के जरिए खोलेंगे। यह पहल भारत के बाज़ारों में मजबूत विश्वास को दर्शाती है और भारत एवं रूस की वित्तीय साझेदारी को और गहरा बनाती है। एनएसई स्बेरबैंक के साथ मिलकर बाज़ार कनेक्टिविटी बढ़ाने, नियमों और निवेशक-सुरक्षा मानकों को बनाए रखने और इन प्रोडक्ट्स के लिए लिक्विडिटी व पारदर्शिता तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि दोनों देशों के निवेशकों को नए अवसर मिल सकें।' हरमन ग्रेफ, सीईओ और चेयरमैन-एग्जीक्यूटिव बोर्ड, स्बेरबैंक, ने कहा, 'इस बार दक्षिण एशिया की ओर बढ़ते हुए, हम रूस के ग्राहकों के लिए निवेश के नए अवसर पेश कर रहे हैं। हमारा नया प्रोडक्ट भारतीय शेयर बाज़ार जैसे दुनिया के प्रमुख आर्थिक बाज़ारों में आसान तरीके से निवेश का मौका देता है। अब तक रूसी निवेशकों के पास भारतीय परिसंपत्तियों में व्यक्तिगत निवेश के सरल विकल्प उपलब्ध नहीं थे, लेकिन हमने दोनों देशों के बीच एक नया और प्रभावी वित्तीय मंच पेश किया है।

# यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रात में तारेगना रेल पुलिस ने की पेट्रोलिंग, सुरक्षा व्यवस्था हुई सख्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** देर रात को ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों की सुरक्षा को लेकर जीआरपी, एस्कॉर्ट पुलिस की पेट्रोलिंग टाइट हो गई है। पटना गया रेल खंड के सभी पैसेंजर ट्रेन, एक्सप्रेस ट्रेन की पेट्रोलिंग टाइट कर दी गई है। तारेगना रेल थानाध्यक्ष राजू कुमार दुबे ने बताया कि वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर तारेगना रेल पुलिस के द्वारा पीजी रेलखंड के सभी ट्रेनों में सुरक्षा को लेकर पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। दरअसल ठंड बढ़ते ही ट्रेनों में आपराधिक गतिविधियां बढ़ने की संभावनाएं बढ़ जाती है। जिसको लेकर देर रात तक ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों की सुरक्षा को लेकर भी एहतियात बरता जा रहा है। इसके अलावा वरीय रेल अधिकारियों ने बताया कि निर्देश दिया गया है कि जहां तक संभव हो एस्कॉर्ट पार्टी में एक अधीनस्थ अधिकारी होना चाहिए। इसकी अनुपस्थिति में कम से कम एक हवलदार एस्कॉर्ट टीम को लीड करे। साथ ही, एस्कॉर्ट पार्टी को मसलों के बारे में ड्यूटी ऑफिसर द्वारा विस्तार से जानकारी दी जानी चाहिए, जहां उनकी तैनाती की गई है। खासतौर पर क्षेत्र में सक्रिय अपराधी, असमाजिक तत्वों को लेकर साथ ही एस्कॉर्टिंग को लेकर कि वह क्या करें और क्या न करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि ज्यादातर एस्कॉर्टिंग दलों का नेतृत्व एसओ करें। ट्रेन में एस्कॉर्ट पार्टियों की प्रभावशीलता, सतर्कता को सुनिश्चित करने के लिए रास्ते में एस्कॉर्ट चेकिंग रात में 10 बजे से सुबह चार बजे के बीच तय की गई है। नए दिशानिर्देशों के तहत ड्यूटी ऑफिसर को स्टेशन से रात में 10 बजे से सुबह चार बजे के बीच एस्कॉर्ट पार्टी से ज्यादा से ज्यादा संपर्क साधना होगा।

# कोको कोला डिस्ट्रीब्यूटर से 90 हजार की ऑनलाइन ठगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में लगातार ऑनलाइन पेमेंट के नाम पर ठगी का मामला सामने आ रहा है। ऐसा ही एक मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कोकोकोला एजेंसी के डिस्ट्रीब्यूटर की है जहां जिसके साथ में 90 हजार की ऑनलाइन ठगी हो गई है। पीड़ित रवि कुमार पिता ओमप्रकाश सिंह रामनगर निवासी ने मसौढ़ी थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई हैं। दिए गए आवेदन में लिखा गया है कि हमारे कोकोकोला एजेंसी में काम करने वाले मार्केटिंग कर्मचारी नीतीश कुमार ने 200 किलनी वाटर बोतल का आर्डर लेकर आया और कहा कि जेल में कोई फंक्शन है वही पहुंचना है तो हमने उसके विश्वास पर उसे दे दिया और जब वह माल लेकर अनुमंडल चौराहा के पास पहुंचा तो फिर फोन आया कि पहले पेमेंट करना होगा उसके बाद वह माल जेल के अंदर जाएगा, तो सबसे पहले पे फोन गूगल पे फोन नंबर मांगा गया लेकिन हमारे पास कोई पे फोन नंबर नहीं था, तो उसने अकाउंट नंबर जो करंट अकाउंट वह मांगा गया, जब करंट अकाउंट मांगा गया तो उसे पर पहले 24500 भेजा उसके बाद फिर 90 हजार का फ्रॉड मैसेज भेजा और कहा कि गलती से 90 हजार चला गया है मुझे वह पैसा वापस कर दीजिए हम फिर दोबारा 9000 भेजेंगे फिर हम अपने भाई के अकाउंट के नंबर से 40000 और 50000 करके 90000 भेज दिया। फिर उसने दोबारा 90000 का फ्रॉड मैसेज भेजा कि आपके अकाउंट में फिर से गलती से चला गया है फिर दुबारा भेजे मुझे लगा कि मेरे साथ कुछ गलत हो रहा है मैं थाने पहुंचकर हमने उसे कहा की आकर कैश ले जाओ, इस तरह से 90000 की हमसे फ्रॉड कर लिया गया है पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हैं।

# 279 लीटर शराब समेत ई रिक्शा के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान लगातार एक्साइज पुलिस शराब माफियाओं को दबोचने में लगी हैं। ऐसे में बुधवार को पुनपुन थाना क्षेत्र के अलावलपुर गांव के समीप एक्साइज पुलिस की टीम ने दो ई रिक्शा पर लदे हुए 10-10 बडे पॉलिथीन में 160 लीटर एवं 119 लीटर कुल 279 लीटर देसी शराब के साथ शराब सप्लायर को गिरफ्तार किया है। जिसका नाम आकाश कुमार, पिता सत्यनारायण साह, आयुः- 20 वर्ष, ग्राम - नया टोला हसनपुर बॉर्डर, वैशाली का निवासी जबकि दूसरा शराब सप्लायर मोहम्मद जाहिद पिता स्व मोहम्मद जानुआव, दरगाह रोड सुलतानगंज का निवासी हैं। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि बेहरावां चकिया से पटना की ओर दो ई रिक्शा में 10 बडे पॉलिथीन में देसी शराब को भरकर ले जा रहा था। जिसे अलावलपुर गांव के पास से दोनो शराब सप्लायर को गिरफ्तार किया गया है।

## सर्पदंश से किशोरी की मौत

**पालीगंज।** थाना क्षेत्र के गुलीटाड़ गांव में शनिवार को एक दर्दनाक घटना हो गई, जहां सर्पदंश से 15 वर्षीय किशोरी अंजली कुमारी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अंजली घर में रखे रैक से तेल का डब्बा उतार रही थी। उसी दौरान रैक पर बैठे एक विषधर सांप ने उसे डंस लिया। परिजन तुरंत उसे इलाज के लिए पालीगंज अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अंजली की मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मां सहित परिजनों की हालत खराब है। पूरे गांव में शोक का माहौल छा गया है।

# अतिक्रमण पर चला नप प्रशासन का बुलडोजर

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवददाता)।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर सातवें दिन गुरुवार को नप प्रशासन ने सगुना मोड से रूपसपुर नहर आरओबी तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद नगर परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग सगुना मोड से रूपसपुर नहर आरओबी तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. जिससे अतिक्रमणाकारियों के बीच हडकंप मच गया . घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है प्रशासन ने कई जगहों पर अवैध रूप से लगाये गये ठेले, टेबल, दुकानों के आगे फैले सामान व पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई.अतिक्रमणकारियों से 12हजार रूपये जुर्माना वसूला गया है. अभियान नप के ईओ पंकज कुमार व ईओ (व्यवस्था) रवि कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान में पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ सगुना मोड से रूपसपुर नहर आरओबी तक सडक के किनारे से अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का अयोजन

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवददाता)।** राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के उद्देश्य से लक्ष्य कार्यक्रम के तहत जिलें के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को लक्ष्य प्रमाणीकरण के रूप में शामिल करने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का अयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर का उदघाटन सिविल सर्जन डा अविनाश कुमार ने करते हुए बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों का लक्ष्य प्रमाणीकरण किया जाना है.अभी तक जिले के अस्पताल में लक्ष्य प्रमाणीकरण नहीं किया गया है . जबकि अब अन्य स्वास्थ्य केंद्रों का लक्ष्य प्रमाणीकरण करने का लक्ष्य है. शिविर में सहयोगी संस्था के कर्मी सहित जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, बीएचएम व प्रसव कक्ष की प्रभारी सहित कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे .स्वास्थ्य केंद्रों में रख-रखाव की अद्दतन स्थिति को बेहतर करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा--711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **सीनि. डीईएन/4/हावड़ा : क्रमांक 1, ई-निविदा सं. 202_2025-26, दिनांक 03.12.2025. कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधीन एईएन/रामपुरहाट के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/रामपुरहाट के अधीन रामपुरहाट में मार्शलिंग यार्ड का सुधार। **अनुमानित लागतः** रु. 1,49,06,791.21; **बयाना राशिः** रु. 2,24,500। **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 06 (छह) महीने। **क्रमांक 2, ई-निविदा सं. 203_2025-26, दिनांक 03.12.2025. कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधीन एईएन/रामपुरहाट के अधिकार क्षेत्र में एसईई/पी.वे/पाकुड़ के अधीन पाकुड़ में मार्शलिंग यार्ड का सुधार। **अनुमानित लागतः** रु. 1,19,31,065.20; **बयाना राशिः** रु. 2,09,700। **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 06 (छह) महीने। **क्रमांक 3, ई-निविदा सं. 204_2025-26, दिनांक 03.12.2025. कार्य का विवरणः** हावड़ा मंडल में लिफ्टिंग बैरियर टाइप नॉन इंटरलॉक्ड एल.सी. गेट असेम्बली के रखरखाव एवं ओवरहॉलिंग के साथ आवश्यक मरम्मत तथा अपेक्षित फीटिंगों का प्रतिस्थापन। **अनुमानित लागतः** रु. [illegible],67,[illegible]24.62; **बयाना राशिः** रु. 1,15,400। **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** प्रत्येक के लिए 26.12.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान ऊपर उल्लेखित वेबसाइट के जरिए सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-431/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in/indianrly पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @easternrailway @EasternRailway


# मसौढ़ी में मशरूम की खेती कर 'आत्मनिर्भर' बन रहीं महिलाएं

## रिटायर्ड फौजी सीताराम दे रहे प्रशिक्षण

शशि तुलस्यान / नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के विभिन्न गांवों में इन दिनों मशरूम महिलाओं के लिए रोजगार का जरिया बन गया है। एक हद तक महिलाएं खुद को आत्मनिर्भर भी बना रही हैं। ग्रामीण इलाकों की कई महिलाएं वर्टिकल खेती के सहारे घर पर ही मशरूम की खेती कर रही हैं। ऐसी कई महिलाएं जो कुछ सालों पहले अपने घरों में चूल्हा-चौकी तक सिमटी रहती थीं, वे अब घर चलाने में आर्थिक रूप से भी सहयोग कर रही हैं।महिलाएं मशरूम की खेती कर अपना किस्मत संवार रही हैं। सभी महिलाओं को मशरूम की खेती एक रिटायर्ड फौजी सीताराम सिंह सिखा रहे हैं। मसौढ़ी के जगपुरा गांव में दर्जनों महिलाएं इन दिनों मशरूम की खेती सीख रही हैं। घरों में मशरूम का उत्पादन भी कर रही हैं। इससे उन्हें अच्छी आमदनी भी हो रही है। सीताराम सिंह बताते हैं, अब गांव में इन महिलाओं को देख कर अन्य महिलाएं भी प्रेरणा ले रही हैं। बाजार में मशरूम 250 रुपए किलो की दर से बेच भी रही हैं। जगपुरा गांव में इन दिनों महिलाएं स्वावलंबी होने की राह पर निकल पड़ी हैं। वर्टिकल खेती के सहारे अपने ही घरों में मशरूम की खेती कर अच्छी आमदनी कर रही हैं। सीताराम सिंह सभी महिलाओं को मशरूम की खेती करना सिखा रहे हैं। जगपुरा गांव की पूनम देवी, सरस्वती देवी, सुशीला देवी, रुकमणी देवी समेत कई महिलाएं मशरूम की खेती का प्रशिक्षण लेकर अपने ही घरों में मशरूम उगा रही हैं और कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमा रही हैं। उन्होंने बताया कि गांव-गांव में जाकर महिलाओं को हम मशरूम की खेती की ओर जागरूक कर रहे हैं और उन्हें प्रशिक्षण दे रहे हैं। ताकि, सभी महिलाएं स्वरोजगार की ओर उन्मुख हो सकें।रिटायर्ड फौजी सीताराम सिंह बताते हैं कि वह राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय से मशरुम की खेती का प्रशिक्षण लेकर पिछले 15 सालों से गांव-गांव की महिलाओं को जागरूक कर रहे हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर स्वरोजगार की ओर उन्मुख कर रहे हैं, अब तक 100 से अधिक महिलाओं को मशरूम की खेती को लेकर जागरूक कर चुके हैं।

# प्रधान सचिव ने मंडई वीयर परियोजना का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के मोदनगंज प्रखंड क्षेत्र में मंडई वीयर परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु गुरुवार को प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग बिहार श्री संतोष कुमार मल्ल द्वारा जिला पदाधिकारी जहानाबाद अलंकर्ता पाण्डेय के नेतृत्व मे मोदनगंज प्रखंड अंतर्गत मंडई वीयर परियोजना से आच्छादित एवं क्रियानवित विभिन्न क्षेत्र मे कार्य के प्रगति हेतु विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया।

प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग बिहार द्वारा सर्वप्रथम मोदनगंज प्रखंड टंडवा बेतरनी अंतर्गत जलालपुर मौजा का निरीक्षण किया गया तथा टंडवा बेतरनी के रैयतो एवं भू स्वामीयो से मंडई वीयर परियोजना भूमि अधिग्रहण हेतु मुआवजे की राशि एवं कागजातो के लिए वार्तालाप किया गया। इसके अतिरिक्त सकरौडा गांव, शादीपुर गांव मे, विमलपुर गांव मे, बडकी अकोना गांव मे एवं मिल्की गांव का निरीक्षण किया गया। सभी स्थानों पर कैंप लगा हुआ पाया गया, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग बिहार द्वारा अंचल अधिकारी मोदनगंज को निर्देश दिया कि भू स्वामी / रैयतो से भूमि अधिग्रहण हेतु सभी कागजात उपलब्ध कर कार्यालय को जमा करे ताकि ससमय मुआवजे का भुगतान किया जा सके। उन्होंने बताया कि जल संसाधन विभाग बिहार द्वारा मंडई वीयर परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु कुल 31.81 करोड़ स्वीकृति दे दी गई है, जो शीघ्र कागजातो को पूरा होते ही मुआवजे का भुगतान किया जाएगा।

प्रधान सचिव ने अंचल अधिकारी मोदनगंज को निर्देश दिया गया कि मंडई वीयर परियोजना अंतर्गत प्रभावित रैयतो को चलाए जा रहे कैंप में एल.पी.सी. त्वरित गति से निर्गत किया जाए। जिला पदाधिकारी जहानाबाद के द्वारा बताया गया कि अर्जित भूमि के विरुद्ध मुआवजा प्राप्त करने हेतु प्रभावित रैयतों को नोटिस निर्गत किया जा रहा है साथ ही नोटिस वितरण किया जा रहा है। प्रधान सचिव ने कार्यपालक अभियंता सिंचाई विभाग को निर्देश दिया है कि वह सभी रैयतों/ भू स्वामीयो को तेजी से तामीला करवाएं एवं घर-घर जाकर नोटिस वितरण का काम जल्द से जल्द कराये। प्रधान सचिव के द्वारा जिला भू अर्जन पदाधिकारी जहानाबाद को निर्देश दिया गया कि निर्धारित कैंप स्थल पर ससमय उपस्थित रह कर त्वरित मुआवजा भुगतान की कार्रवाई नियम अनुसार करवाना सुनिश्चित करें, ताकि मंडई वीयर परियोजना कार्य संपन्न हो सके।

# निर्धारित समय के भीतर सभी निर्माण कार्यों को करें पूर्ण : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में तकनीकी विभागों, नीति आयोग एवं एससीए, डीओसी, सीएसआर तथा डीएमएफटी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पंचायत सरकार भवन निर्माण की विस्तृत समीक्षा की गई। इस क्रम में भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, तथा एलएईओ के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण करें। जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, एलएईओ को आकांक्षी जिला कार्यक्रम तथा डीएमएफटी योजनान्तर्गत लंबित योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद को सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत चापाकलों के अधिष्ठापन कार्य को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद को आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत चेक डैम निर्माण कार्य को समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया गया। बिहार महादलित विकास मिशन अंतर्गत सामुदायिक विकास भवन सह वर्कशेड निर्माण कार्य के संबंध में जिला कल्याण पदाधिकारी को स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के कार्यपालक अभियंता से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य को पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया। अतिरिक्त रूप से जिलाधिकारी द्वारा सभी कार्यकारी एजेंसियों को रॉयल्टी एवं मालिकाना शुल्क समय पर जमा करने तथा सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर नियमानुसार पूर्ण कराते हुए उपयोगिता प्रमाण-पत्र (यूसी) यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिला कल्याण पदाधिकारी, खनिज विकास पदाधिकारी, डी.पी.एम. (हेल्थ), कार्यपालक अभियंता- स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, ग्रामीण कार्य विभाग (औरंगाबाद एवं दाउदनगर), पीएचईडी भवन प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, लघु सिंचाई प्रमंडल, सिंचाई प्रमंडल (दाउदनगर), विद्युत आपूर्ति प्रमंडल (औरंगाबाद एवं दाउदनगर), विद्युत भवन प्रमंडल (गया) तथा उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, औरंगाबाद के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दवा दुकान व दो अवैध क्लिनिकों को किया सील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने अवैध क्लिनिकों और मेडिकल के खिलाफ अभियान शुरू की गई है। इसी क्रम में गुरुवार को नबीनगर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई की गई और अवैध पाए गए मेडिकल और क्लीनिकों को सील कर दिया गया। इस कार्रवाई के फ़लवरूप जनकपुर पोखरा के समीप आयान मेडिकल, डॉ वसीम क्लीनिक, तेतरिया मोड़ के समीप शशि क्लिनिक एवं भवानों के खिलाफ कार्रवाई की गई जिसमें अवैध पाए जाने पर सभी को सील कर दिया गया। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि अवैध क्लीनिक व अस्पताल का संचालन किसी भी दशा में नहीं होगा। नवीनगर में अवैध रूप से संचालित दो मेडिकल एवं दो क्लिनिक को सील कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि तत्काल ही यदि अवैध क्लीनिक, अस्पतालों का संचालन नहीं बंद होता है तो संचालकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। शहर से गांव देहात तक गली-मोहल्लों में झोलाछाप और क्लीनिक संचालित हैं। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि नवीनगर में कई झोलाछाप बिना डिग्री के मरीजों का इलाज कर रहे हैं और लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने औचक कार्रवाई का फैसला लिया। कार्रवाई की जानकारी जैसे ही नगर में फैली तब कई झोलाछाप अपने क्लीनिक के शटर गिराकर मौके से फरार हो गए। कुछ ने तो बोर्ड तक उतार दिए। विभागीय टीम ने कई क्लीनिकों की जांच भी की और जरूरी दस्तावेजों की पड़ताल की। डॉक्टर देवेश चौधरी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में नवीनगर बीडीओ, थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय सहित अन्य शामिल थे।

# अध्यक्ष पद के लिए दो व सदस्य के लिए 20 लोगों ने किया नामांकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड के महाराजगंज पैक्स के लिए होने वाले चुनाव को लेकर नामांकन के अंतिम दिन गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए दो और सदस्य पद के लिए 20 अभ्यर्थियों ने नामांकन पर्चा भरा है। इसके पहले बुधवार को शुरू दिन सिमरी कला गांव निवासी सक्रिय समाजिक कार्यकर्ता शैलेंद्र कुमार सिंह के पिता योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने अपना नामांकन पर्चा दायर किया था। बीडीओ सह प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी प्रियांशु बसु ने बताया कि दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष विनिता देवी एवं पूर्व मुखिया नीलम देवी ने नामांकन की है। इसी तरह से सामान्य सदस्य पद के लिए सुमन देवी, अजय कुमार सिंह, शकुंतला देवी,अमित कुमार ,मनोज यादव, अरूंजय कुमार, रवि कुमार मेहता, पार्वती देवी व रानी कुमारी ने नामांकन पर्चा भरा है। पिछड़ा वर्ग सदस्य पद के लिए मंजू देवी, भीम मेहता, अजीत कुमार व सरिता कुमारी, अति पिछड़ा वर्ग सदस्य पद के लिए प्रहलाद ठाकुर, मुकेश कुमार ठाकुर, मीरा देवी तथाअनुसूचित जाति सदस्य पद के लिए आरती देवी, दिलीप राम, जितेंद्र पासवान व सुनीता देवी ने नामांकन की है। उन्होंने बताया कि अभी तक कुल मिलाकर अध्यक्ष पद के लिए तीन और कोटिवार सदस्य पद के लिए 20 यानी कुल 23 अभ्यर्थियों ने नामांकन पर्चा भरा है। आज शुक्रवार और कल शनिवार को नामांकन प्रपत्र की स्क्रूटिनी कराई जाएगी। अगले सप्ताह में 9 दिसंबर को नाम वापसी के साथ अभ्यर्थियों को प्रतीत चिन्ह आवंटित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर को पूर्वाह्न 7:30 बजे से लेकर अपराह्न लेकर 4:30 बजे तक मतदान होगा। इसके पश्चात उसी दिन संध्या में वोटों की गिनती की जाएगी।

# अंतिम पंक्ति के लाभुकों तक पहुंचे विकास योजनाओं का लाभ : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला परिषद एवं पंचायती राज से संबंधित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला परिषद द्वारा संचालित योजनाओं, पंचायती राज विभाग की प्रगति, पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य, वर्ष 2025-26 की लक्ष्य प्राप्ति, वित्तीय व्यय तथा भौतिक उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर विभागीय अधिकारियों से बिंदुवार जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर चल रही सभी विकासात्मक योजनाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए तथा स्वीकृत योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से लंबित प्रस्तावों के निष्पादन, निधि व्यय में पारदर्शिता, पंचायत सरकार भवनों के निर्माण की गति, मनरेगा कार्यों की प्रगति, तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की वास्तविक उपलब्धियों पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पंचायत सचिव नियमित रूप से फील्ड विजिट कर कार्य की प्रगति का सत्यापन सुनिश्चित करें। साथ ही आवश्यकतानुसार समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए कार्यों में अनावश्यक विलंब को हर हाल में रोका जाए। बैठक में योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई तथा आगामी कार्ययोजना भी निर्धारित की गई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के लाभुक तक पहुंचाना प्राथमिकता है और इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारी पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# उन्थू मध्य विद्यालय से सीखें शैक्षणिक वातावरण में सुधार के गुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद में 15 दिनों के अंदर शैक्षणिक वातावरण में सुधार का आदेश**

**औरंगाबाद।** जिले के सभी प्रारंभिक विद्यालयों को शैक्षणिक वातावरण सुधारने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा नया निर्देश जारी किया गया है। यह आदेश जिला पदाधिकारी औरंगाबाद के निर्देश के बाद जारी किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी औरंगाबाद द्वारा जारी पत्र के अनुसार सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय उन्थू का निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था विभागीय प्रावधानों के अनुरूप है। निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक है, सभी कक्षाओं का संचालन समय-सारणी के अनुसार हो रहा है और विद्यालय में आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध हैं। पत्र में कहा गया है कि मध्य विद्यालय उन्थू को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया गया है और इसी संदर्भ में जिले के सभी प्रारंभिक विद्यालयों के प्रधान शिक्षक, प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया है कि वे इस विद्यालय का भ्रमण करें और अगले 15 दिनों के भीतर अपने-अपने विद्यालयों में इसी स्तर का शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करें। आदेश में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि निर्धारित अवधि के बाद निरीक्षण के दौरान यदि किसी विद्यालय में कमी पाई जाती है तो संबंधित शिक्षकों पर विभागीय नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इस निर्देश को जिले में शिक्षा सुधार की दिशा में एक कठोर लेकिन आवश्यक कदम माना जा रहा है।

# शहीद जवानों को किया याद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** टंडवा थाना परिसर में शनिवार को नक्सलियों के लैंडमाइंस विस्फोट में शहीद हुए थानाध्यक्ष अजय कुमार एवं बीएमपी के सात जवानों का शहादत दिवस मनाया गया। बीते 3 दिसंबर 2013 को नवीनगर से टंडवा जाने के दौरान सिंचाई कॉलोनी के समीप मुख्य सड़क में लैण्डमाइंस विस्फोट में नक्सलियों ने बम विस्फोट कर थानाध्यक्ष एवं जवानों सहित पुलिस जीप को उड़ा दिया था, जिसमें टंडवा के तत्कालीन थानाध्यक्ष एवं उनके साथ बीएमपी के जवान घटनास्थल पर ही शहीद हो गए थे। सर्वप्रथम दो मिनट का मौन रखकर शहीद हुए थानाध्यक्ष एवं जवानों को थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह, एसआई निधी कुमारी, एएस आई रघुनंदन अभिषेक, एएसआई रुपेश कुमार सिंह, एएसआई राजीव कुमार, चांदनी कुमारी, भाजपा महिला नेत्री उपाध्यक्ष आभा देवी सहित अन्य पुलिस जवानों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उपस्थित लोगों ने शहीद थानाध्यक्ष के क्रियाकलाप एवं वीरता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने शहीदों के शहादत को याद करते हुए कहा कि शहीद जवानों की शहादत को याद करना हम सब का कर्तव्य है। शहीदों का सम्मान किए बिना भारत माता का सम्मान करने की कल्पना नहीं की जा सकती है। यूं कहा जाए कि शहीदों का सम्मान ही सच्ची राष्ट्र पूजा है।

# अतिक्रमण करने वाले 20 दुकानदारों से वसूला जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला प्रशासन के निर्देश पर गुरूवार को अवैध कब्जा हटाने के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान बुलडोजर से शहर के रमेश चौक से धर्मशाला तक अतिक्रमण हटाया गया और अतिक्रमणकारियों पर जुर्माना लगाया गया। सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त करने के उद्देश्य से नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम निकली और रमेश चौक से लेकर धर्मशाला तक अभियान चलाया। इस दौरान फुटपाथी दुकानदारों में हड़कंप मच गया और सभी अपने अपने दुकानों को हटाने में जुट गए, लेकिन इसके बावजूद भी 20 अतिक्रमणकारियों से जुर्माने वसूल लिए गए। नगर परिषद के पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त करना नगर परिषद की पहली प्राथमिकता है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के आदेश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटना जाएगा। शहर को हर हाल में अतिक्रमण से मुक्त कराना है। हालांकि अब अतिक्रमण को लेकर विभाग सख्त है। पहले अतिक्रमण हटते ही सड़कों पर फिर से अतिक्रमण कर दिया जाता था, लेकिन अब हटाने के बाद प्रतिदिन नजर रहती है। कई दुकानों को उजाड़कर फेंका भी गया है। बिहार में नई सरकार के गठन के बाद अतिक्रमणकारियों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। जिला प्रशासन पूरी तरह सख्त दिख रही है। इस दौरान जब पुलिस दुकान हटाने लगी तो पदाधिकारी व दुकानदार के बीच बहसबाजी हुई। जब पुलिस व अधिकारी सड़क पर उतरें तो जल्दीबाजी में सभी लोग दुकान हटाने लगे। नगर परिषद के कर्मी दुकान उठाने लगे तो दुकानदारों से बहसबाजी होने होगी। उनलोगों द्वारा समय मांगा जा रहा था। कर्मियों का कहना है कि पिछले सात दिनों से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। इसके बावजूद भी लापरवाही बरती जा रही है। इस दौरान दर्जनों दुकानदार से जुर्माना वसूला गया। इस दौरान नगर थाना के दारोगा उमेश कुमार यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। इस दौरान 20 फुटपाथी दुकानदारों से नगर प्रशासन की ओर से जुर्माना वसूला गया है। हालांकि दुकानदारों में इसका विरोध भी बताया। कहा कि दिन भर में 500 रूपये कमाई नहीं होता है, लेकिन 500 रूपये जबरन जुर्माना वसूल किया जा रहा है। अभियान के दौरान दुकानदारों को सड़क पर बने नाली के पीछे रहने को कहा गया, लेकिन अतिक्रमण हटाए जाने के कुछ देर के बाद फुटपाथी दुकानदार फिर से नाली के आगे सड़क पर आ गए। इस बीच फुटपाथ फ़ेरी संघ के अध्यक्ष शशि सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन का अतिक्रमण हटाओ अभियान नही है यह गरीब हटाओ अभियान है। गरीबों को तंग किया जा रहा है। जबरदस्ती बरगलाकर जुर्माना वसूला जा रहा है। पूरे शहर में जो पूंजीपतियों के बड़े बड़े मॉल, व्यवसायिक प्रतिष्ठान है, असली अतिक्रमण उनलोगों की ओर से किया जा रहा है, लेकिन उनलोगों पर कोई कार्रवाई नही होगी। इसका मुख्य कारण सड़कों पर फुटपाथी दुकानदारों से नहीं बल्कि बड़े बड़े पूंजीपतियों की ओर से सड़कों पर लगाये गए वाहनों से है। अगर इस पर कार्रवाई नही नही तो फुटपाथी संघ आंदोलन करेगी।

# औरंगाबाद में नकली दवा के कारोबार का भंडाफोड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में बड़े पैमाने पर चल रहे नकली दवा के कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। औरंगाबाद पुलिस व ब्रांड प्रोटेक्शन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की संयुक्त टीम ने टाउन थाना क्षेत्र के एक मार्केट के बेसमेंट में छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली दवाओं और कॉस्मेटिक की खेप बरामद की है। कार्रवाई की भनक लगते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। जांच टीम जब मौके पर पहुंची तो दुकानों के शटर बंद मिले और बाहर हाई-रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाये गये थे। जैसे ही टीम अंदर दाखिल हुई, मल्टीनेशनल कंपनियों के नकली दवा व कॉस्मेटिक प्रोडक्टों का पहाड़ देखकर अधिकारी दंग रह गये। ब्रांड प्रोटेक्शन सर्विसेज के फील्ड ऑफिसर मजाज अहमद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि फारम के समीप इंडियन पेट्रोल पंप के सामने एक घर के तहखाने में नकली उत्पादों का बड़ा गोदाम चलाया जा रहा है। सूचना पर नगर थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और मौके से एरिस ओकनेट कंपनी की दवा एमरोलस्टार, एलायंस फार्मा का निजरल शैम्पू, बी-वन कंपनी की टेविब्रा, टॉरेंट फार्मा का आहाग्लो जेल, हिमालया की नीम फ़ेसवॉश सहित कई ब्रांडेड कंपनियों के नकली उत्पाद बरामद किये। सभी सामानों को जब्त कर लिया गया है। मौके से हजारों की संख्या में नकली रैपर, खाली बोतल, ढक्कन और पैकेजिंग मटेरियल भी बरामद किया गया है। जांच में पता चला है कि यह गिरोह बिहार के औरंगाबाद, गया, मधेपुरा से लेकर मध्यप्रदेश के ग्वालियर तक सक्रिय है। नकली पैकिंग के लिए रैपर दिल्ली से मंगाये जाते थे। नकली दवाओं की बिक्री ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से की जा रही थी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि करोड़ों के इस कारोबार से आम लोगों की सेहत पर कितना बड़ा खतरा मंडरा रहा था।

# विधि विरुद्ध किशोर को सामुदायिक सेवा की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए रिसियप थाना कांड संख्या 129/2022 तथा जेजेबी वाद संख्या 540/2025 में सुनवाई के दौरान विधि विरुद्ध किशोर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिसियप में 15 दिनों तक सामुदायिक सेवा करने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई प्रधान दंडाधिकारी सह एसिजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने की। इस मामले में प्राथमिकी सूचक पंचु कुमार, निवासी रिसियप ने आरोप लगाया था कि विधि विरुद्ध किशोर ने 03 नवम्बर 2022 और 05 नवम्बर 2022 को अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर गाली-गलौज और मारपीट की थी। मामले की जांच और सुनवाई के बाद किशोर न्याय बोर्ड ने सुधारात्मक दंड के रूप में सामुदायिक सेवा का आदेश पारित किया। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिसियप को किशोर का नाम, पता और सेवा अवधि सार्वजनिक नहीं करने होंगे। साथ ही, किशोर न्याय बोर्ड ने स्वास्थ्य केंद्र को निर्देश दिया है कि निर्धारित अवधि में किशोर के व्यवहार, अनुशासन और आचरण से संबंधित प्रतिवेदन तैयार कर बोर्ड में प्रस्तुत किया जाए।

# पुल निर्माण में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों ने किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** 16 करोड़ की लागत से बने रहे पुल के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगा ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। मामला कुटुंबा प्रखंड के मोहन बिगहा गांव के पास बटाने नदी का है। दरअसल बटाने नदी पर मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना के तहत पुल का निर्माण कराया जा रहा है। पुल बनने से कुटुंबा और बारून प्रखंड के दर्जनों गांव के लोगों को आवाजाही में सहूलियत होगी। कुमार और राय कंस्ट्रक्शन को पुल निर्माण का कांटेक्ट मिला है। आरोप है कि निर्माण एजेंसी की ओर से पुल निर्माण में घटिया मेटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है। नदी से अवैध खनन कर मिट्टी युक्त बालू निकाला जा रहा है। निर्माण एजेंसी की ओर से बालू को बेस कैंप के पास स्टॉक किया गया है। इसी बालू का इस्तेमाल पुल का बेस बनाने में किया जाना है। ग्रामीणों का कहना है की घटिया पदार्थ का इस्तेमाल करने से पुल की मजबूती पर असर पड़ेगा। आए दिन कई जगहों पर पुल टूटने की खबरें सुनने को मिलती है। ग्रामीणों के द्वारा इसकी शिकायत खनन विभाग के अधिकारियों से भी की गई। सूचना पर रिसियप पुलिस के साथ खनन विभाग की टीम कार्यस्थल पर पहुंची तथा संवेदक को फटकार लगाते हुए नदी से बालू उठाव नहीं करने का निर्देश दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि फिलहाल खनन विभाग की ओर से कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर मामले में एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी। कार्यस्थल पर पहुंचे रिसियप पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पुट्टू यादव ने बताया कि जिस स्थान पर पुल का निर्माण कराया जा रहा है, वहां से पूर्व दिशा की ओर से निर्माण एजेंसी की ओर से बालू का खनन किया जा रहा है जबकि उस स्थल पर छठ पूजा के दौरान लोग अस्थाई घाट का निर्माण कर भगवान सूर्य की उपासना करते हैं। छठ पर्व के दौरान इस छठ घाट पर आसपास के दर्जनों गांव के सैकडों लोग पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं। यहां से बालू का उठाव करने से लोगों को परेशानी हो सकती है। वहीं, ग्रामीण विक्की कुमार ने बताया कि ठेकेदार की ओर से निर्माण कार्य में अनियमितता बरता जा रहा है, जिसकी शिकायत हम लोगों की ओर से खनन पदाधिकारी को की गई थी। कार्रवाई का आश्वासन मिला है। संवेदक अनुज कुमार सिंह ने कहा कि पूर्ण निर्माण का कार्य अभी शुरू में नहीं हुआ है। फिलहाल डायवर्सन बनाने का काम शुरू है। नदी में काम हो रहा तो खुदाई करने पर बालू ही निकलेगा जिसे पास में ही स्टॉक किया गया है। ग्रामीणों को लगाकर पुल निर्माण में इसी बालू का इस्तेमाल किया जाएगा जिसे लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। उन्होंने अभी आरोप लगाया कि कुछ ग्रामीण काम मांगने आए थे। मना करने पर साजिश के तहत घटिया मेटेरियल का इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाकर हंगामा करना शुरू कर दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार
नवबिहार टाइम्स
एक अखबार, पूरा बिहार
राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध
अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें
9334115121/8540866721/8789755505
पटना कार्यालय
द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स
आशियाना-दीघा रोड, पटना-13
मो0-6206165107
7004534093